वर्ष : 06 अंक : 341

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

सोमवार, 17 जून 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### दिल्ली जल संकट आम आदमी पार्टी सरकार की देन : बांसुरी

**नयी दिल्ली।** भीषण गर्मी और राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे जल संकट के बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने रविवार को पानी की कमी को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ 14 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली के सभी सात नवनिर्वाचित संसद सदस्य इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुये। नयी दिल्ली से लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज ने दिल्ली जल बोर्ड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया, 'यह कोई प्राकृतिक समस्या नहीं है, इसे आम आदमी पार्टी ने पैदा किया है। दिल्ली में पर्याप्त पानी है और हरियाणा सहमति से ज्यादा पानी दे रहा है।' उन्होंने दावा किया, 'केवल 10 वर्षों में आप ने दिल्ली जल बोर्ड को 2013 में 600 करोड़ रुपये के मुनाफे वाली इकाई से 2024 में 73,000 करोड़ रुपये के घाटे में पहुंचा दिया है।'

### मणिपुर में आया 3.5 तीव्रता का भूकंप

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी इलाके में रविवार की दोपहर बाद 3.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और लोगों में दहशत फैल गई। मणिपुर के कांगपोकपी में रविवार को 13 बजकर 21 मिनट 30 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र जमीन में 25 किलोमीटर नीचे और भूकंप का एपीक सेंटर 24.99 उत्तरी अक्षांश तथा 93.96 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने देशवासियों को दी ईद-उल-जुहा की बधाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में कहा है,₹ईद-उल-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों और विदेशों में रहने वाले भारतीयों, विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। ईद-उल-जुहा का पवित्र त्योहार त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। यह त्योहार हमें मानवता की निस्वार्थ सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर, आइए हम अपने राष्ट्र के विकास और कल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लें।

### जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में बोले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

# आतंकवाद के सफाये के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य पर आज नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसकी अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

● शाह ने सुरक्षा परिदृश्य पर नई दिल्ली में की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है, लेकिन हम इसको भी जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इनोवेटिव तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर एक मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया।

#### खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने पर जोर

केन्द्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय पर जोर देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और उनकी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को भारत सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

#### प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की सराहना की

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारत सरकार के प्रयासों से कश्मीर घाटी में आतंकी घटनाओं में महत्वपूर्ण कमी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का आना वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार को दिखाता है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने जम्मू और कश्मीर में रिकॉर्ड मतदान के साथ लोकसभा चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जम्मू और कश्मीर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की सराहना की।

#### बैठक में इनकी रही सहभागिता

बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, खुफिया सूचना ब्यूरो, सेनाध्यक्ष (नामित) लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के महानिदेशक, जम्मू और कश्मीर के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# अब खेतों में सालभर रहेगा पानी, तीन बार फसल उपजा सकेंगे किसान : चम्पाई सोरेन

संवाददाता

**सरायकेला।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार को सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में लाभुकों के बीच 54 करोड़ 42 लाख 46 हजार 498 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया। साथ ही 7000.759 लाख रुपये की 22 योजनाओं का उद्घाटन और 16709.805 लाख रुपये की लागत वाली 160 योजनाओं की आधारशिला रखी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ग्राम मतकमबेड़ा गांव को आदर्श गांव बनाएंगे। हमारे युवा वर्ग घर, समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आज मैं यहां के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे नशा पान से दूर रहें। नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। नशा नाश का कारण बनता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आपकी आशा, आकांक्षा और विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास कर रही है। जनहित से जुड़े कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरें, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। अब राज्य के किसानों के खेत में सालभर पानी रहेगा। वर्षभर खेत-खलियान हरा-भरा रहेंगे। अब राज्य के किसान वर्ष में तीन बार फसल उपजा सकें, इस निमित्त कई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपक बिरुआ, आयुक्त कोल्हान प्रमंडल हरि प्रसाद केसरी, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा एवं जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत तमाम पदाधिकारीगण मौजूद थे।

● 160 योजनाओं का शिलान्यास और 22 योजनाओं का किया उद्घाटन

● 54 करोड़ 42 लाख 46 हजार 498 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण



#### बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जल्द ही बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करेंगे और झारखंड प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे। अब प्रदेश के हर पंचायत में ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, जहां 24 घंटे दवाइयां उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी। हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ करने हेतु प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा।

## जनजातीय भाषा के शिक्षकों की जल्द होगी नियुक्ति : बिरुआ

संवाददाता

**रांची।** राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने निर्णय लिया है कि जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को अविलंब प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसलिए मंत्रिमंडल से हम लोगों ने स्वीकृति दी है। 20 जून तक इसका विज्ञापन आएगा और सभी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं में घंटी आधारित शिक्षक आवेदन दे सकेंगे। नियुक्ति मिलेगी और बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़ाई कर सकेंगे।

मंत्री ने कहा कि जनजातीय भाषा एकेडमी को भी जल्द मूर्त रूप देने का प्रयास किया जाएगा। पेसा ड्राफ्ट की समीक्षा की गई है। आने वाले दिनों में यहां के लोगों की बेहतरी के लिए उसे लागू करने का प्रयास किया जाएगा। अबुआ आवास योजना के तहत नौ लाख आवास की स्वीकृति मिलेगी। इसका लाभ यहां के जरूरतमंद लोगों को प्राप्त होगा। ग्राम गाड़ी योजना की समीक्षा की जा रही है ताकि जरूरतमंद के लिए पहचान पत्र जारी किया जा सके।



● 20 जून तक निकाला जायेगा विज्ञापन

● जनजातीय भाषा एकेडमी को भी जल्द मूर्त रूप देने का प्रयास किया जाएगा

### नीट परीक्षा विवाद पर बोले शिक्षा मंत्री

## एनटीए में सुधार की जरूरत, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एनटीए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा का विवाद अब काफी तूल पकड़ चुका है। परीक्षार्थियों और देशभर के युवाओं में रोष देखा जा रहा है। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के खिलाफ बड़े पैमाने पर हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी माना है कि नीट परीक्षा परिणाम में कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को संबलपुर ओडिशा में कहा, 'नीट के संबंध में दो प्रकार की अव्यवस्था का विषय सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी थी कि कुछ छात्रों को कम समय मिलने के कारण उन्हें ग्रेस नंबर दिए गए। दूसरा यह कि दो जगहों पर कुछ गड़बड़ियां सामने आई हैं। मैं छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त करता हूं कि इसे सरकार ने गंभीरता के साथ ले रही है।' उन्होंने आगे कहा, 'सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा पर 1,563 अभ्यर्थियों की पुनः परीक्षा कराने का आदेश दिया गया है। दो स्थानों पर कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं।

## 1 जुलाई से लागू होंगे नये आपराधिक कानून : मेघवाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को कहा कि नए आपराधिक कानून, अर्थात् भारतीय न्याय संहिता, भारतीय सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1 जुलाई, 2024 को लागू होंगे।

मेघवाल ने कहा, 'आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम बदल रहे हैं। उचित परामर्श प्रक्रिया का पालन करने और भारत के विधि आयोग की रिपोर्टों को ध्यान में रखते हुए, तीन कानूनों को बदल दिया गया है।'

मेघवाल ने कहा, 'तीनों कानून 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम से लागू किए जाएंगे। सभी राज्यों में तीन नए कानूनों के लिए प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।'

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरडी) इसके लिए प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारी न्यायिक अकादमियां, राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालय भी इसके लिए प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। सब कुछ साथ-साथ चल रहा है और 1 जुलाई से आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण ये तीनों कानून देश में लागू हो जाएंगे।'



#### भारतीय न्याय संहिता में अब 358 धाराएं होंगी

भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं होंगी (आईपीसी में 511 धाराओं के बजाय)। विधेयक में कुल 20 नए अपराध जोड़े गए हैं और उनमें से 33 के लिए कारावास की सजा बढ़ा दी गई है। 83 अपराधों में जुर्माने की राशि में अनिवार्य न्यूनतम वृद्धि की गई है। 23 अपराधों में सजा का प्रावधान किया गया है। छह अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का दंड पेश किया गया है और 19 धाराओं को विधेयक से निरस्त या हटा दिया गया है।

#### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं होंगी

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं (सीआरपीसी की 484 धाराओं के स्थान पर) होंगी। बिल में कुल 177 प्रावधान बदले गए हैं और इसमें नौ नई धाराओं के साथ ही 39 नई उपधाराएं जोड़ी गई हैं. मसौदा अधिनियम में 44 नए प्रावधान और स्पष्टीकरण जोड़े गए हैं। 35 अनुभागों में समय-सीमा जोड़ी गई है और 35 स्थानों पर ऑडियो-वीडियो प्रावधान जोड़ा गया है।

#### साक्ष्य अधिनियम विधेयक से कुल 14 धाराएं निरस्त

भारतीय साक्ष्य अधिनियम विधेयक से कुल 14 धाराएं निरस्त और हटा दी गई हैं, इसमें 170 प्रावधान होंगे (मूल 167 प्रावधानों के बजाय), और कुल 24 प्रावधान बदले गए हैं। विधेयक में दो नए प्रावधान और छह उप-प्रावधान जोड़े गए हैं और छह प्रावधान निरस्त या हटा दिए गए हैं।

### हवाई युद्ध अभ्यास | वायुसेना की टुकड़ी ने अलास्का में एक्सरसाइज 'रेड फ्लैग' में लिया हिस्सा

# भारतीय वायु सेना ने 100 से अधिक उड़ानें भरीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, जर्मनी और अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ एयर फोर्स बेस, अलास्का में हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास 'रेड फ्लैग' में हिस्सा लिया है। यह अभ्यास का दूसरा संस्करण था, जिसे अमेरिकी वायु सेना वर्ष में चार बार आयोजित करती है। चुनौतीपूर्ण मौसम और लगभग शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारतीय वायु सेना ने पूरे अभ्यास के दौरान 100 से अधिक उड़ानें भरकर सभी निर्धारित मिशन पूरे किए। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी को 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी।

संयुक्त राज्य वायु सेना के एयरबेस एइलसन में 04 से 14 जून तक आयोजित इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर एयर फोर्स, यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयर फोर्स, रॉयल नीदरलैंड एयर फोर्स, जर्मन लूफ़्टवाफे. और यूएस एयर फोर्स ने भाग लिया। भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया, जिसमें एयर क्रू, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। भारत की यह टुकड़ी 29 मई को अलास्का में यूएसएएफ बेस, एइलसन पर उतरी थी। राफेल लड़ाकू विमान को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर से सक्षम किया गया था, जबकि कर्मियों और उपकरणों को परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से ले जाया गया।

● शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारत ने सभी निर्धारित मिशन पूरे किए

● यही टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास करेगी



#### भारतीय वायु सेना ने मिशन लीडर की भूमिका निभाई

यह पहली बार था जब भारत के राफेल विमानों ने सिंगापुर और अमेरिकी विमान एफ-16, एफ-15 और ए-10 के साथ अभ्यास 'रेड फ्लैग' में भाग लिया। इन मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स इंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज लड़ाकू अभ्यास शामिल थे। भारतीय वायु सेना के चालक दल मिशन योजना में सक्रिय रूप से शामिल थे और अभ्यास के दौरान निर्दिष्ट मिशनों के लिए मिशन लीडर की भूमिका भी निभाई।

#### युवा चालक दल के लिए रोमांचकारी अनुभव था

अभ्यास के दौरान अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ अंतर-संचालन की अंतर्दृष्टि और बहुराष्ट्रीय वातावरण में सहयोगात्मक समझ शामिल थी। लंबी दूरी तक हवाई उड़ान भरने और रास्ते में हवा से हवा में ईंधन भरने का अनुभव युवा चालक दल के लिए रोमांचकारी अनुभव था। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। रेड फ्लैग अभ्यास के अनुभव से समृद्ध भारतीय वायु सेना अभ्यास 'तरंग शक्ति-2024' के दौरान अन्य देशों के प्रतिभागी दलों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक है, जो इस वर्ष के अंत में होने वाला पहला भारतीय बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास है।

## श्री अमरनाथ यात्रा के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग सुविधा शुरू

एजेंसी

**जम्मू।** ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग सेवाओं का इंतजार कर रहे तीर्थयात्रियों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने बालटाल और पहलगाम यात्रा मार्गों के लिए सुविधा शुरू कर दी है। बाबा अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू हो रही है और 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी।

आधिकारिक विवरण के अनुसार बालटाल मार्ग के लिए नीलग्रथ-पंजतरणी-नीलग्रथ पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जा रही है और पहलगाम मार्ग के लिए यह पहलगाम-पंजतरणी-पहलगाम मार्ग पर उपलब्ध होगी। आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर हेलीकॉप्टर सेवा की ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी।

पहलगाम से पंजतरणी का एकतरफा किराया 4900 रुपये, दोनों तरफ का किराया 9800 रुपये, नीलग्रथ से पंजतरणी का एकतरफा किराया 3250 रुपये और दोनों तरफ का किराया 6500 रुपये तय किया गया है। यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के पास हेलीकॉप्टर टिकट बुक करते समय स्वास्थ्य प्रमाण पत्र होना चाहिए। पंजतरणी हेलीपैड से पवित्र गुफा तक और वापस आने में समय लगता है, इसलिए तीर्थयात्रियों के लिए उपलब्ध स्लॉट यात्राओं के बीच कम से कम 5 से 6 घंटे के अंतराल पर दिखाई देंगे।

# बकरीद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## डीआईजी के पास 1000 पुलिस बल रिजर्व में रखा गया है



संवाददाता

**रांची।** राज्य में बकरीद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पुलिस मुख्यालय ने बताया है कि 4900 पुलिस बल, छह कंपनी रैपिड एक्शन पुलिस, पांच कंपनी सीआरपीएफ, एक कंपनी सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स के अलावा 5000 होमगार्ड जवानों की अतिरिक्त तैनाती विभिन्न जिलों में की गयी है। इसके अलावा सभी जोन के आईजी और डीआईजी के पास 1000 पुलिस बल रिजर्व में रखा गया है।

डीजीपी के आदेश पर आईजी अभियान ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। राज्य भर के थानों में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थान चिह्नित किए गए हैं। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है, इन जिलों में रैपिड एक्शन फोर्स को लगाया गया है। पुलिस मुख्यालय के तरफ से सभी जिले के एसपी को बकरीद के दौरान जवानों की प्रतिनियुक्त सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ आवश्यकतानुसार स्थानों पर करने को कहा गया है। संवेदनशील इलाको में दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बाडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, टियर गैस गन सहित अन्य उपकरण के साथ जवान तैनात रहेंगे। ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी उपद्रवी तत्वों पर निगरानी रखी जाएगी। किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहने को कहा गया है।

वहीं, दूसरी ओर राजधानी रांची में बकरीद को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर राजधानी रांची में लगभग 3000 जवानों की तैनाती की गई है। इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि राजधानी रांची में बकरीद को लेकर सुरक्षा के भुगतान इंतजाम किए गए हैं। सभी डीएसपी और थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार पेट्रोलियम करने को कहा गया है। एसएसपी ने बताया कि सभी संवेदनशील जगहों पर रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है, इसके अलावा झारखंड पुलिस के रैप, जैप, आईआरबी के जवानों को भी राजधानी में तैनात किया गया है।

उन्होंने बताया कि क्विक रिस्पांस टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है, अगर कहीं से भी आपातकालीन व्यवस्था करनी होगी तो वहां दस्ता तुरंत मूव करेगा। इस बार पूरी राजधानी पर नजर रखने के लिए 70 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं । इनकी निगरानी के लिए 50 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है। रांची एसएसपी ने कहा कि अगर कोई शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने जा निर्देश दिया गया है।

# सीएमपीडीआई के सीएमडी ने कर्मियों को दिलाई शपथ



संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत सीएमपीडीआई 16 से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा माना रही है। इसी कड़ी में रविवार को सीएमपीडीआई के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज कुमार ने कर्मियों को शपथ दिलाकर स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत की।

सीएमपीडीआई में स्वच्छता पखवाडा के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए जागरुकता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल आदि और स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट, कचरे का निपटान जैसी गतिविधियां की जायेंगी। लोगों के बीच स्वच्छता के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रश्नोत्तरी (क्वीज), निबंध लेखन (एस्से राइटिंग) और ड्राइंग प्रतियोगिताएं (ड्राइंग कॉम्पीटिशन) आयोजित की जायेंगी। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक शंकर नागाचारी और क्षेत्रीय संस्थान-3 के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, मुख्यालय व क्षेत्रीय संस्थान-3 के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, वरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**रांची।** रांची के पुंदाग ओपी थाना पुलिस ने लूट कांड की घटना को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में चतरा निवासी मोहम्मद मजहर आलम, सुधीर कुमार विश्वकर्मा और मोहम्मद अमन अंसारी शामिल है। इनके पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोली,मैगजीन, पूर्व में लूटा गया अपाची बाइक, 19 मोबाइल, 1900 रुपये नकद, वायर कट्टर एक, दस लोहे का रिंच 13 सहित अन्य सामान बरामद किये गये है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुन्दाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत खरसीदाग में कुछ लोग कई अपराधिक घटना को अंजाम देकर घूम रहे है। साथ ही कोई अन्य घटना को अंजाम देने का प्लान बना रहे है। सभी हथियार के साथ लैस है। सुचना सूचना के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया।

### लालू यादव से मिले पूर्व विधायक संजय यादव

**रांची।** राजद अध्यक्ष लालू प्र यादव से पूर्व विधायक सह प्रधान महासचिव संजय प्र यादव ने पटना स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। जहां दोनो नेताओं ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेका चर्चा की। जहां लालू यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए राजद के लोग जनता के बीच जाएं । यह जानकारी झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने देते हुए बताया कि राजद सुप्रीमो लालू प्र यादव ने संजय प्र यादव को कहा कि झारखंड और बिहार सहोदर भाई के तरह है वहां राजद के विचारधारा को मानने वाले काफी संख्या में लोग रहते हैं। राजद का एकीकृत बिहार के समय से हीं काफी जनाधार है। लगातार सदन में हमारा प्रतिनिधि रहा है। तेजस्वी यादव बिहार के तरह झारखंड में भी अत्यंत लोकप्रिय है उनके सहभागिता को जन जन तक पहुंचाएं इसलिए सभी लोग झारखंड में आगामी वार्ड-पंचायत एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए इसकी मजबूत तैयारी करें और राज्य में संगठन के लोगो को शहर एवं गांव- गांव में जनता के बीच जाने का काम करें।

### सुरक्षा कानून पर विचार करेंगे: रक्षा राज्य मंत्री

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने रांची संसदीय क्षेत्र में आभार यात्रा निकाल रहे सांसद संजय सेठ से पत्रकार सुरक्षा कानून पर सवाल पूछा गया है। हालांकि रक्षा राज्य मंत्री ने इस गंभीर विषय पर कोई ठोस जवाब नहीं दिया है लेकिन उन्होंने कहा है कि इस मामले पर विचार जरूर करेंगे। पत्रकारों की सुरक्षा पर उन्होने कहा है कि निश्चित रूप से यह मेरा भी मानना है और इस पर विचार करेंगे ताकि जो परेशानियां हैं वो दूर हों। मंत्री भी यह मान रहे हैं कि पत्रकारों की सुरक्षा पर कानून बनना चाहिए। ऐसे में जब संजय सेठ केंद्र सरकार में रक्षा राज्य मंत्री के पद पर हैं तो इस गंभीर मुद्दे पर उनकी भी जिम्मेदारी बढ़ गई है। मालूम की कि यह सवाल एमआईएस जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन के झारखंड प्रवक्ता अरूण मांझी ने एसोसिएशन द्वारा अपने सांसद से पूछो अभियान के तहत किया है। सांसद सह मंत्री रांची संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ के मिलन चौक पर आभार यात्रा के तहत शिरकत करने पहुंचे थे।

### श्री महावीर मंडल ने संजय सेठ का किया स्वागत

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को पुष्पगुच्छ देकर अग्रसेन भवन में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मान किया। इस मौके पर मंडल के रुपेश कुमार बर्मन, अरविन्द कुमार, प्रदीप गुप्ता साहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### गंगा दशहरा पर दौड़ी रांची, हुई गंगा आरती

**रांची।** गंगा दशहरा के मौके पर रविवार की सुबह गंगा यात्री पीयूष पाठक के रन फॉर स्वर्णरेखा कार्यक्रम के आज जयपाल सिंह स्टेडियम से चुटिया स्थित स्वर्णरेखा नदी तक पर्यावरण को बचाने, प्राकृतिक जलाशय एवं वातावरण की रक्षा हेतु यात्रा निकाली गई। इसमें राज्यसभा सांसद महुआ माजी, रांची नगर निगम प्रशासन अमित कुमार सहित काफी संख्या में लोग दौड़ में शामिल होकर स्वर्णरेखा नदी को स्वच्छ बनाने का प्रण लिया। कार्यक्रम में अपनी रांची सिटीजन फोरम की टीम के साथ कई अन्य संगठन और शहर के लोग शामिल हुए। इसके बाद शाम को गंगा आरती की गई।

### चुंबकीय चिकित्सा शिविर संपन्न

**रांची।** एक्युप्रेशर चिकित्सा के जन जागरण सह प्रचार - प्रसार के निमित्त, संस्थान द्वारा हरमू स्थित निगम पार्क में एक दिवसीय निः शुल्क एक्युप्रेशर सह चुंबकीय चिकित्सा शिविर प्रातः 6:00 बजे से 8:00 बजे तक लगाया गया। पतंजलि की रांची शाखा के योग के प्रशिक्षक श्रीवीरेंद्र कुमार ने गुरु जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में विभिन्न रोगों से ग्रसित लगभग 80 रोगियों का इलाज किया गया।

### महेश नवमी महोत्सव का हुआ समापन

**रांची।** महेश्वरी सभा की ओर से महेश नवमी महोत्सव के अंतिम दिन समाज के युवाओं ने स्कूटोथोन प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अलावा सुडोकू प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें प्रथम पंकज साबू,द्वितीय आयुषी काबरा एवं तृतीय उत्सव मंत्री रहे। एक मिनट प्रतियोगिता ग्रुप अ में प्रथम हिमान्या मंत्री, द्वितीय कृष भाला,तृतीय आरोही सोमानी एंव ग्रुप इ में प्रथम अनिकेत सोमानी दितीय अदिति सोमानी , तृतीय काव्य साबू रही। सांय 4:00 बजे से मारवाड़ी भवन में आयोजित समारोह में समाज के वरिष्ठ पुरुष एवं महिला सदस्यों का सम्मान किया गया।

# हमारे जैसे छोटे कार्यकर्ता को मोदी कैबिनेट में जगह मिलना यह सिर्फ भाजपा में ही संभव: रक्षा राज्य मंत्री

विकास के लिए करेंगे परिश्रम

वरीय संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर एवं ग्रामीण जिला के संयुक्त तत्वावधान में रांची के चिरोंदी स्थित आशिर्वाद बैंक्वेट हॉल में भारत सरकार में नवनियुक्त रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का अभिनंदन कार्यक्रम रविवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची के केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त करते हुए कहा की कार्यकर्ताओं के जीतोड़ मेहनत एवं जनता का मोदी पर अटूट विश्वास से यह जीत सुनिश्चित हुई है। हमारे जैसे छोटे कार्यकर्ता को मोदी कैबिनेट में जगह मिलना यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है। प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय नेतृत्व को आभार जताते हुए कहा की रांची की जनता का विश्वास कभी टूटने नहीं देंगे। रांची लोकसभा क्षेत्र के विकाश के लिए हमे जो भी परिश्रम करना पड़े हम करेंगे। उन्होंने झारखंड सरकार पर हमला करते हुए कहा की राज्य जंगल राज्य की ओर बढ़ रहा है। चोरी डकैती राज्य में आम हो चुका है। पूरे देश में झारखंड भ्रष्टाचार के लिए चर्चित है। श्री सेठ ने कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता जेएमएम सरकार की विधाई कर देगी।



### अभी हम सेमीफाइनल जीतें हैं, फाइनल चुनाव होने वाला विधानसभा: सीपी

रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा की अभी हम सभी सेमीफाइनल जीतें हैं। फाइनल चुनाव विधानसभा का होने वाला है। आने वाले विधानसभा चुनाव में रांची लोकसभा के सभी सीटों पर भाजपा की विजय होगी।

### फिर से झारखंड में बनेगी भाजपा सरकार: नवीन

हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा की पूरा देश मोदी के नीतियों पर विश्वास कर रही है। झारखंड की जनता का विश्वास मोदी नीतियों पर कायम है। आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से झारखंड में भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कमर कश कर विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगने का आह्वान किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष वरूण साहू ने कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा की महानगर के अंतर्गत आने वाले सभी चार विधानसभा में भाजपा का परचम फिर से लहरेगा।

### अभिनंदन कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कांके विधायक समरी लाल, प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व सांसद अजय मारू, महेश पोद्दार, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, जीतू चरण राम,पूर्व महापौर संजीव विजयवर्गीय, रमेश सिंह, ललित ओझा, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज, बलराम सिंह नरेंद्र सिंह, सत्यरायण सिंह, के. के. गुप्ता, संदीप वर्मा, राजू सिंह, जितेंद्र वर्मा, प्रीतम साहू, मनोज चौधरी, बसंत दास, अनीता वर्मा, जॉनी वॉकर खान, गोपाल सोनी, दीपक शाह, ओम प्रकाश पांडेय, सुबेश पांडेय, विनोद महतो सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा,रांची महानगर जिला के अध्यक्ष वरूण साहू ने किया।

## माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी पर किया सेवा कार्य

रांची। महेश्वरी समाज की ओर से रविवार को महेश नवमी के मौके पर खूंटी और मुरहू में माहेश्वरी 5157 वां माहेश्वरी वंशोस्पति दिवस महेश नवमी का महोत्सव काफी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सभी परिवार के सदस्यों ने शिवालय में जाकर सामूहिक रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना की। इसके बाद सेवा कार्य किया इसमें सदर अस्पताल मातृ शिशु अस्पताल में एक सौ मरीजों के बीच फल ,जूस और बिस्कुट का वितरित किया। इस मौके पर गोवर्धन शारदा, नंदकिशोर सोमानी , श्याम सुंदर साबू, राजकुमार सोमानी, ओम प्रकाश भाला, श्रीप्रकाश भाला, जयप्रकाश भाला, श्री बजरंग लाल बहती, श्री माधव भाला, मनीष सोमानी, श्रीमती सरोज माहेश्वरी, श्रीमती मोनिका भाला एवं श्रीमती बीना भारती का सहयोग रहा।

# आगजनी कर मजदूर को जिंदा जलाने वाला एक अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

**रांची।** रांची के मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में आगजनी कर मजदूर को जिंदा जलाने वाले एक अपराधी नरेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक राइफल और तीन गोली बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत 28 मई को मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के रात में चामा-मैक्लुस्कीगंज रोड में स्थित दुल्ली करमकोचा टोला के पास सड़क किनारे खडा सिंह इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ड्रील मशीन लदा हुआ कंटेनर ट्रक जो बीएसएनल कंपनी का फाईबर केबल बिछाने का काम कर रही थी। उसे अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा कर जला दिया



गया था। घटना में संजय भुईयां नामक मजदूर की जल कर मौत हो गई थी। इस संबंध में कंपनी के चालक अखिलेश ठाकुर के लिखित आवेदन के आधार पर मैक्लुस्कीगंज थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई थी। मामले में एक अपराधी नरेश यादव को गुप्त सूचना के आधार पर दुल्ली जंगल से हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि थाना क्षेत्र एवं आस-पास के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में लगातार हथियार का भय दिखाकर अपने साथियों के साथ रंगदारी स्वरूप पैसे की उगाही कर रहा था। कडाई पूछताछ करने पर इसके द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की।

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार नरेश यादव ने पूछताछ में बताया कि 13 मई को कंपनी के साईट पर जाकर मजदूर लोगों को धमकाये थे तथा चालक का मोबाईल लेकर चले गये थे। उसी मोबाईल से ठेकेदार से दो लाख की रंगदारी की मांग किये थे । अंत में ठेकेदार द्वारा 20 हजार रुपया देने का बात तय हुआ था। ठेकेदार के द्वारा पैसा नहीं देने के कारण ही गुस्सा होकर अन्य साथियों के साथ मिलकर आगजनी की घटना को अंजाम दिये थे।

## उपायुक्त के आश्वासन के बाद सत्याग्रह स्थगित

रांची। रांची झील बचाओ अभियान समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में रांची झील की साफ सफाई को लेकर पिछले 5 दिनों से लगातार सत्याग्रह किया जा रहा है। रविवार को सत्याग्रह के पांचवे दिन राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होंने उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से बात कर रांची झील की साफ-सफाई का स्थायी समाधान करने की मांग की। उपायुक्त ने सांसद की बातों को सुना एवं रांची झील में होने वाली सफाई कार्यो की जानकारी दी। श्री मिश्रा ने राज्यसभा सांसद एवं उपायुक्त रांची के द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद सत्याग्रह को स्थगित किया एवं कहा कि भविष्य में भी अगर रांची झील की समस्या सामने आती है तो समिति के द्वारा आंदोलन किया जाएगा एवं राज्य सरकार तक समिति के बातो को पहुंचाया जाएगा। श्री प्रकाश ने समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया एवं कहा कि समिति के द्वारा किए गए निरंतर प्रयास से रांची झील को बचाने में काफी मदद मिली है।

## होटल मौर्या और स्पा सेंटर में की छापेमारी

# पुलिस ने दो युवतियों समेत तीन को किया गिरफ्तार



### गिरफ्तार लड़कियों में एक बिहार की दूसरी बंगाल की रहने वाली है

संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने रविवार को अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित होटल मौर्या और स्पा सेंटर में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दो युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लड़कियों में एक बिहार के हाजीपुर जबकि दूसरी बंगाल की रहने वाली है। सभी को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। हालांकि, कुछ लोग भागने में सफल रहे।

एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृव में यह छापेमारी की गई। अरगोड़ा चौक के पास सेक्स रैकेट संचालित होने की सूचना एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली थी, जिसके बाद पुलिस की टीम ने अरगोड़ा चौक के पास होटल मौर्या में रेड कर पुलिस ने दो लड़कियों सहित तीन को गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में पुलिस ने मौर्य होटल के पास स्थित एक स्पा सेंटर में भी छापेमारी की लेकिन वहां कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला।

उल्लेखनीय है कि रांची पुलिस ने राजधानी में पिछले एक महीने के दौरान अलग-अलग इलाकों में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है।

# लॉ वर्कशाप में आरपीएफ कर्मियों को प्रशिक्षण

संवाददाता

**रांची।** शहर के हटिया डीआरएम बिल्डिंग के सेमिनार हॉल में रविवार को लॉ वर्कशाप का आयोजन हुआ। वर्कशाप में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही रांची मंडल के आरपीएफ अफसरों और स्टाफ को पुराने कानून में हुए संशोधन का प्रशिक्षण दिया गया।

वर्कशॉप में रांची लॉ कॉलेज के प्रोफेसर एस श्रीवास्तव और उत्कर्ष वर्मा एवं अधिवक्ता प्रदीप सरकार ने आरपीएफ कर्मियों को जानकारी दी। वर्कशॉप की अध्यक्षता रांची मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने की। प्रशिक्षण के दौरान भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के पहलुओं के बारे में पूरी जानकारी दी गई।

# संघर्ष के बूते ही हम अपने संकल्पों को पूरे करेंगे: सुदेश

पार्टी की भावी रणनीतियों और कार्यक्रमों पर पार्टी पदाधिकारियों ने की विस्तृत से चर्चा

संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात बदलने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता संकल्पित होकर काम करें। समय कम है और हमारी जिम्मेदारी बड़ी है। राज्य के विषय विचार और भावना की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करें। जनता के बीच अपनी मौजूदगी को रिश्ते में बदलना है।

सुदेश कुमार महतो रविवार को रांची कांके रिंग रोड स्थित सुनैना बैंक्वेट हॉल में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान पार्टी की भावी रणनीतियों और कार्यक्रमों पर पार्टी




पदाधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि संघर्ष ही हमारी पहचान है। संघर्ष के बूते ही हम अपने संकल्पों को पूरे करेंगे। इस राज्य ने पिछले साढ़े चार साल में खोया बहुत कुछ है। उसे वापस लाना है। इसलिए एक- एक कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करें। पार्टी के पदाधिकारियों से भी उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर वे हर वर्ग में पहुंचे।

महतो ने पूर्व में दिये गए निर्देशों और तय कार्यक्रमों पर चर्चा की और कहा कि नेतृत्व तथा पार्टी के फैसले के साथ खड़े रहें। उन्होंने लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए राज्यभर के कार्यकताओं और मतदाताओं का आभार जताया। साथ ही कहा कि गिरिडीह लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी को जीत दिलाने में कार्यकताओं और गठबंधन के सहयोगी साथियों का साथ महत्वपूर्ण रहा है। यह कोई साधारण जीत नहीं है।

### निष्ठा के साथ निभाएं जिम्मेदारी : चंद्र प्रकाश चौधरी

चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि हर चुनौती का सामना हम सभी को मिलकर करना है। चुनाव परिणामों की समीक्षा आवश्यक है। समीक्षा उपरांत उस कमी को दूर करना है। हम सभी को एक कार्यकर्ता के नाते अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना है।

### राजनीति का प्रयोगशाला बना दिया: राम चन्द्र सहिस

प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस ने कहा कि आजसू के पास स्पष्ट नीति और विचार है। हम सभी सामाजिक न्याय और विकास की अवधारणा पर चलने वाले लोग हैं। झारखंड को राजनीति का प्रयोगशाला बना दिया गया है। यह निराशाजनक है। पार्टी के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि आजसू पार्टी सिर्फ जीत की नहीं विकास की बात करती है। पार्टी के भावी कार्यक्रम को हम भी मिलकर धरातल पर उतारने का काम करेंगे। इससे पहले पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी के गिरिडीह से एक बार फिर सांसद बनने पर स्वागत और अभिनंदन किया गया। 22 जून को आजसू पार्टी स्थापना दिवस राज्यभर में बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। इस दिन विधानसभा क्षेत्र स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## एक नजर

### बकरीद आज, मस्जिदों में नमाज का वक्त मुकर्र

**बेरमो।** ईद-उल-अजहा का त्योहार बेरमो कोयलांचल में सोमवार को मनाया जायेगा। रविवार को त्योहार को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। फुसरो नगर क्षेत्र के मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा करने का वक्त मुकर्र की गई है। बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड में सुबह 7: 30 बजे, पुराना बीडीओ ऑफिस जमा मस्जिद सुबह 7 बजे, रहिमगंज जमा मस्जिद में 7:30 बजे, पटेलनगर मक्का मदनी मस्जिद में 7:15 बजे, भेड़मुक्का जमा मस्जिद 7:30 बजे, राजाबेड़ा शाह व अंसारी मोहल्ला जमा मस्जिद में 7:30 बजे, अमलो बस्ती मस्जिद में 7:30 बजे, ढोरी स्टाफ क्वार्टर मस्जिद में 7:15 बजे बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। मस्जिद के इमाम ने सभी नमाजियों को निर्धारित समय पर मस्जिद में उपस्थित होने का ऐलान किया है। ताकि ससमय नमाज अदा किया जा सके।

### जैनामोड़ में गंगा दशहरा में श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना व आरती



**बोकारो।** बोकारो जिले के जैनामोड़ के सामने खाजो नदी के तट पर रविवार को दामोदर बचाओ अभियान के स्थानीय संयोजक संजय सिंह की अगुवाई में गंगा दशहरा महोत्सव एवं गंगा आरती का आयोजन कर भक्ति भाव से नदी की पूजा अर्चना की गयी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने खाजो के साथ साथ देवनद दामोदर व उनकी सैकड़ों सहायक नदियों को बचाने एवं स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस दौरान संजय सिंह ने बताया कि गंगा दशहरा के ही दिन भागीरथी प्रयास से गंगा नदी का इस पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। जो हम सबों के लिए एक वरदान है। हर रोज मां गंगा में स्नान ध्यान कर करोड़ों भक्तजन श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करते हैं। इस दौरान पूजा अर्चना के बाद गंगा आरती में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए। मौके पर कमलकिशोर सिंह, देवेन्द्र प्रसाद, नन्दकिशोर किस्कू, पुनित कर्मकार, दुर्गा मांझी, सूरज रजक, छत्रधारी महतो, हाकिम सिंह, पंडित विकास कुमार, माथुर सिंह व अन्य लोग उपस्थित थे।

### पितृ दिवस पर महिला काव्य मंच ने आयोजित की विशेष गोष्ठी



**बोकारो।** महिला काव्य मंच बोकारो इकाई की ओर से पितृ दिवस के अवसर पर बोकारो क्लब के बैंक्विट हॉल में रविवार को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष काजल भालोटिया ने गोष्ठी का आरंभ किया। प्रदेश महासचिव अर्चना अश्क मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। रीना यादव ने सरस्वती वंदना के साथ गोष्ठी की शुरूआत की। करुणा कालिका ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में निवर्तमान सचिव पी श्रीवास्तव को विदाई भी दी गई। गोष्ठी में ज्योतिर्मय डे राणा, डॉ० आशा पुष्प, रीना यादव, माला, अमृता शर्मा, ऋचा प्रियदर्शिनी, सोनी कुमारी, रिंकू कुमारी, करूणा कलिका, दीप्ति झा, ज्योती वर्मा, क्रांति श्रीवास्तव, स्मिता, अर्चना अश्क मिश्रा, नीलम झा ने अपनी रचना प्रस्तुत की। धन्यवाद ज्ञापन ऋचा श्रीवास्तव ने किया।

### ऑलम्पिक दिवस पर 23 जून को खूंटी में खेलों का होगा आयोजन

**खूंटी।** ऑलम्पिक संघ खूंटी के तत्वावधान में रविवार को बिरसा कॉलेज में खूंटी जिले के सभी खेल संघों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ऑलम्पिक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश जयसवाल ने की।ओलंपिक संघ के सचिव दशरथ महतो ने स्वागत भाषण कर आगंतुकों को बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सभी संघों के पदाधिकारियों ने मांग की कि जिले में खेलों के आयोजन मे हो रही परेशानियों को दूर किया जाए। मौके पर खेल मैदान और उपकरणों की कमी आदि पर भी चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 जून को ऑलम्पिक दिवस के दिन खूंटी जिले में सभी संघों के द्वारा खेलों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्पॉर्ट कॉम्प्लेक्स और छात्रावास के निर्माण को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में ओलंपिक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश जयसवाल, सचिव दशरथ महतो, कोषाध्यक्ष परमानन्द, राजकुमार गुप्ता, अनुज कुमार, सुनील नायक, अब्दुल कादिर, बसंत कुमार, कृष्ण मोहन कुमार ,उमेश कश्यप, विजय कुमार, आकाश कुमार, विवेक कुमार, सुनील तोपनो, मनोहर नाग आदि उपस्थित थे।

## बोकारो थर्मल में डीवीसी मजदूर संघ केंद्रीय समिति की बैठक

# यूनियन का चुनाव अकेले लड़ेगा डीवीसी मजदूर संघ



संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित बोकारो क्लब में रविवार को बीएमएस से संबद्ध डीवीसी मजदूर संघ के केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अर्घा बसु ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संघ के महामंत्री तपन कुमार दास, स्थानीय यूनिट के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार चौधरी, चंद्रपुरा के उपाध्यक्ष अनिमेष गिरि मौजूद थे। बैठक में बोकारो थर्मल के अलावा चंद्रपुरा, मेजिया, कोनार डैम, डीएसटीपीएस अंडाल, जीओएमडी, कोडरमा, मैथन सहित अन्य यूनिटों के केंद्रीय समिति के सदस्य मौजूद थे। बैठक में डीवीसी मुख्यालय कोलकाता के निर्देश पर सभी प्रोजेक्टों में डीवीसी कामगारों के आवासों में स्मार्ट मीटर लगाने, सभी क्षेत्रीय संरचनाओं में एक समान एफसीए, बी 5 से एम वन मे प्रोमोशन और फास्ट ट्रैक में एम वन में प्रोमोशन करने, नई पदोन्नति नीति से संबंधित मामलों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विभिन्न संवर्गों के मुद्दों को बेहतर प्रतिनिधित्व के लिए प्रबंधन के साथ संवर्गवार बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विशेष संवर्ग के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डीवीसी मजदूर संघ आगामी यूनियन का चुनाव किसी अन्य ट्रेड यूनियन के साथ जुड़े बिना ही अकेले लड़ेगा। साथ ही, संघ की विचारधारा से किसी भी तरह का समझौता किए बिना डीवीसी मजदूर संघ का समर्थन करने की इच्छा रखने वाले अन्य ट्रेड यूनियनों का उनके साथ शामिल होने के मामले में स्वागत करेगा। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन मिथिलेश कुमार चौधरी ने किया। बैठक में राजदेव सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, सत्येन्द्र नारायण सिंह, अमर लाल बाला, पुष्पजीत साईं, प्रशांतो कुमार मंडल सहित विभिन्न यूनिटों से कई अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# बोकारो में गंगा दशहरा पर गरगा नदी की हुई पूजा-अर्चना



संवाददाता

**बोकारो।** गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर रविवार को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान बोकारो की जीवन रेखा गंगा की तरह पूज्य पवित्र गरगा नदी, जिसका पौराणिक नाम गर्ग-गंगा है, की विधिवत पूजा- अर्चना कर आरती की गई। साथ हीं इसे प्रदूषण और अतिक्रमण मुक्त करने हेतु आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर संस्था के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि इस नदी में बोकारो इस्पात संयंत्र की आवासीय कॉलोनियों तथा चास नगर निगम की आवासीय कॉलोनियों के अलावा यहां के अस्पतालों का प्रदूषित कचरा एवं मल-मूत्र प्रवाहित हो रहा है। फिर भी इसे बचाने को लेकर न नगर निगम, न ही जिला प्रशासन को कोई फिक्र है। सरकार आंखें बंद कर सोई है और यह नदी अब मरने की कगार पर है। कार्यक्रम में शशि भूषण ओझा मुकुल के अलावा रघुवर प्रसाद, पं. अखिलेश ओझा, मृणाल चौबे, पं. चंदन शास्त्री, गौरी शंकर सिंह, अजीत भगत, लक्ष्मण शर्मा, अभय कुमार गोलू, रोहित सिंह, वीरेंद्र चौबे, दिवाकर दुबे, मनीष झा, योगेंद्र सिंह, राकेश तिवारी, कुंदन उपाध्याय, मनीष पांडेय, रामजी प्रसाद, पं. दीनबंधु पांडेय, ए के दुबे, नीरज सिन्हा, मंजय, टुनटुन मिश्र, सोमनाथ, दीपक, विनय, गणेश, संजय पांडेय, अनुराग मिश्र सहित अनेक पर्यावरण रक्षक उपस्थित रहे।

# बोकारो थर्मल में कोनार नदी की पूजा कर मना दामोदर महोत्सव

भाजपा नेता सह- आंदोलन के जिला सह-संयोजक श्रवण सिंह, विक्की साव ने कोनार नदी की आरती की



संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** देवनद दामोदर महोत्सव के अवसर पर रविवार को दामोदर बचाओ आंदोलन एवं युगांतर भारती के तत्वावधान में बोकारो थर्मल स्थित छठ घाट पर दामोदर की सहायक नदी कोनार तट पर आरती सह- नदी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नदी पूजन एवं मंत्रोच्चारण के बाद आयोजन के प्रभारी भाजपा नेता सह- आंदोलन के जिला सह- संयोजक श्रवण सिंह, विक्की साव ने कोनार नदी की आरती की। बाद में कोनार नदी को स्वच्छ रखने एवं प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प श्रवण सिंह ने मौजूद सभी लोगों से करवाया। इसके पूर्व नदी की विधिवत पूजा की गयी। कार्यक्रम को बोकारो के पूर्व जिलाध्यक्ष भरत यादव, श्रवण सिंह, विश्वनाथ यादव, समीर गिरि, सीमा देवी, गुलाब चंद्र प्रजापति, खिरोधर महतो आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश यादव, हरेराम यादव, जीवन कुमार दास, उमेश सिंह, अरुण सिंह उर्फ टाइगर, भैरव महतो, पिंटू सिंह, विक्की सिंह, रणधीर यादव, मनोज कुमार, शिबू प्रजापति, बुधन प्रजापति, राजेश रजक, संजय मिश्रा, हरदीप कुमार, दिलीप राम, दीपक रजक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। बोकारो थर्मल के अलावा जारंगडीह में दामोदर नद का पूजन एवं आरती कर स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया।

# पदोन्नति के बाद सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी का तबादला



संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल डीवीसी पावर प्लांट स्थित सीआईएसएफ यूनिट के डिप्टी कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी को पदोन्नति देकर कमांडेंट बना दिया गया है। पदोन्नति के बाद उनका तबादला मुख्यालय दिल्ली कर दिया गया है। डिप्टी कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी ने डीवीसी बोकारो थर्मल यूनिट में वैसे समय में अपना पदभार ग्रहण किया था, जब स्थानीय प्रबंधन की सीआईएसएफ के पूर्व डिप्टी कमांडेंट के साथ रिश्ते में कड़वाहट चल रही थी। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री सेठी ने डीवीसी प्रबंधन के साथ रिश्ते को अपनी कार्यशैली से काफी सहज किया। वे अपनी कार्यशैली एवं हंसमुख स्वभाव के कारण सभी के बेहद प्रिय रहे। उन्होंने सीआईएसएफ यूनिट में भी काफी कार्य जवानों एवं अधिकारियों की मदद से करवाये।

# रोटरी क्लब की महिला समिति ने बुझाई यात्रियों की प्यास




यात्रियों के बीच करीब 300 बोतल मिनरल वाटर वितरित किया

सभी यात्रियों ने इस पुनीत कार्य के लिए क्लब सदस्यों को हृदय से धन्यवाद दिया

संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की महिला कमेटी ने रविवार को बोकारो स्टील सिटी के नया मोड़ स्थित बस पड़ाव पर बस में सफर कर रहे लंबी दूरी के यात्रियों के बीच करीब 300 बोतल मिनरल वाटर वितरित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस भीषण गर्मी में विकट पर्यावरणीय परिस्थितियों से त्राहिमाम कर रहे यात्रियों को प्यास से राहत दिलाना था। सभी यात्रियों ने इस पुनीत कार्य के लिए क्लब सदस्यों को हृदय से धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रोटेरियन घनश्याम दास, हरदीप सिंह, डॉ. राजदीप, अलका गुप्ता, माला त्रिपाठी, शीला जायसवाल, नीलम दास, जसविंदर कौर, सन्ध्या राज, सुनीता जैन, ललिता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# कथारा क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग ने कोयला चोरी रोकने के लिए चलाया छापामारी अभियान

संवाददाता

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग ने कोयला चोरों पर अंकुश लगाने को लेकर रविवार की अहले सुबह छापामारी की। उक्त छापामारी अभियान महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र के आदेशानुसार किया गया, जो स्वांग कोलियरी तथा जारंगडीह कोलियरी में किया गया। छापामारी में गश्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। इसके उपरांत कोयला से लदा 5 मोटरसाइकिल एवं 10 साइकिल को जब्त कर गश्ती दल के द्वारा मौके पर ही छतिग्रस्त कर दिया गया। साथ हीं कोयला से भरा लगभग 45 से 50 बोरा को पूर्ण रूप से फाड़ दिया गया। बरामद कोयला को स्वांग कोलियरी कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया, जिसका वजन लगभग ढाई टन बताया जाता है। गश्ती दल में मौजूद जवानों में इबरार हुसैन, नुरुला होदा, प्रदीप महतो, भूषणलाल साहू, भीम राम, कामेश्वर कुमार व अन्य मौजूद थे।



## लोक आस्था का पर्व | पांच दिवसीय शिव मंडा पूजा व झूलन के साथ संपन्न

# भोक्ताओं ने दहकते अंगारे पर नंगे पाव चलकर की फूलखूंदी





संवाददाता

**अनगड़ा।** बीसा में रविवार को पांच दिवसीय शिव मंडा पूजान व झूलन के साथ संपन्न हो गया। रात मे भोक्ताओं ने दहकते अंगारे पर नंगे पाव चलकर फूलखूंदी की। रात्रि जागरण में साल्हन व बंगाल की छउ नृत्य टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इसमें आसपास के गांव से काफी संख्या में श्रद्धालु मंडा पूजा देखने पहुंचे। रात्रि जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू के केन्द्रीय सचिव पारसनाथ उरांव व विशिष्ट अतिथि ग्रामप्रधान संघ के रांची जिलाध्यक्ष उमेश कुमार बड़ाईक ने की। पारसनाथ उरांव ने नगाड़ा बजाकर रात्रि जागरण का शुभारंभ किया। पारसनाथ उरांव ने कहा कि मंडा पूजा भगवान शिव व भक्तों को आपस में आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का माध्यम है। धार्मिक आयोजन से समाज में सकारात्मक विचारधारा का प्रसार होता है। संचालन दिलीप कुमार पाहन ने किया। इस अवसर पर बीसा मुखिया मंजोती देवी, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा, उपमुखिया संजय भोगता, पंसस मानेश्वर मुंडा, श्रद्धा सरना समिति के अध्यक्ष अजय उरांव, पूजा समिति के अध्यक्ष समल मुंडा, सचिव सलिखराम बड़ाईक, कोषाध्यक्ष जग्गू महली, योगेंद्र महतो, शंभू बड़ाईक, कपिल बड़ाईक, हरिहर बड़ाईक, रंथू भोगता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पृथ्वी राज चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर नारी सम्मान समारोह का आयोजन



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला के बनियाहिर हनुमानगड़ी में सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी संस्था की ओर से पृथ्वी राज चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था के सचिव अमल दास एवम संचालन रामाशीष कुमार चौहान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा देवी एवम झारखंड के आइकन स्वेता किन्नर उपस्थित हुए। अनुपमा देवी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम कर रही इस संस्था को मैं बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा कि महिलाओं के प्रति यह संस्था इतनी बड़ी बात सोच रही है। यह कबीले तारीफ है। हम संस्था को हर संभव मदद करने के लिए मैं हमेशा साथ हूं। स्वेता किन्नर ने कहा कि मैं संस्था की आभारी हूं कि संस्था महिलाओं को स्वरोजगार दे रही है एवं आत्म निर्भर बना रही है। यह बहुत हीं अच्छा लग रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकर प्रसाद, अर्जुन पांडेय, प्रभा सिंह, ललिता चौहान, सीता गुप्ता, सुनीता वर्मा,पूनम कुमारी, नेहा कपूर व सुनीला देवी के अलावे सैकड़ों महिलाए उपस्थित थीं।

एक नजर

### दिव्यांग जन कल्याण संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**गिरिडीह।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का स्वागत झारखंड विकलांग संघर्ष समिति के द्वारा किया गया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष जसवंत वर्मा, दिव्यांग जन कल्याण संघ गिरिडीह के जिलाध्यक्ष राजेश्वर तिवारी, सचिव आकाश सिंह, उपाध्यक्ष मोहम्मद नसीमुद्दीन, सदस्य आबिद अंसारी ने संयुक्त रूप से सांसद का स्वागत किया और उन्हें बधाइयां दी। इस दौरान दिव्यांग जन कल्याण संघ के द्वारा सांसद को अपनी 10 सूत्री मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 को धरातल पर लागू करने, सरकारी नियुक्ति में आरक्षण के अनुसार दिव्यांगो की नियुक्ति, दिव्यांगों के लिए मोटर चलित वाहन उपलब्ध कराने, पीएम मुद्रा लोन के तहत दिव्यांगो को शत प्रतिशत अनुदान पर लोन उपलब्ध कराने, पीएम आवास योजना के तहत 40 प्रतिशत से ऊपर के दिव्यांगो को आवास के साथ शौचालय की व्यवस्था देने, सामाजिक सुरक्षा और गरीबी उन्मूलन योजनाओं में दिव्यांग के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने, अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेलों में दिव्यांग खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति, पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव में दिव्यांगो का सीट आरक्षित करने, दिव्यांग पेंशन में प्रत्येक वर्ष बढ़ोत्तरी और आठवीं से लेकर उच्च शिक्षा दिव्यांग एवं उनके बच्चों के लिए मुफ्त व्यवस्था कराने की मांग शामिल है।

### जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष बने संजीत सिंह पप्पू



**गिरिडीह।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय कमिटी व प्रदेश कमिटी ने भाजपा नेता संजीत सिंह को जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। वहीं संदीप डांगाइच को प्रदेश मंत्री और नवनीत सिंह को प्रदेश सह संयोजक मनोनीत किया गया है।

फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष संजीत सिंह ने संस्थान के राष्टीय कमिटी व प्रदेश कमिटी का आभार व्यक्त हुए कहा कि इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि भारत में बढ़ती जनसंख्या को कैसे कम किया जाए ? कहा कि देश में बढ़ती जनसंख्या को लेकर जागरूक करना है। साथ हीं जनसंख्या वृद्धि को लेके समाज में जागरूकता लाना है। इधर फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर संदीप डांगइच, नवनीत सिंह, रंजन सिन्हा, मुकेश जालान, नवीन सिन्हा, विबेश जालान, दीपक पंडित, दिलीप मारिक, प्रकाश दास, पिंकी सिंह सहित अन्य लोगों ने संजीत सिंह को बधाई दी है।

### दामोदर नदी के तट पर गंगा दशहरा आरती का किया गया आयोजन



**कथारा।** युगांतर भारती, दामोदर बचाओ आंदोलन, नेचर फाउंडेशन एवं देवनद दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को देवनद दामोदर महोत्सव जारंगडीह खेतको दामोदर नदी तट पर आयोजित कर गंगा आरती की गई। गंगा दशहरा आरती व पूजन कार्यक्रम पंडित आरके मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न की गई। कार्यक्रम में श्रवण सिंह, बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी, सूरजमल नायक मुख्य अथिति के रूप में शामिल हुए।
आंदोलन के स्थानीय संयोजक श्रवण सिंह ने बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष दामोदर बचाओ आंदोलन के तत्वाधान में दामोदर महोत्सव आयोजित किया जाता है। इसमें नदियों को स्वच्छ सुंदर रखने का संकल्प लिया जाता है। यह चूल्हा पानी के उद्गम स्थल से लेकर पश्चिम तक 27 केंद्रों पर आयोजित की जाती है जो दामोदर बचाव के प्रांतीय अध्यक्ष सरजू राय के नेतृत्व में आयोजित की जाती है। जिसका मुख्य उद्देश्य होता है, नदियों को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए लोगो को प्रेरित करना। इस दौरान बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी ने भी स्थानीय लोगों से नदियों को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम में गौतम राम, अशोक मंडल, पर्यावरण सखी दीपमाला देवी, सीता देवी, ज्योती कुमारी, सुशीला देवी, छोटन यादव, हेमंत कुमार नायक, भीम यादव, श्याम कुमार नायक सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

# जमशेदपुर में अपराध कर भाग रहे दो अपराधी को गिरिडीह पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने रविवार की सुबह जमशेदपुर से टाटा सूमो वाहन लेकर भाग रहे दो अपराधियों को गिरिडीह में पकड़ लिया। मिली जानकारी के अनुसार जमशेदपुर के आजाद नगर थाना प्रभारी राकेश कुमार दास ने गिरिडीह एसपी को सूचित किया कि क्षेत्र में टाटा सूमो वाहन की चोरी कर अपराधी गिरिडीह की तरफ भागी है। इस सूचना के बाद एसपी दीपक कुमार शर्मा ने तुरंत ही जिले के सभी थाना को अलर्ट किया। इस बीच यह जानकारी मिली कि अपराधी गिरिडीह शहरी इलाके में प्रवेश



करने वाले हैं और इन लोगों ने पपरवाटंड के पास बैरियर भी तोड़ दिया है ?। एसपी ने तुरंत हीं नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेश प्रसाद और बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह को अलर्ट करते हुए अपराधियों को वाहन समेत पकड़ने का निर्देश दिया। एक तरफ नगर थाना प्रभारी ने वाहन का पीछा करना शुरू किया तो चोरी के सूमो को लेकर अपराधी बेंगाबाद तरफ भागने लगे।

ऐसे में बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने टोल प्लाजा के समीप घेराबंदी कर दिए। सामने पुलिस को देख अपराधी वापस गिरिडीह शहर की तरफ भागे। ऐसे में दोनों थाना की पुलिस ने घेर लिया और बरगंडा के पास दोनों अपराधी पकड़े गए।
पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ हुई तो इनका आपराधिक इतिहास भी सामने आया? पता चला कि सफीक अली के खिलाफ जमशेदपुर के मानगो में आर्म्स एक्ट आजाद नगर में फायरिंग का मुकदमा, उलडीह में लूट, तो बोडाम आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है, जबकि रसीद हुसैन के खिलाफ उलीडीह में फायरिंग, हत्या और रंगदारी तो एनडीपीएस एक्ट के तहत भी मामला दर्ज है, दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि जमशेदपुर से टाटा सुमो की चोरी कर फरार हुए अपराधियों को नगर व बेंगाबाद थाना प्रभारी की टीम ने दबोचा है। चोरी का सूमो भी बरामद कर लिया गया है। इन अपराधियों के खिलाफ जमशेदपुर में पहले से गंभीर धाराओं का मुकदमा दर्ज है।

### टिकट चेकिंग अभियान में पकड़े गए 1534 यात्री, 7.77 लाख का जुर्माना ठोका

**रामगढ़।** धनबाद मंडल में रविवार को एक बार फिर बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 1534 यात्रियों को बिना टिकट की यात्रा करते हुए पकड़ा गया है। उन सभी यात्रियों से 7 लाख 77 हजार 620 का जुमार्ना वसूला गया है। इस संबंध में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि धनबाद- चन्द्रपुरा- कोडरमा खण्ड में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई। इस जांच अभियान में कुल 1534 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए।

## शांति पूर्वक ईद-उल-अजहा मनाने को लेकर बेरमो थाना में हुई शांति समिति की बैठक

संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो में ईद उल अजहा शांति एवं सौहार्द पूर्वक संपन्न कराने की गरज से रविवार को बेरमो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने की। बैठक में बकरीद त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सम्मिलित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए सभी की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। भारत गंगा जमुनी संस्कृति पर चल रहा है। जाति एवं मजहब से ऊपर उठकर भाईचारे एवं सद्भावना पूर्वक पर्व को मनाएं।
कहा कि प्रशासन त्योहार के दौरान असमाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखेगी। यदि कोई शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करते हैं तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को तुरंत दें। वहीं



थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व के दौरान पेट्रोलिंग तेज की जायेगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी की भी धार्मिक भावनाओं को आहत करने जैसे पोस्ट पर संज्ञान लिया जायेगा। इंटरनेट मीडिया पर आने वाली अफवाहों को फारवर्ड न करें। कहीं भी ज्यादा भीड़ नहीं लगाना है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। सदस्यों ने सफाई, अहले सुबह जलापूर्ति करने, नियमित विद्युत आपूर्ति हो इसकी व्यवस्था करने की मांग की गई। इस मौके पर फुसरो नगर परिषद के सिटी मैनेजर निशांत कुमार अनमोल, बेरमो प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू संजय कुमार पांडे, शांति समिति के सदस्यों में महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, बैजू मालाकार, परवेज अख्तर, मो. कलाम खान, बैजनाथ महतो, शरण सिंह राणा, जवाहर लाल यादव, जसीम रजा, नसीम टुनू, मदन महतो, भाई प्रमोद सिंह, जीतेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, मो. मोदस्सर कादरी, मो. कलीम, मो. शहजाद, मुजू खान, विवेश सिंह, अर्जुन रविदास, भुनेश्वर रविदास, कैलाश ठाकुर, मोइसिन रजा, शंकर कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

### नीट-यूजी के छात्रों के साथ इंसाफ करे मोदी सरकार : बेनीलाल

**बेरमो।** नीट-यूजी 2024 की परीक्षाओं को लेकर देश भर में जारी विवाद और इससे जुड़ी याचिकाओं पर अदालत में चल रही सुनवाई के बीच सुप्रीम कोर्ट में दो नई याचिकाएं दायर की गई है। पहली याचिका इस परीक्षा में 20 छात्रों की ओर से दायर की गई है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट से नीट-यूजी 2024 को रद्द करने और 5 मई को हुई इस परीक्षा में बरती गई अनियमितताओं और प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में भी सीबीआई या किसी दूसरी स्वतंत्र एजेंसी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग की गई है। इस मामले को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। श्री महतो ने कहा कि छात्रों के इस आंदोलन और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के कार्य का मैं नैतिक समर्थन करता हूं और न्यायालय तथा केंद्र की मोदी सरकार से छात्रों के साथ इंसाफ करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भाजपा नीति मोदी सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करे।

तिसरी थाना पुलिस ने शराब लोड एक कार को पकड़ा

### 306 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद



संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला की तिसरी थाना पुलिस ने शराब लोड एक कार को पकड़ा है। कार में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिहार ले जाया जा रहा था। इसी दौरान जिला के एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना मिली और पूरी कारवाई को एसपी के निर्देश पर अंजाम दिया गया। कार में कुल 306 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। जिनमें बी7-375 एमएल की 220 बोतलें और 180 एमएल की 86 बोतलें शामिल हैं। इस संबंध में बताया गया कि हुंडई वरना कार संख्या जेएच 10-क्यू-5055 में मंडरो से अंग्रेजी शराब लोड कर बिहार ले जाने की सूचना एसपी को मिली थी। इसी सूचना के बाद खोरिमाहुआ एसडीपीओ को कारवाई के लिए निर्देशित किया गया। एसडीपीओ के निर्देश पर तिसरी थाना पुलिस अलर्ट हुई और वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान तिसरी के खिजुरी के समीप पुलिस को देख कार चालक वाहन को लेकर भागने लगा। मगर आगे पुलिस चेकनाका के पास पुलिस की घेराबंदी देख वाहन चालक एवं उसपर सवार दो अन्य लोग कार खड़ी कर मौके पर से फरार हो गए। पुलिस टीम द्वारा कार की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इस मामले तिसरी थाना में कांड संख्या 38/24 के तहत केस दर्ज किया गया है।

## कबरीबाद माइंस बंद होने से लगभग 300 मजदूरों का हाल बेहाल : राजेश

संवाददाता

**गिरिडीह।** माइंस को जल्द शुरू करने का प्रयास किया जाय। साथ हीं साथ आउटसोर्सिंग वाले की लगातार शिकायत आ रही है। एक सप्ताह में सुधार कर लिया जाय। वरना माले के साथीगण खुद जांच में जायेंगे। जिला प्रशासन और सीसीएल प्रशासन को लिखित आवेदन देंगे। माले नेता राजेश सिन्हा अचानक सीसीएल क्षेत्र कबरीबाद पहुंचे। कर्मी के हालात के बारे में बात की तो पता चला कि अप्रैल से बंद होने के बाद मजदूर और कर्मियों से मनमाने तरीके से काम कराया जाता है। सम्मान जनक काम करने को सब तैयार है। किंतु टेक्निकल को भी पत्थर चूनने भेजा जाता है। जिसका तकलीफ मजदूरों ने बताया। मजदूरों ने बताया कि मैनेजमेंट खाने की छुट्टी नही देता है,पानी पीने की छुट्टी नही देते हैं, ऐसी बातो को सुनकर श्री सिन्हा ने मैनेजर से भी बात की। उन्होंने कहा कि ऐसी



कोई बात नही है। आपसी ताल मेल की कमी है जल्द सब ठीक होगा।
माले नेता ने कहा कि जब माइंस स्टार्ट हुआ था तो लोगो में खुशी थी कि आय का साधन कोलियरी एरिया में बढ़ता किंतु ऐसा नहीं हुआ। ट्रक वाले परेशान हैं सैकड़ो ट्रक वाले ट्रक बेच चुके हैं। उस एरिया का हालात खराब है। बेरोजगारी इतनी बड़ी हुई है कि लोग सूद लेकर अपना घर चलाने को मजबूर हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सब बेहतर करें वरना आंदोलन किया जाएगा। श्री सिन्हा माइंस से निकलकर यादव टोला पहुंचे। उस एरिया की शिकायत थी कि ब्लास्टिंग के कारण सबके घर में दरार आ रही है, घर से दूर किया जाय। ब्लास्टिंग और जब घर में दरार पड़ रही है, तो मरम्मत करना सीसीएल का काम है। साथ हीं साथ सिन्हा ने कहा कि सीसीएल एरिया को बेहतर करने का उपाय मैनेजमेंट को करना चाहिए और आम लोगो को भी सीसीएल का सहयोग करना चाहिए।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह ने दूसरी बार सांसद बने चंद्र प्रकाश चौधरी का किया स्वागत

संवाददाता

**गिरिडीह।** लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार सांसद बने चंद्रप्रकाश चौधरी के स्वागत में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। सीसीआई के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित इस समारोह के दौरान सांसद का भव्य स्वागत किया गया। सीसीआई की ओर से उन्हें शॉल और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस दौरान गिरिडीह के व्यवसायियों व नागरिकों के हित में लोगों ने कोलकाता और पटना के लिए रेल सेवा शुरू करवाने की मांग की। इस पर अपने संबोधन में सांसद श्री चौधरी ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मंत्रालय व विभाग से वातालर्पा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे जानते हैं कि गिरिडीह से कोलकाता के लिए ट्रेन सेवा कितनी जरूरी है। वे इसके लिए



पूरा जोर लगाएंगे और उम्मीद करते हैं कि रेलमंत्री से इस मांग को पूरा करवाने में सफल होंगे। उन्होंने इस आयोजन के लिए सीसीआई के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में वे समय-समय पर जनता दरबार लगाकर जनसमस्याओं को सुनेंगे और उसका हरसंभव निदान का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अरविंद कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष राहुल वर्मन ने किया। मौके पर लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज, आजसू जिलाध्यक्ष गुड्डू यादव, भाजपा के जिला प्रवक्ता कामेश्वर पासवान, सीसीआई के सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल दास भदानी, अमरनाथ मंडल, राजेश गुप्ता, रवि कुमार, सीए ब्रमदेव बरनवाल,सीए राकेश बर्णवाल, रंजित केशरी,संजय बरनवाल,आभाष गुप्ता,संजय गुप्ता,हबलु गुप्ता, पिंटू गुप्ता, अरुण गुप्ता समेत सीसीआई के कई सदस्य मौजूद थे।

फर्जीवाड़ा कर किसानों की कीमती जमीन हड़पने का भाकपा माले ने किया विरोध

## झामुमो नेता संग ग्रामीणों की बैठक, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड में भू माफियाओं का मनोबल इतना बढ़ चुका है कि अब वे अंचल कार्यालय से सांठगांठ और फजीर्वाड़ा करके गलत वंशावली तथा एलपीसी बनवाकर किसानों की जमीन रजिस्ट्री करवाना भी शुरू कर दिए हैं।
उक्त बातें आज भाकपा माले के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने इस सवाल पर वहां करमाटांड़ गांव में पीड़ित किसानों के साथ आयोजित एक बैठक में आवश्यक जानकारी लेने के बाद



कही। श्री यादव सहित बैठक में मौजूद झामुमो नेता सह स्थानीय मुखिया दशरथ किस्कू ने भी जिला प्रशासन से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए यह भी ऐलान किया कि किसान जान देकर भी अपनी जमीन की रक्षा करेंगे। इस इस मामले में माले नेता ने किसानों से मिली जानकारी और दस्तावेजों के आधार पर बताया कि, गांडेय थाना नंबर 423 अंतर्गत मौजा करमाटांड़ में खाता नंबर 01, प्लॉट नंबर 152, 153, 149, 148 से संबंधित कुल जमीन में से 5.04 एकड़ जमीन गलत एलपीसी तथा गलत वंशावली बनवाकर रजिस्ट्री करवा दी गई है। जानकारी मिलने पर असल भू-स्वामियों के द्वारा अंचल कार्यालय में इसकी शिकायत कर आगे की कार्रवाई पर रोक लगाने की अपील की गई। साथ ही, गांडेय थाना तथा उपायुक्त गिरिडीह को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया है। आज की बैठक और विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से रोहित यादव, नुनुलाल महतो, गोवर्धन यादव, प्रमोद यादव, सुरेंद्र यादव, उमेश यादव, शिवचरण यादव, प्रकाश यादव, मिथिलेश यादव, कामदेव यादव, रंजीत यादव, गणेश यादव, सुनील यादव, उपेंद्र यादव, पूरन यादव, नीमा यादव, प्रदीप यादव, झगरु महतो, अशोक यादव, रोहित यादव, विक्की यादव, दासो यादव, अर्जुन यादव, सुरेश यादव, पूसा महतो, राजू महतो, सोहेल महतो, टेटू महतो, दिलीप यादव, संजय यादव, दिवाकर यादव, मिठ्ठू यादव, अजय यादव, प्रभु यादव, जागेश्वर महतो सहित बड़ी तादाद में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## मधुबन में मोरारी बापू का 9 दिवसीय रामकथा शुरू

संवाददाता

**गिरिडीह।** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल मधुबन के पावन धरती पर आध्यात्मिक संत सह प्रसिद्ध रामकथा वाचक मारोरी बापू की 9 दिवसीय रामकथा की शुरूआत हुई। मोरारी बापू के मधुबन के मकर संक्राति मैदान पहुंचने के बाद कार्यक्रम स्थल जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम स्थल पहुंचते हीं सबसे पहले संगीतमय हनुमान चालिस पाठ किया गया।
संगीतमय हनुमान चालिसा पाठ के शुरू होते हीं पूरा कार्यक्रम स्थल भक्तिमय हो उठा। अपने प्रवचन की शुरूआत मोरारी बापू ने भगवान हनुमान के भजन के साथ की। इस दौरान मोरारी बापू



ने कहा कि रामचरितमानस का मंगलाचरण सात मंत्रों से हुआ है। मोरारी बापू ने गुरु शब्द पर भी व्याख्या दिया। गुरु महिमा के बारे में बताते हुए रामचरितमानस की चौपाई संगीतमय धुन में सुनकर श्रद्धालु धार्मिक रंग में सराबोर हो गए। उन्होंने कहा कि दृष्टि विवेकमय होनी चाहिए। मोरारी बापू के रामकथा सुनने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु मधुबन पहुंचे हुए है।

मधुबन में आयोजित मोरारी बापू की रामकथा सुनने के लिए केलिफोर्निया, नेपाल, भूटान, अमेरिका, दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, गुजरात, यूपी, बंगाल, झारखंड, बिहार के अलावे देश के कई राज्यों से श्रद्धालु मधुबन पहुंचे हुए है।

बाहर से आये श्रद्धालुओं के होटल में रहने के साथ-साथ भोजन की भी व्यवस्था आयोजक समिति के द्वारा की गयी है। वहीं देश-विदेश से श्रद्धालुओं के पहुंचने के बाद मधुबन के बाजार में भी रौनक बढ गयी है।

# बाघमारा विस क्षेत्र में हम होंगे अव्वल बनाएंगे अलग पहचान : सूरज महतो

संवाददाता



**धनबाद।** जनशक्ति दल के प्रधान कार्यालय कांको में शनिवार 15 जून को संगठन के हजारों सक्रिय कार्यकताओं का महाजुटान हुआ। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के समस्त पंचायतों एवं सभी वार्ड से आए कार्यकताओं के बीच संगठन के सुप्रीमो सह बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सूरज महतो ने चुनावी रणनीति का आगाज कर दिया। उन्होंने कार्यक्रम का शंखनाद करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के खिलाड़ी और विजेता हम होंगे। हमारा संगठन अव्वल होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में वे जीत का परचम लहराते हुए बाघमारा का अलग पहचान बनाएंगे। इसके लिए वे अभी से हीं अपनी मजबूत रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है।

श्री महतो ने अपने सभी सक्रिय कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कमर कस लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनशक्त्ति? दल के गठन से महज एक साल के भीतर पूरे बाघमारा में आस्था रखने वाले 20 हजार लोगों को संगठन से जोड़कर एक कृतिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि आज से एक साल पहले हमलोगों ने जिस उद्देश्य के तहत संगठन की नीव रखी थी वह साकार होता दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारे सुधी कार्यकर्ता हीं संगठन की रीढ़ की हड्डी हैं। इसके बिना संगठन का सपना पूर्ण कर पाना असंभव है। उन्होंने अभियान में जोरशोर के साथ में जुटते हुए पंचायत व वार्ड के एक-एक घर पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि घर-घर जाकर संगठन के उदेश?यों को बताएं तथा कम से कम एक व्यक्त्ति? को संगठन से जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि बाघमारा में कोई नहीं बाहरी है। सभी हमारे भाई-बंधू हैं। हम जात-पात की राजनीति पर नहीं समरता पर विश?वास करते हैं। इस बीच कार्यक्रम में शामिल हुए सैंकड़ों कार्यकताओं के गगनचुबी नारों से पूरा वातावरण गुंज्यमान हो उठा। कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त जोश व जज्बा देखने को मिला।

# झामुमो धनबाद जिला समिति द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा एवं गिरिडीह लोकसभा चुनाव परिणाम पर झामुमो धनबाद जिला समिति द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन गोबिन्दपुर प्रखंड अन्तर्गत डाक-बंगला परिसर में किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने की। वहीं संचालन जिला सचिव मन्नु आलम ने किया। उक्त बैठक में सभी विधानसभा के पंचायत स्तर पर मिले मतों की सम्पूर्ण समीक्षा की गई।

अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन ने कहा कि पूरे जिले में झामुमो का प्रदर्शन अच्छा रहा है। टुण्डी विधानसभा में हमलोग विपक्ष से अधिक मत प्राप्त किए हैं। साथ हीं सिन्दरी विधानसभा एवं निरसा विधानसभा में 2019 के मुकाबले इस बार अधिक मत प्राप्त हुआ है। निश्चित तौर पर कुछ चूक हुई है, जिसे हम सभी को मिलकर सुधार करने की आवश्यकता है। अपने संबोधन में जिला सचिव मन्नु आलम ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले में हमारा वोट प्रतिशत दुगना बढ़ा है। हम सभी कार्यकताओं ने पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम किया हैं और उसी का नतीजा है कि सिन्दरी विधानसभा एवं निरसा विधानसभा में पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले दुगना वोट हासिल हुआ है। साथ हीं आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए एक रणनीति के साथ बूथ स्तर पर हमारी तैयारी ज्लद सुरू होगी एवं पुनः राज्य में महागठबंधन की सरकार का गठन होगा। मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य अलाउद्दीन अंसारी,धरनीधर मंडल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, जिला सह सचिव एजाज अहमद, फुलचंद किस्कू, यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गुलाम कुरैशी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर अंसारी,किसान मोर्चा महावीर महतो,बरलियापूर प्रखंड अध्यक्ष सूरजकांत सोरेन, सचिव गोउर मंडल, निर्मल रजवार,बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टुडू, विकास दास, राजेन्द्र हेम्ब्रम,सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### कसमार से भागे चारों आदिवासी बच्चे गोमिया से सकुशल बरामद

**बोकारो।** कसमार थानाक्षेत्र के पोंडा गांव से 14 जून की सुबह से गायब चारों बच्चों को गोमिया के डुमरी विहार रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया। रविवार को चारों बच्चो को कसमार पुलिस व परिजनों के सहयोग से घर लाया गया। बच्चों के घर पहुंचने के बाद सभी ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार 14 जून की सुबह चारों बच्चे सागर हांसदा, राजु बेसरा, निखिल सोरेन व शशिकांत हांसदा खांजो नदी में नहाने के लिए गए थे। जब बच्चे काफी देर तक घर नहीं लौटे तो सभी की खोजबीन शुरू हुई। परिजनों के लगातार खोजबीन के क्रम में सबसे पहले शशिकांत हांसदा को शनिवार दोपहर डुमरी विहार रेलवे स्टेशन में पकड़ा था। इसके बाद निखिल सोरेन (13 वर्ष, पिता रमन मांझी) को रविवार सुबह के समय गोमिया प्रखंड के सियारी गांव से बरामद किया गया, जबकि दो अन्य बच्चों सागर हांसदा (उम्र 13 वर्ष, पिता सागर हांसदा) एवं राजू बेसरा (14 वर्ष, पिता बाबू दास मांझी) को रविवार दोपहर के समय गोमिया रेलवे स्टेशन में बरामद करने में सफलता मिली। जब शशिकांत को डुमरी विहार में परिजनों ने पकड़ा था तो अन्य तीनो बच्चे भी वहीं थे जो परिजनों को देखकर जंगल में भाग गए थे। हालांकि, रविवार देर शाम तक कोई बच्चा अपने घर पोंडा नहीं पहुंच पाया था। परिजनों ने कहा कि बच्चे देर रात तक पहुंचेंगे, उसके बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वे किन कारणों से घरों से भागे थे।

### पम्मी शांडिल्य विंध्यवासिनी देवी सम्मान से सम्मानित

बेरमो। भोजपुरी लोकगायिका पम्मी शांडिल्य को कोलकाता के रिसडा. में पिछले दिनों आयोजित भोजपुरी साहित्य विकास मंच एवं प्रगति शोध फाउण्डेशन द्वारा इनकी उत्कृष्ट गायन पर विंध्यवासिनी देवी सम्मान से सम्मानित किया गया। झारखंड भोजपुरी संघर्ष वाहिनी सहित सभी भोजपुरी परिवार ने पम्मी शांडिल्य सहित आयोजन समिति को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### हनुमान मंदिर का द्वितीय वार्षिक समारोह आज, भजन संध्या का आयोजन

**फुसरो।** बोकारो जिलांतर्गत जरीडीह प्रखंड अंतर्गत बांधडीह-जैनामोड़, रामगढ़ रोड स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव समारोह प्रत्येक वर्षों की भांति 17 जून को धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमें भोजपुरी लोकगायिका पम्मी शांडिल्य भजन प्रस्तुत करेंगी। उक्त जानकारी बजरंगबली सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल ने देते हुए सभी श्रद्धालुओं से समय पर भजन संध्या कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

### कसमार पहुंचा दक्षिण अफ्रीका में मृत युवक राजकिशोर का शव

**बोकारो।** एक सप्ताह पूर्व दक्षिण अफ्रीका के बुरुंडी देश के बुजुंबुरा में ब्रेन हेमरेज से मृत बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के गर्री निवासी युवक राजकिशोर प्रजापति का शव रविवार रात कसमार पहुंचा। शव के कसमार पहुंचते हीं परिजनों के चीत्कार से पूरा गांव शोक में डूब गया। पत्नी, बच्चे से लेकर माता पिता व परिजन बार बार बेहोश हो रहे थे। स्थिति को देखते हुए रविवार रात्रि में ही परिजनों ने दाह संस्कार करने का निर्णय लिया। मालूम हो कि कसमार थानाक्षेत्र के गर्री निवासी निरंजन प्रजापति के बड़े पुत्र राजकिशोर प्रजापति (47 वर्षीय) का निधन एक सप्ताह पूर्व दक्षिण अफ्रीका के बुरुंडी देश के बुजुंबुरा शहर में हो गया था। वे बुरुंडी के बुजुंबुरा में आफ्री टेक्सटाइल्स नामक एक कपड़े की प्रतिष्ठित कंपनी में कार्यरत थे। एक साल पहले ही वे काम करने उक्त कंपनी में दो साल के करार में गए हुए थे। एक सप्ताह पूर्व अचानक उनकी तबियत बिगड़ी और ब्रेन हेमरेज से उनकी मौत की सूचना उनके सहकर्मियों ने दी थी।

# धनबाद मंडल द्वारा मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान

## विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया

संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धनबाद- चन्द्रपुरा-कोडरमा खण्ड में मजिस्ट्रेट महोदय की उपस्थिति में टिकट चेकिंग एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई। इस जांच अभियान में कुल 1534 यात्रियों को पकड़ा गया। जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री गण शामिल थे। इस दौरान उनसे 07 लाख 77 हजार 620 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 172 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है। ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# फुसरो में दामोदर नदी पर गंगा दशहरा को लेकर गंगा आरती का आयोजन

संवाददाता



**फुसरो।** हिन्दुस्तान पुल फुसरो के समीप हर साल की तरह दामोदर नदी तट पर रविवार को दामोदर बचाओ आंदोलन समिति की ओर से गंगा दशहरा मनाया गया। यहां मुख्य यजमान समाजसेवी जीतेंद्र सिंह व उनकी पत्नी भाजपा नेत्री अर्चना सिंह ने पूजा अर्चना में भाग ली। यहां पुजारी रजनीकांत पांडेय और बिट्टू पांडेय ने पूरे विधि विधान के साथ पुजन कराया। साथ हीं सभी ने संयुक्त रूप से गंगा आरती की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी आदि शामिल हुए। पूर्व सांसद श्री पांडेय ने कहा कि इस तरह का आयोजन सनातन धर्म का धरोहर है। विधायक सरयू राय ने दामोदर को गंदगी से मुक्त करने के लिए दामोदर बचाओ आंदोलन अभियान की शुरूआत की। यह अभियान दामोदर के उदगम स्थल से शुरू हुआ और सभी जगहों पर गंगा दशहरा मनाते हुए नदी तट पर आरती की गयी। यह आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है, जो काफी सराहनीय है। साथ हीं हिन्दुओं के लिए आस्था का केंद्र है। मौके पर भाजपा नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, वैभव चौरसिया, दयानंद प्रसाद बरनवाल, पंकज पांडेय, दिनेश सिंह, कुंज बिहारी पांडेय, भोला दिगार, सुभाष विद्यार्थी बरनवाल, नवल किशोर सिंह, जीतेंद्र सिंह, सुमित सिंह, अभिषेक सिंह, विद्यार्थी पांडेय, विवेश सिंह, गोपी डे, कैलाश ठाकुर, ओमप्रकाश राजा, राधा देवी, वीणा देवी आदि मौजूद थे।

# जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया

संवाददाता



**तेनुघाट/ जारंगडीह।** सर्वोच्च न्यायलय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज बोकारो अनिल मिश्रा के निदेर्शानुसार तेनुघाट जेल में तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम मनोज प्रजापति की अगुवाई में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बंदियों को संबोधित करते हुए श्री प्रजापति ने बंदियो को कानूनी जानकारियां देते हुए डायन प्रथा अधिनियम के बारे में बताया कि दहेज लेना और देना दोनों कानूनी अपराध है। इसलिए ऐसे अपराध से बचना चाहिए। आगे डायन प्रथा अधिनियम के बारे में बताया कि किसी को डायन कहना अपराध है, जिसमें जेल भी जाना पड़ता है। डायन कमजोर, वृद्ध व विधवा महिलाओं को लोग कहते हैं। आगे कई तरह की कानूनी जानकारियां बंदियो को दी। आगे बताया कि जेल में बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। आगे बताया कि जेल जेल नहीं यह सुधार गृह है, जहां से आप अपने गलतियों पर विचार कर उसे सुधार कर बाहर निकले। मुंसिफ शिवराज मिश्रा ने भी बंदियों को कानूनी जानकारियां देते हुए बताया कि जो बंदी अधिवक्ता नहीं रख सकते हैं उनके आवेदन पर उन्हें न्यायालय के द्वारा अधिवक्ता मुहैया कराया जाता है। बंदियो के द्वारा कोई भी आवेदन नहीं दिया गया था, इसलिए कोई भी बंदी जेल से रिहा नहीं हुए। बंदियों को जानकारियां देने के बाद न्यायिक पदाधिकारी ने जेल में बंदी वार्ड, महिला वार्ड, रसोईघर, सहित अन्य जगह का निरीक्षण किया। मंच संचालन कर रहे अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने बंदियों को दहेज अधिनियम, अधिकार एवं कर्तव्य सहित कानून की कई जानकारियां दी। स्वागत भाषण तथा धन्यवाद ज्ञापन जेलर नीरज कुमार ने किया। पैनल अधिवक्ता देवदत तिवारी ने भी कई तरह की जानकारियां दी। इस अवसर पर सुजय आनंद, विजय कुमार, मदन प्रजापति सहित जेल के में मौजूद जेल प्रशासन ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई।

## बीसीसीएल तिलाटांड कॉलोनी के कर्मियों ने ग्रामीणों का लाइन काटा

# ग्रामीणों ने लाइन जुड़वाने के लिए किया हंगामा



संवाददाता


**धनबाद।** तिलाटांड महिला थाना के निकट बिजली काटने और जोड़ने के सवाल पर ग्रामीण और बीसीसीएल में कार्यरत कॉलोनी निवासी आमने-सामने हो गए। हो हंगामा की खबर सुनकर कतरास पुलिस पहुंची।

कतरास पुलिस के पहुंचते हीं ग्रामीण भाग खड़े हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के अंतर्गत तिलाटांड कॉलोनी में एक महीना से बीसीसीएल कर्मी अनियमित विद्युत आपूर्ति से त्रस्त है। बीसीसीएल कार्यरत कर्मियों ने त्रस्त होकर ग्रामीणों का लाइन काट दिया।

जिससे उत्तेजित ग्रामीण लाइन जुड़वाने के लिए पहुंच गए। ग्रामीणों के पहुंचने के साथ ही बीसीसीएल कर्मी और ग्रामीण आमने सामने हो गए दोनों के बीच मामला बिगड़ता की पुलिस समय पर पहुंच गयी। पुलिस को देखते हीं ग्रामीण वहां से भाग निकले। अब भी ग्रामीणों का लाइन कटा हुआ है और ग्रामीण लाइन जुड़वाने के लिए अड़े हुए हैं। बरहाल ग्रामीण और बीसीसीएल कर्मियों में स्थिति तनाव पूर्ण हो गई है। यहां कभी भी हिंसक झड़प हो सकती है। तत्काल कतरास पुलिस वहां कैंप किए हुए है। हंगामा के बाद बाद स्थिति वहां तनावपूर्ण है।

# झारखंड : क्राइम में रांची टॉप पर दूसरे नंबर पर कोयलांचल धनबाद

संवाददाता




**धनबाद।** अपराध के ग्राफ में रोजाना इजाफा हो रहा है। इसे लेकर असुरक्षा की भावना से जनजीवन त्रस्त है। बच्चों व किशोरों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। अपराधियों के प्रति नरम रवैया बड़ी चिंता का विषय है। आखिर जघन्य अपराधों के बावजूद पुलिस अधिकारी नरम रुख अपना रहे हैं।

राज्य में अपराध के ग्राफ में रोजाना इजाफा हो रहा है। असुरक्षा की भावना से जनजीवन त्रस्त है। चारों जिलों में जुलाई-23 से जनवरी-24 तक हत्या के 241 मामले दर्ज हुए हैं। चोरी के 2878 और गृह भेदन के 653 मामले दर्ज हुए है। पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि बीते वर्ष 2023 में अपराध के बढ़े मामले चिंताजनक हैं। जुलाई-2023 से जनवरी-24 के बीच रांची, धनबाद, बोकारो और गिरिडीह में आपराधिक मामले पहले से काफी बढ़ गये हैं। स्टेट क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के रिकॉर्ड के अनुसार जुलाई से जनवरी के बीच चोरी के सर्वाधिक 1510 मामले रांची में, धनबाद में 604, बोकारो में 502 व गिरीडीह में 262 मामले दर्ज किये गये। जुलाई-23 से जनवरी-24 के बीच बलात्कार के मामले सर्वाधिक 140 मामले रांची में, गिरिडीह में 77, धनबाद में 43 व बोकारो में 25 मामले दर्ज किये गये।

**अगस्त में सर्वाधिक 638 मामले दर्ज**

बीते महीनों के दौरान मामलों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। जुलाई के मुकाबले अगस्त में काफी ज्यादा मामले दर्ज किये गये। फिर सितंबर में मामले कम हुए, जो अक्तूबर में दुबारा बढ़ गये। मामलों में नवंबर व दिसंबर में गिरावट हुए। फिर जनवरी-24 में मामले बढ़ गये। जुलाई में कुल मामले 558,अगस्त में सर्वाधिक 638, सितंबर में 556, अक्तूबर में 607, नवंबर में 574, दिसंबर में 544 व जनवरी-24 में 584 हो गये। आंकड़ों से स्पष्ट है कि अगस्त में सर्वाधिक और दिसंबर में सबसे कम मामले दर्ज हुए। इनमें भी राजधानी रांची सबसे आगे है। धनबाद दूसरे, बोकारो तीसरे व गिरीडीह चौथे पायदान पर है। हालांकि ये सिर्फ वो मामले हैं जो दर्ज किये गये हैं। कई मामले तो ऐसे भी होंगे जो थाने तक पहुंच भी नहीं पाये होंगे।

# प्रभातम मॉल में पर्यावरण के प्रति लोगों को सजग करने के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

संवाददाता



**धनबाद।** भारत विकास परिषद, धनबाद मुख्य शाखा द्वारा इस बार की गर्मी को देखते हुए प्रभातम मॉल में पर्यावरण के प्रति लोगों को सजग करने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बूंद बूंद से घड़ा भरता है यानी कि हर छोटी से छोटी चीज को ध्यान रखें तो हम धनबाद वासी काफी हद तक पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। आज के इस अभियान में 472 व्यक्तियों ने अपने हस्ताक्षर किए। इसी उद्देश्य के साथ हमने वहां पर आए लोगों से यह संकल्प लिया कि वह हर छोटी चीज को देखते हुए पर्यावरण को बचाने का पूरा प्रयास करेंगे। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएंगे। विशेष कर अपने या अपने बच्चों के जन्मदिन पर और इसके बड़े होने तक ख्याल भी रखेंगे। हम ऐसे उपाय भी करेंगे जिससे आगे पेड़ कम कटे। कागज का उतना ही प्रिंट आउट निकालेंगे जितना जरूरी हो वरना उसे कंप्यूटर या ईमेल में हीं रहने देंगे। कागजों के दोनों तरफ लिखेंगे एवं अखबार के कागज का इस्तेमाल गिफ्ट रैपिंग पेपर के रूप में करेंगे। बाथरूम में जो फ्लश है उसमें छोटा बटन का इस्तेमाल करेंगे। ताकि पानी का कम से कम इस्तेमाल हो। घर में सब्जी फल आदि के छिलकों को पानी में दो-तीन दिन तक गलाने के बाद इस पानी से अपने घर के पौधों में खाद के रूप में इस्तेमाल करेंगे। घरों में जल संग्रह के लिए जो भी तरीकें हैं उनको बनाएंगे और जितना संभव हो जल संग्रह करेंगे। प्लास्टिक का कम से कम इस्तेमाल करेंगे। खरीदारी करते समय घर से कपड़े का थैला ले जाएंगे। प्लास्टिक की बोतल का इस्तेमाल गाड़ी में बिल्कुल नहीं करेंगे।

## सुभाषितम्

**अपने विषय में कुछ कहना प्रायः बहुत कठिन हो जाता है क्यों कि अपने दोष देखना आपको अप्रिय लगता है और उनको अनदेखा करना औरों को। - महादेवी वर्मा**

## क्या सत्ता में बैठे व्यक्ति को अहंकारी होना चाहिये?

इस समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर जबरदस्त हमला हो हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व अत्यधिक आत्मविश्वासी और अहंकारी हो गया है। यह आरोप राष्ट्रीय स्वयं संघ के मुखपत्र आर्गनाइजर में संघ के प्रमुख चिंतक श्री रतन शारदा द्वारा लगाया गया है। उनका आरोप है कि यदि नेतृत्व अहंकारी नहीं होता और अति आत्मविश्वासी नहीं होता तो भाजपा की झोली में लोकसभा की 400 सीटें आ जातीं। यद्यपि नाम नहीं लिया जा रहा है परंतु बहुत साफ है कि यह हमला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर है। इसमें कोई संदेह नहीं कि श्री मोदी अपने व्यवहार और अपने नीतिगत निर्णयों को लेने में बहुत कम अपने सहयोगियों से परामर्श करते हैं। जहां भाजपा का सवाल है वह राष्ट्रीय स्वयं संघ की एक शाखा है।

संघ द्वारा 1950 में जनससंघ का गठन किया था। उसके बाद कुछ कारणों से जनसंघ को भंग करना पड़ा और उसके बाद भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। चाहे जनसंघ का समय हो चाहे भारतीय जनता पार्टी का, दोनों संस्थाओं के गठन के समय यह तय हो गया था कि जनसंघ और भाजपा कोई भी निर्णय आपसी परामर्श से ही करेंगे। इस तरह का मैकेनिजम चलता रहे इसलिए यह तय किया गया था कि राष्ट्रीय स्वयं संघ की ओर से एक प्रमुख नेता जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी में डेपुटेशन के रूप में भेजा जाता था और इस व्यक्ति को आर्गनाइजर कहा जाता था। इस समय यह व्यवस्था है कि नहीं ज्ञात नहीं है। इस बात पर कोई संदेह नहीं कि किसी व्यक्ति का पद जितना ऊँचा हो उतना ही उससे यह अपेक्षा होती है कि वह उतना विनम्र और सोम्य हो। भारतीय जनता पार्टी में अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे ही नेता थे। वे जब तक प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने संघ से संपर्क बनाए रखा। वे नागपुर जाकर संघ के प्रमुख से मिलते रहे। वे जब भी बंबई जाते थे शिवसेना के प्रमुख बाल ठाकरे के निवास पर जाकर उनसे मिलते थे। अब हम कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों की चर्चा करें तो प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी कहीं से अहंकारी नजर नहीं आते थे।

बड़े नेताओं से लेकर आम जनता तक उनका सतर्क संपर्क रहता था। वे जब दिल्ली में रहते थे तो रोज कम से कम 500-600 लोगों से अपने निवास-तीन मूर्ति मार्ग पर मिलते थे। वे ठीक 9 बजे जनता के बीच में पहुंच जाते थे और जब तक आखिरी व्यक्ति से नहीं मिल लेते थे वे सचिवालय के लिए रवाना नहीं होते थे। उनके उत्तराधिकारी लालबहादुर शास्त्री तो दिखने में कतई प्रधानमंत्री नहीं लगते थे। उनकी इमेज लगभग एक किसान नेता की थी। शास्त्री जी के बाद इन्दिरा जी प्रधानमंत्री बनीं। इन्दिरा जी का स्वभाव कुछ हद तक अहंकारी था परंतु राष्ट्र के हित में वे अपने अहंकार का चोला उतार फेंक देती थीं। इस संबंध में दो घटनाएं मुझे याद आ रही हैं-उत्तरप्रदेश में चुनाव होने वाले थे। उत्तरप्रदेश की राजनीति में हेमवती बहुगुणा का काफी महत्व था। चुनाव के पूर्व इन्दिरा जी और बहुगुणा में कुछ मतभेद थे। परंतु चुनाव की खातिर वे बहुगुणा से मिलने गईं और उस मुलाकात के बाद दोनों के मतभेद दूर हो गये। इस घटना की टाईम्स ऑफ इण्डिया ने जैसे रिपोर्ट की थी वह मुझे आज भी याद है। टाईम्स ऑफ इण्डिया ने लिखा कि प्राईम मिनिस्टर इंदिरा गांधी इन ऑर्डर टू ओवरकम। द एंगरी फीलिंग्स ऑफ बहुगुणा वेंट टू मीट हर अलांग विथ हिज सन राजीव गांधी, डॉटर इन-लॉ सोनिया गांधी, सन संजय गांधी, डॉटर इन-लॉ मेनका गांधी एण्ड देयर सन एण्ड डाटर्स सी ऑलसो टुक अलांग विथ हर देयर पेटी डॉग। द रिजल्ट वॉज पॉजिटिव। जब बंगलादेश का युद्ध चल रहा था तो यह आवश्यक समझा गया कि देश में सांप्रदायिक सौहाद्र बना रहे। इस काम में वे जानती थीं कि राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रमुख गोलवलकर की प्रमुख भूमिका हो सकती है। गोलवलकर से इन्दिरा जी के संबंध कभी मधुर नहीं थे। परंतु राष्ट्र के हितों को देखते हुए उन्होंने गुरू गोलवलकर से मधुर संबंध बनाना आवश्यक समझा।

## चिंतन-मनन

### बल और बुद्धि में संतुलन जरुरी

एक बार बल और बुद्धि में विवाद हो गया। बल ने कहा मैं बड़ा हूं। मेरे बिना कुछ भी नहीं होता। बुद्धि ने कहा तुम किसी काम के नहीं हो। मैं बड़ी हूं। मेरे बिना तुम्हारी उपयोगिता ही क्या है? दोनों इस विषय पर उलझ गए। विवाद का निपटारा करने के लिए वे विवेक के पास पहुंचे। दोनों ने अपनी-अपनी श्रेष्ठता बताते हुए न्याय करने की प्रार्थना की। विवेक ने कहा मेरे साथ चलो। मैं न्याय करूंगा। उसने अपने हाथ में एक हथौड़ा और लोहे की एक कील ली। वह कील मुड़ी हुई थी। विवेक उन दोनों को साथ लेकर चल पड़ा। वे तीनों एक वृद्ध व्यक्ति के पास पहुंचे। विवेक बोला आप समझदार हैं, बुद्धिमान और अनुभवी हैं। हमारा एक छोटा-सा काम कर दें। यह लोहे की कील टेढ़ी हो गई। आप इसे सीधी कर दें। वृद्ध ने कहा-हां कर दूंगा। विवेक ने वृद्ध के हाथ में हथौड़ा थमा दिया। वृद्ध व्यक्ति ने हथौड़ा चलाना चाहा किंतु वह उसे चला नहीं सका। उसके हाथ इस कार्य को करने में असमर्थ थे। उसने हथौड़ा लौटाते हुए कहा भाई, यह कार्य संभव नहीं है। विवेक ने बुद्धि से कहा देखो, बुद्धिमान होते हुए भी यह वृद्ध इस छोटे से कार्य को नहीं कर सका। बुद्धि, बल और विवेक तीनों आगे बढ़े। विवेक ने देखा एक हट्टा-कट्टा जवान खेत में काम कर रहा है। वह शक्तिशाली था किंतु बुद्धिमान नहीं था। तीनों उस जवान के पास पहुंचे। विवेक ने कहा भैया, तुम बहुत शक्तिशाली हो। क्या तुम हमारा एक काम कर दोगे? यह लोहे की कील टेढ़ी हो गई है। इसे सीधा करना है। तुम इस हथौड़े से इसे सीधा बना दो। जवान ने हथौड़ा हाथ में लिया। कील को रेतीले टीले पर रखा। उस पर हथौड़े से एक जोरदार प्रहार किया। उस तेज प्रहार से खूब रेत उड़ी और सबकी आंखों में भर गई। कील भूमि के अंदर तक चली गई। विवेक ने बल से कहा जब बल होता है, बुद्धि नहीं होती, तब यही स्थिति बनती है। बल और बुद्धि दोनों का अहंकार आहत हो उठा। विवेक ने कहा- बलवान वही है, जिसमें बल और बुद्धि दोनों हो। जब तक मनुष्य में अपने बल और बुद्धि का घमंड रहेगा, उस पर भगवान की कृपा नहीं होगी।

## आज का राशिफल

**मेष** : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कार्य भी सिद्ध होंगे।

**वृष** : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे।

**मिथुन** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कर्क** : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंह** : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।

**कन्या** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**तुला** : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**धनु** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मकर** : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कुंभ** : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मीन** : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी।

# प्यासी धरती करे पुकार : आओ सहेजें वर्षा जल इस बार



डॉ. अजय खेमरिया

रिकार्ड तोड़ भीषण गर्मी विदा हो रही है। इस साल तपती धरती ने हमें आने वाले कल की झलक दिखला दी है। सभी पैरामीटर्स ध्वस्त से हो गए थे। हम फिर भी नहीं चेते तो त्रासदी का अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। गर्मी के साथ तीन चौथाई हिस्से में पानी का संकट खड़ा हुआ है। जितना पानी उपयोग के लिए चाहिए उससे दस गुना हम बर्बाद कर रहे हैं। प्रकृति ने पानी की प्रचूर उपलब्धता सुनिश्चित की है, वर्षा और भूजल के माध्यम से। मानसून तटों से लेकर शहरों तक दस्तक दे चुका है। लेकिन क्या हम इस वर्षा जल को सहेजने के लिए तैयार हैं? सरकारें हर साल अभियान चलाकर जल संग्रहण के प्रयास करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'कैच द रेन' जैसे अभियान शुरू कर वर्षा जल को सहेजने का आह्वान किया। इसके बावजूद भारत में वर्षा जल संग्रहित नहीं हो रहा है। सब कुछ सरकार पर छोड़ने की दुर्भाग्यजनक मानसिकता ने भारत के परम्परागत लोकजीवन को पूरी तरह विस्थापित कर दिया है। न केवल जल संचय बल्कि इसकी बबार्दी के भी सभी रिकॉर्ड हम भारतीय तोड़ने में अग्रणी हैं।

सवाल यह कि जब हम वर्षा जल संग्रहण में सदियों से पारंगत रहे हैं तब हमें सरकारी तंत्र की आवश्यकता क्यों पड़ने लगी है? असल में उपभोक्तावाद और प्रकृति के साथ अलगाव की जीवनशैली ने हमारा तानाबाना ही बिगाड़ कर रख दिया है। यही कारण है कि प्रकृति के साथ जिस समाज का रिश्ता पिता-पुत्र सा था, आज वही समाज प्रकृति के रौद्र रूप को झेल रहा है। आज आवश्यकता है जल, जमीन और जंगल के साथ हमारे सनातन प्रावधित रिश्तों को जीवित करने की। इस वर्षा ऋतु के साथ ही हम इसकी शुरूआत कर सकते हैं। आंकड़े दशार्ते हैं कि भारत के शहरी क्षेत्रों में 970 लाख लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल की हालत अधिक अच्छी नहीं है। वहां भी लगभग 70 फीसद लोग प्रदूषित पानी पीने और 33 करोड़ लोग सूखे वाली जगहों में रहने को मजबूर हैं। भारत में कुल मिलाकर लगभग 70 फीसदी जल प्रदूषित है। देश में पहले से ही सीमित मात्रा में जल उपलब्ध है, बावजूद इसके जल की बबार्दी निरंतर जारी है। यह प्रवृत्ति खतरनाक है। जिस रफ्तार से पानी की बबार्दी हो रही है, उसके चलते हमारा आने वाला कल बेहद भयावह हो सकता है। भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। नदियां सूख रही हैं। दलदली भूमि यानी वेटलैंड भी खतरे में हैं। एक सौ पचास करोड़ की जनसंख्या वाला हमारा देश जल संरक्षण को लेकर गंभीर भी नहीं है, देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले अकेले मुंबई में ही वाहनों को धोने में हर रोज लगभग पचास लाख लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई आदि महानगरों में पाइप लाइनों में रिसाव के चलते प्रतिदिन 17 से 44 फीसद पानी बेकार बह जाता है।

नीति आयोग की हालिया भूजल पर जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में इस बात की चेतावनी दी गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार 21 बड़े शहरों में भूजल खत्म होने के कगार पर है, इससे करीब 15 करोड़ आबादी सीधे पानी के लिए तरसने पर विवश होगी। नीति आयोग के इस अध्ययन से पता चलता है कि भारत किस तरह जल संकट से घिरता जा रहा है। वर्षा और भूजल प्रबंधन में नाकामी ने भारत में भविष्य के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। आज धरती के 17 प्रतिशत लोग भारत में निवास करते हैं। 15 प्रतिशत जानवर हैं लेकिन मानक अनुसार साफ पानी के संसाधन केवल 04 प्रतिशत ही शेष है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल 03 मीटर तक भूजल कम हो रहा है। यानी पाताल का पानी भी हर साल घटता जा रहा है। इसका सबसे अहम कारण है खेती के पारंपरिक तरीकों को छोड़कर कथित आधुनिक खेती जो 80 फीसदी जमीन के अंदर उपलब्ध पानी पर ट्यूबवेलों पर निर्भर है।

भारत में हर साल 3880 बिलियन क्यूबिक मीटर (एक बिलियन यानी एक अरब) जल वर्षा में आता है। इसमें से केवल 699 बिलियन क्यूबिक मीटर जल ही हम शुद्ध रूप में उपयोग कर पाते हैं।असल में ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि हमने विकास के नाम पर पुरानी जल संग्रहण व्यवस्था को नष्ट कर दिया है। 70 साल पहले गांवों और शहरों में अनगिनत तालाब और ऐसे ही अन्य जल संग्रहण इकाइयां थी आज बढ़ती आबादी के दबाब ने इन सभी को नष्ट कर दिया है। आधुनिक जल संग्रहण के प्रयास नेताओं और अफसरों के हवाले छोड़ दिये गए है इसमें जनभागीदारी नहीं के बराबर है। नतीजतन वर्षा जल संग्रहण में हम नाकाम हो चुके हैं।

1947 तक हर भारतीय के लिए करीब 60 लाख लीटर पानी सहजता से उपलब्ध था। 2011 में यह घटकर 15 लाख लीटर रह गया। 2031 में यह 13.50 लाख लीटर रह जायेगा। अनुमान है कि 2051 में यह घटकर करीब 11 लाख लीटर ही रह जायेगा। विशेषज्ञों के अनुसार जब प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 17 लाख लीटर से कम हो जाती है तो यह गंभीर जल संकट की श्रेणी में माना जाता है। स्पष्ट है कि हम भविष्य में विकराल जल संकट की ओर बढ़ चुके हैं। केंद्रीय जल आयोग का अध्ययन बताता है कि हर भारतीय औसतन 45 लीटर पानी हर दिन बर्बाद कर रहे हैं। यह बबार्दी घर, बाथरूम और अन्य माध्यमों से हो रही है। पहले हमारे घरों में जरूरत के अनुरूप पानी संग्रहित होता था क्योंकि स्त्रोत कुँए बाबड़ी थे और स्नान, शौच में भी आज की तरह विदेशी व्यवस्था नही थीं। घरों में लगे आरओ एक लीटर पानी को शुद्ध करने के लिए चार लीटर पानी बर्बाद करता है। बोतलबंद पानी बनाने वाली कम्पनियां हर घण्टे 15 हजार लीटर पानी जमीन से निकाल रही हैं। एनजीटी के अनुसार देश में हर दिन सम्मिलित रूप से 49 अरब लीटर पानी बर्बाद किया जा रहा है।

नीति आयोग के अध्ययन से पता चलता है कि आने वाले दो तीन दशकों में भारत की 60 प्रतिशत जनसंख्या के सामने पेयजल का गंभीर संकट आने वाला है। भोपाल, इंदौर,रतलाम, दिल्ली, नोयडा, गुरुग्राम, आगरा, पटियाला, अमृतसर, बीकानेर, गाजियाबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, अजमेर, मोहाली, चंडीगढ़ जैसे शहरों में तो 2030 तक ही भयावह हालात निर्मित होने वाले हैं। भारत में उपलब्ध जल की उतनी कमी नहीं है। हमारे देश की मुख्य नदियों के अलावा हमें औसतन सालाना 11.70 करोड़ घनमीटर बारिश का पानी मिल जाता है। इसके अलावा, नवीकरणीय जल संरक्षण से भी 1608 अरब घनमीटर पानी हर साल मिल जाता है। दुनिया का नौवां सबसे बड़ा 'ताजा जल संग्रह' हमारे पास है। उसके बाद भी भारत में व्याप्त पानी की समस्या स्पष्टतः जल संरक्षण को लेकर हमारे कुप्रबंधन को दशार्ती है, न कि पानी की कमी को। जल संरक्षण आज की जरूरत है। इसके लिए उपयुक्त जल निकासी, साफ और सुरक्षित तरीके से अपशिष्ट जल के निपटान की व्यवस्था जरूरी है। इस व्यवस्था के अंतर्गत गंदे पानी को पुनर्चक्रित कर उसे उपयोग लायक बनाया जा सकता है, ताकि उसे वापस लोगों के घरों में पीने और घरेलू कार्यों में इस्तेमाल हेतु भेजा जा सके। सूखा प्रभावित क्षेत्रों में अच्छी गुणवत्ता वाली सिंचाई प्रणाली सुनिश्चित की जा सकती है। इन प्रणालियों को इस प्रकार प्रबंधित किया जा सकता है ताकि पानी बर्बाद न हो।

# भारत समेत दुनिया के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे अपने स्वर्ण भंडार

प्रहलाद सबनानी

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों में रखे भारत के 100 टन सोने को ब्रिटेन से वापस लाया गया है। यह सोना भारत ने ब्रिटेन के बैंक में रिजर्व के तौर पर रखा था और इस पर भारत प्रतिवर्ष कुछ फीस भी ब्रिटेन के बैंक को अदा करता रहा है। समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं।

पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है।

वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के





बैकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं।

कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार हैं। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है। भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है।


वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है। स्वर्ण भंडार सहित आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गए हैं और यह भारत के लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि है। अतः अब भारत को अपने स्वर्ण भंडार बेचने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी इसलिए भी भारत ने ब्रिटेन में स्टोर किए गए अपने स्वर्ण भंडार को भारत में वापिस लाने का निर्णय किया है।

विश्व में आज विभिन्न देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने पास स्वर्ण के भंडार भी बढ़ाते जा रहे हैं। आज पूरे विश्व में अमेरिका के पास सबसे अधिक 8133 मेट्रिक टन स्वर्ण के भंडार है, इस संदर्भ में जर्मनी, 3352 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ दूसरे स्थान पर एवं इटली 2451 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ तीसरे स्थान पर है। फ्रान्स (2437 मेट्रिक टन), रूस (2329 मेट्रिक टन), चीन (2245 मेट्रिक टन), स्विजरलैंड (1040 मेट्रिक टन) एवं जापान (846 मेट्रिक टन) के बाद भारत, 812 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ विश्व में 9वें स्थान पर है।

भारत ने हाल ही के समय में अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करना प्रारम्भ किया है एवं यूनाइटेड अरब अमीरात से 200 मेट्रिक टन स्वर्ण भारतीय रुपए में खरीदा था। हाल ही के समय में चीन का केंद्रीय बैंक भारी मात्रा में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण की खरीद कर रहा है। कुछ अन्य देशों के केंद्रीय बैंक भी अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने में लगे हैं। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण के दामों में बहुत अधिक वृद्धि देखने में आई है और यह 2400 अमेरिकी डॉलर प्रति आउंस तक पहुंच गई है।

कई देश संभवतः अपने विदेशी मुद्रा के भंडार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में स्वर्ण भंडार को अधिक महत्व दे रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर अधिक निर्भरता से कई देशों को आर्थिक नुक्सान झेलना पड़ रहा है। यदि अमेरिकी डॉलर अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत हो रहा हो तो उस देश की मुद्रा का अवमूल्यन होने लगता है। इससे उस देश में वस्तुओं का आयात महंगा होने लगता है और उस देश में मुद्रा स्फीति के बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इन विपरीत परिस्थितियों में घिरे देश के लिए स्वर्ण भंडार बचाव का काम करते हैं। इसलिए आज लगभग प्रत्येक देश के केंद्रीय बैंक अपने स्वर्ण भंडार को बढ़ाने के बारे में विचार करते हुए नजर आ रहे हैं।

# एनडीए सरकार और मोदी-3.0 की 'मन की बात'



ऋतुपर्ण दवे

मोदी मंत्रिमण्डल का गठन जरूर हो गया लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी-भरकम मंत्रिमण्डल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कहीं जाएगी जो उन्होंने एकबारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमण्डल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े, उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हम उम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने झुकना, सबको अब भी हैरान कर रहा है।

यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमण्डल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली।

भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से 'मोदी का परिवार' हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं।

अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर है। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है। आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तवज्जो चाहेगी तो कमोबेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेण्डे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं। अपने दम पर बहुमत हासिल करने में नाकाम भाजपा नीत गठबंधन सरकार को लेकर दुनिया भर में कौतूहल था। लेकिन मंत्रिमण्डल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू? क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं? बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमण्डल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया। हालांकि चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में नीतीश का न जाना फिर चचाओं में है। लेकिन इटली में जी-7 सम्मेलन में बिना सदस्य रह कर भी विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बुलाना और दुनिया के शीर्ष नेताओं से मेल-मुलाकात के बाद मोदी की नई छवि और कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक चचाओं ने नया मोड़ जरूर ले लिया है। लेकिन देश के अंदर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और दक्षिण के चुनाव परिणामों के मायने पर भी जानकारों की राय बंटी हो सकती है। लेकिन यह सच है कि असल परीक्षा के लिए लोकसभा के नियमित सत्र और नए अध्यक्ष तक इंतजार करना होगा।

## सूडोकु नवताल- 7099

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaun.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7098 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं की हुई समीक्षा बैठक
# पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करने का लिया निर्णय

संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** एनएच 39 कधवन गांव स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप रविवार को आगामी 2024 विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपाइयों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश, जिला, प्रखंड, स्तरीय नेता व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। आयोजित बैठक की अध्यक्षता उंटारी रोड जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता अरविंद सिंह व संचालन वेद प्रकाश शर्मा ने किया।



बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकर पांडेय, भाजपा नेता सीएस दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, जिला परिषद विजय रविदास सहित भाजपाई शामिल थे। जहां सभी नेताओं ने बीते लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक जीत बताते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं को शुभकामना दी। साथ ही आने वाला विधानसभा चुनाव को लेकर गहन चिंतन मंथन करते हुए बारी-बारी से कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। साथ हीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि समर्पित भाजपाई होने के बाद भी सभी सम्मान के लिए अपने को उपेक्षित महसूस करते रहे हैं। उपस्थित

**पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को अभियान चलाकर जोड़ने के लिए किया जाएगा कार्य, कार्यकर्ता पार्टी के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं**

पार्टी के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं का सम्मान करते रहा है और आगे भी बना रहेगा। पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता साधारण नहीं होता, वे हर दायित्व को पूर्ण रूप से निर्वहन करने की क्षमता रखते है।

पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी के सभी पुराने कार्यकताओं को तेजी से संगठन में जोड़ने का कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके लिए अभियान चलाकर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता विनय कुमार शुक्ला, भाजपा नेता सुनील कुमार पांडेय, रविंद्र उपाध्याय, बृजेंद्र पाठक, लक्ष्मीकांत पांडेय, विनोद तिवारी, प्रेमानंद तिवारी, पुष्पेंद्र सहित कई भाजपा नेता व पदाधिकारी मौजूद थे।

# किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है केंद्र की मोदी सरकार: कर्नल संजय

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए शपथ लेने के तुरंत बाद ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना की सत्रहवीं किस्त जारी करते हुए साढ़े नौ करोड़ किसानों को लाभान्वित कर अपना वचन निभाया है। उक्त बातें भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ये कार्य उनके किसानों के प्रति उनकी संवेदना तथा लगाव को दशार्ता है। केंद्र की मोदी सरकार किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है।



- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सालाना 6,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है
- पिछली किस्त फरवरी में जारी हुई थी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सालाना 6,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। पिछली किस्त फरवरी में जारी हुई थी। इसलिए 17वीं किस्त का समय जून में है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सत्रहवीं किस्त अठारह जून के बाद किसानों के खाता डाल जाएगा। उन्होंने समस्त किसानों कि तरह से मोदी जी का आभार प्रकट किया।

## एक नजर

### बकरीद में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस जवानों ने किया फ्लैग मार्च



**नीलांबर पितांबरपुर।** पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने फ्लैग मार्च निकालकर बकरीद को शांति के साथ मनाने का आग्रह किया। फ्लैग मार्च कोटखास, लेस्लीगंज मेन बाजार, कुरान पतरा होते हुए थाना पहुंची। मौके पर उन्होंने कहा कि कोई भी व्यवधान, उपद्रवी और असामाजिक तत्वों द्वारा डाला जाता है, तो इसके लेस्लीगंज थाना प्रशासन तैयार है। थाना प्रभारी ने सभी लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च में पुअनि प्रदीप कुमार, विक्रम शील, राजू मांझी अमर कुमार बावरी एएसआई सच्चिदानंद शर्मा, जितेंद्र कुमार, रंजीत कुमार साह, गोविंद कुमार सहित थाना सशस्त्र बल के दजर्नों पुलिस के जवान फ्लैग शामिल थे।

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**हुसैनाबाद/ पलामू।** ईद उल अजहा(बकरीद) पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में शुक्रवार को शान्ति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने की। थाना प्रभारी ने शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का अपील किया। ईदगाह कमिटी के सदस्यों ने नमाज अदा की समय भी बैठक में रखी। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रहेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की नजर बनी रहेगी। किसी भी प्रकार के अफवाहों से बचने की भी अपील की है। मौके पर एसआई शशि शेखर पांडेय, जेएमएम नेता डॉक्टर आलम, पूर्व वार्ड पार्षद सोहेल आलम, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, अजय मोदनवाल, उदय सोनी, अवधेश सिंह, मुन्ना कुमार देव, खालिद अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### बाबा साहब की लगे प्रतिमा के चबूतरा की सुंदरीकरण के लिए मुखिया ने की सहयोग

**नीलांबर पितांबरपुर।** प्रखंड के हरतुआ पंचायत के ग्राम सोनेसरई में बाबासाहेब आंबेडकर चौक का प्रतिमा के चबूतरा को सुंदरीकरण करने के लिए पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला ने 21000 का सहयोग किया। मौके पर श्री शुक्ला ने कहा कि बाबासाहेब अम्बेडकर भारत में सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं, उन्होंने देश में सभी वर्गों के लिए काम किया। वह किसी वर्ग व जाति के बंधन नहीं रहे। अम्बेडकर ने स्त्री शिक्षा व भेदभाव रहित भारत की स्थापना के विचार को महत्व देते हुए संवैधानिक व्यवस्था की। मौके पर उपेंद्र कुमार रवि अनुज कुमार विनय कुमार रवि राम लखन कुमार विकेश कुमार सहित दर्जो ग्रामों जनता उपस्थित थे।



### 200 यूनिट बिजली फ्री करने की घोषणा पर पूर्व मंत्री ने झारखंड के मुख्यमंत्री को दी बधाई

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व विधायक के एन त्रिपाठी ने चंपई सोरेन सरकार के 125 यूनिट बिजली फ्री देने के बाद अब 200 यूनिट बिजली फ्री देने की दिशा में कार्य करने को लेकर इंडिया गठबंधन की ओर से बधाई दिया है, साथ ही यह मांग किया है कि अगले माह में इसकी घोषणा सरकार स्तर से कर दिया जाता तो लोगों को सुविधा जल्द से जल्द मिलना प्रारंभ हो जाता, साथ ही पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए भी उन्होंने मीडिया के माध्यम से मांग किया कि डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में पानी की समस्या का स्थाई निदान किया जाए जिससे लोगों का कष्ट दूर हो सके। मौके पर श्री त्रिपाठी ने बताया कि डाल्टनगंज विधानसभा में बहुत सारे कार्य करने हैं। इसको लेकर सरकार का ध्यान मैं लगातार आकृष्ट कराने का काम करता रहूंगा। डाल्टनगंज विधानसभा का विकास हो इसको लेकर मैं लगातार चिंतित रहता हूं, आने वाले समय में डाल्टनगंज विधानसभा को नए रूप में हम सजाएंगे इसी संकल्प के साथ मैं लगातार क्षेत्र की समस्याओं पर अपनी नजर बनाए रखा हूं, साथ ही 25 वर्ष से लेकर 49 वर्ष तक की महिलाओं को पेंशन देने की दिशा में इंडिया गठबंधन सरकार के द्वारा जो कार्य हो रहा है।

# पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि रामगढ़ थाना काण्ड संख्या 24/24 दिनांक - 15.05.2024 धारा-302/201/34 भा.द.वि. वादी सीता राम पे.- स्थ. सरजू राम सा.- इस्लामनगर बभंडी थाना रामगढ़ जिला पलामू के फर्दव्यान के आधार पर वादी के पिता स्व. सरजू राम की हत्या अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा किये जाने के पश्चात् साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को घटनास्थल के पास के कुआं में डाल दिए जाने के आरोप में प्रतिवेदित कराया गया है। हत्या जैसे जघन्य अपराध का उद्भेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, पलामू मणिभूषण प्रसाद के निदेर्शानुसार अनुसंधानकर्ता द्वारा घटनास्थल के आस-पास के ग्राम चौपरिया, लमटी, बभंडी, इस्लाम नगर इत्यादि जगहों पर गुप्तचर की तैनाती किया गया।



अनुसंधान के क्रम में गुप्तचर के माध्यम से ज्ञात हुआ कि मृतक काफी दिनों पूर्व से ओझा-गुणी का काम करते आ रहा था तथा गांव के लोगों के साथ पैसा का लेन-देन भी करता था। इसके अलावे मृतक के पत्नी की मृत्यु काफी दिनों पूर्व हो जाने के कारण मृतक की दोस्ती एवं प्रेम-प्रसंग ग्राम लमटी के भक्तिन से है। अनुसंधान के क्रम में गुप्तचर से प्राप्त हुए आसूचना का सत्यापन स्थानीय ग्रामीणों से किये जाने पर यह बात प्रकाश में आई की ग्राम लमटी की 1. भक्तिन, 2. किसुनदेव उरांव एवं 3. संतोष उरांव लोकसभा के मतदान के दिन बूथ पर मतदान करने के पश्चात् अपने-अपने घर से भाग गये हैं।

दिनांक 15.06.24 को गुप्तचरों के द्वारा किसुनदेव उरांव पिता स्व. नगु उरांव और संतोष उरांव पिता- स्व. मेघराज उरांव दोनों पता लमटी थाना रामगढ़ जिला पलामू को अपने अपने घर पर बीते देर रात्रि को चोरी छिपे आता देखा गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मेदनीनगर पलामू के निर्देशन पर अनुसंधानकर्ता द्वारा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ मिलकर ससमय छापामारी कर उक्त दोनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा भक्तिन के साथ मिलकर शराब में जहर/ नशा का गोली खिलाकर बेहोश कर रस्सी /जोरी एवं ओढनी/ स्टाल के सहारे मृतक सरजू राम की गला दबकर हत्या किये जाने की बात स्वीकार किया गया है।

### यूपी का इनामी गांजा तस्कर पलामू से गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू यूपी का इनामी गांजा तस्कर झारखंड के पलामू से गिरफ्तार हुआ है। 2021 में उत्तर प्रदेश के फतेहपुर के इलाके में 20 क्विंटल से अधिक गांजा बरामद हुआ था।



इस छापेमारी में मास्टरमाइंड फरार हो गया था। गांजा तस्करी का आरोप पलामू के लेस्लीगंज के रहने वाले विश्वनाथ तिवारी पर लगा था। वो 2021 से फरार था। यूपी पुलिस ने पलामू के लेस्लीगंज से विश्वनाथ तिवारी को गिरफ्तार किया। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि यूपी पुलिस इलाके में पहुंची थी। स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है।


# हत्या में शामिल अपराधियों को पकड़वाने वाले को एक लाख का इनाम देंगे : बीनू

- नाबालिग लड़की श्रेया के हत्यारों को जबतक गिरफ्तार करवा कर सजा नहीं होती है, तब तक झारखंड बिहार का क्षत्रिय समाज चुप नहीं बैठेगा

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद से सटे बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर की नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला प्रशासन से अविलंब हत्यारों की गिरफ्तारी करने की मांग की है।

उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि नाबालिग लड़की श्रेया के हत्यारों को जबतक गिरफ्तार करवा कर सजा नहीं होती है, तब तक झारखंड बिहार का क्षत्रिय समाज चुप नहीं बैठेगा।



प्रशासन और सरकार की नींद हराम कर दिया जाएगा। उन्होंने हत्यारों को पकड़वाने वालों को एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। जानकारी हो की नबीनगर की नाबालिग लड़की 11 जून को घर से कोचिंग के लिए निकली थी लेकिन, घर वापस नहीं लौटी। लापता होने के तीन बाद नाबालिक का शव पुलिस ने बरामद किया। लड़की की मां ने अपनी बेटी की सहेली, उसकी मां और बगल गांव के एक युवक पर अपहरण और हत्या का मामला दर्ज कराया है। विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा है कि ये नियति कहे कि वहां के कानून व्यवस्था की कमी। क्या बेटियां सुरक्षित नहीं हैं? क्या वो अपनी पढ़ाई भी पूरी नहीं कर सकती? कैसी दरिंदगी है? नबीनगर की घटना बेहद शर्मनाक है, उन्होंने वहां के जिला प्रशासन से मांग की है की बेटी की घटना में सम्मिलित अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान हमारी बिटिया को अपने श्री चरणों में स्थान दे और इस दुख की घड़ी में परिवार को सहनशीलता दें।

# सड़क दुघर्टना में एक की मौत, दो रेफर

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** जपला दंगवार मुख्य सड़क पर दुलहर गांव के समीप बाइक की पोल से टक्कर हुई, जिसमें एक की हुई मौत व दो घायल हैं, घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में किया गया।

जहां से घायल दोनों को एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। बाइक सवार की पहचान हुसैनाबाद के बड़ेपुर गांव के निवासी के रूप में हुई है। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र की घटना है। मृतक का नाम धर्मेंद्र चौधरी एवम घायल का नाम जॉनी कुमार 20 वर्ष व अनुज कुमार 27 वर्ष है, ये दोनों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। वही पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।



### छत से गिर कर एक व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के लठेया गांव निवाशी कुलदीप यादव उम्र 52 वर्ष बीती रात करीब 11:30 बजे अपने छत से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में घायल के भतीजा बबलू यादव ने बताया की बीती रात कुलदीप यादव गहरी नींद में उठे थे। इसी बीच वह छत से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल कुलदीप यादव को इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी कुलदीप यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### सोलर बैटरी फटने से एक घायल

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के भालोगाड़ी निवाशी स्वर्गीय कुलेश्वर ठाकुर की पत्नी गौरा कुंवर उम्र 55 वर्ष बैटरी फटने पर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 11:00 बजे सोलर बैटरी के बगल में गौरा कुंवर सोई हुई थी। इसी बीच बैटरी चार्ज होने के दौरान फट गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए तरहसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए। उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के बाद भी महिला गौरा कुंवर की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### पुलिस ने किया शराब लदा वाहन जब्त

**हुसैनाबाद/ पलामू।** गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की शाम सबानो गांव के इमामबाड़ा के समीप से 14 पेटी देशी शराब लदा एक बोलेरो को जब्त किया गया। पुलिस ने इस कारोबार से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इनमें लोटनिया गांव के मनीष यादव व एकौनी गांव के अलोक यादव शामिल हैं। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना के एसआइ शशि शेखर पांडेय ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जपला, सबानो के रास्ते शराब की एक खेप बिहार जाने वाली है। इस सूचना पर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पुलिस सबानो गांव के इमामबाड़ा के समीप पहुंची। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे एक बोलेरो को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक भागने की कोशिश करने लगा जिसे पुलिस जवानों ने दौड़कर वाहन में बैठे चालक समेत दो को गिरफ्तार कर लिया। जांच में बोलेरो से 14 पेटी में रखे टनाका देशी शराब की 672 बोतल बरामद की गयी। इसके बाद शराब सहित बोलेरो (जेएच 03डी-4884) को जब्त कर थाना लाया गया। पुलिस गिरफ्त में आये दोनों युवकों ने पूछताछ में बताया कि बौलेरो एकौनी गांव के डब्लू गिरी का है। उसी के सहयोग से हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र से शराब की खेप बिहार में भेजी जाती है।

# महिलाएं आगे आए 33 प्रतिशत बिल पास: अरुणा शंकर

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गंगा दशहरा के दिन पलामू सौडीक समाज मेदिनीनगर की एक अहम् बैठक होटल ज्योतिलोक में समाज के अध्यक्ष सतीश साहू की अध्यक्षता में डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए कई गणमान्य लोगों के साथ रखी गई। बैठक मैं मुख्य अतिथि के तौर पर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर उपस्थित थी, जिन्हें समाज की ओर से अध्यक्ष सतीश साहू एवं सतबरवा से आई भाजपा नेत्री प्रीति गुप्ता ने बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सतीश साहू ने कहा हमारे समाज के लोग शहर से लेकर हर छोटे से छोटे गांव में बसे हैं, जो समाज की अर्थव्यवस्था बनाए रखने एवं कई लोगों को रोजगार देने में अहम भूमिका निभा रहे। हमारे लोग जहां शहर में बड़े व्यवसाइ के रूप में स्थापित है वही गांव गांव में साव जी के नाम से प्रचलित गांव घर के हर सुख दुख में खड़े नजर आते। डाल्टनगंज क्षेत्र में हमारे जाति की संख्या बढ़ते जा रही



क्योंकि प्रमंडल मुख्यालय होने के नाते दूर दराज से कई परिवार बच्चों को एजुकेशन, व्यवसाय करने के लिए तेजी से शहरी क्षेत्र में बस रहे। श्री सतीश साहू ने कहा 2017 में हम सबों ने केवल डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा का सर्वेक्षण कराया था जिसका आंकड़ा लगभग 22 हजार से ऊपर था। श्री साहू ने कहा बैठक का मुख्य एजेंडा पलामू प्रमंडल के हर विधानसभा में बैठक कर अपनी जाति का विधानसभा वार सर्वेक्षण कराना, अधूरे पड़े समाज के भवन को पूरा करना एवं समाज का मिलन समारोह करने हेतु विचार पर रखा गया है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा हमारा समाज हर समाज के सुख दुख में खड़ा रहता बिना भेदभाव किए, हमारा समाज रोजगार देता हर वर्ग की जरूरत पुरी की जाती आज उसी का नतीजा है हर समाज के लोगों ने मिलकर आपके समाज की बेटी को बिना किसी जाति भेदभाव किए शहर की प्रथम महापौर बना दिया। मैं अपने समाज के साथ-साथ समाज के दूसरे वर्ग का भी शुक्र गुजार हूं जिनके सहयोग के बदौलत 62 वर्ष तक राज करने वाले चक्रव्यूह को तोड़ सकी।

प्रथम महापौर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा अपने समाज के लोग सिर्फ लड़कों पर ही नहीं अपनी बेटियों पर भी भरोसा कीजिए उनको पढ़ाई के साथ-साथ राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में भी आगे आने का मौका दीजिए, अब तो सरकार भी राजनीतिक क्षेत्र में 33% महिला बिल पास कर दि है जहां लोकसभा से लेकर विधानसभा तक महिलाएं अपनी बातें प्रमुखता से रख पाएंगी। बैठक में उपस्थित संस्था के संरक्षक आनंद शंकर ने कहा समाज के भवन का निर्माण जल्द पूरा करें मेरी जहां भी सहयोग की आवश्यकता मेरा परिवार आगे रहेगा।

बैठक में उपस्थित संजय प्रसाद, अनिल गुप्ता सलतुआ, संदीप प्रसाद सतबरवा, संतोष गुप्ता ,मनोज चैनपुर, शशि प्रसाद सोहसा, मिथिलेश प्रसाद गुप्ता, रूपेश कुमार, सिंधु गुप्ता, प्रोफेसर विजय गुप्ता, रघुनाथ प्रसाद, अवध प्रसाद, सुनील गुप्ता, सुशील गुप्ता अखिलेश प्रसाद अधिवक्ता, सत्येंद्र प्रसाद अधिवक्ता सभी लोगों ने एक माह के अंदर अपने समाज की जनसंख्या सर्वेक्षण के बाद एक बड़ी बैठक कर हर पार्टी से हर विधानसभा में अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग रखेगा।

बैठक का संचालन संजय गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन राधेश्याम प्रसाद द्वारा किया गया। बैठक में चैनपुर, शाहपुर, सतबरवा, पोलपोल, मेदिनीनगर, भंडारिया, बरगढ़ रामगढ़ से काफी संख्या में प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### गंगा में डूबी कार, बाल-बाल बची किशोर की जान

**कोलकाता।** कोलकाता के नीमतला घाट पर एक कार अनियंत्रित होकर गंगा नदी में डूब गई। हालांकि कार में मोजूद किशोर की जान बचा ली गई। घटना रविवार सुबह की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दक्षिण कोलकाता के आनंदपुर से एक परिवार रविवार सुबह भूतनाथ मंदिर में पूजा करने आया था। कार एवं किशोर को घाट पर छोड़कर सभी लोग बाहर नीचे उतर गये। गियर बदलते समय पूरी स्कॉर्पियो कार नदी में गिर गयी। यह देख स्थानीय लोग दौड़े आए और उन्होंने किसी तरह किशोर को बचा लिया और घाट पर ले आये। तब तक कार नीचे जा गिरी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन मंगाई गईं और आपदा प्रबंधन दल भी बुलाए गए। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद कार को पानी से निकाला गया।

### अभिषेक बनर्जी अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी रविवार सुबह पेट की तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती हुए हैं। सूत्रों के अनुसार रविवार सुबह उन्हें इएम बाइपास के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आज उनकी पेट की सामान्य सर्जरी होगी। अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद अभिषेक के टेस्ट शुरू किए गए हैं। इसके लिए एक विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन किया जा गया है। सर्जरी के बाद तृणमूल महासचिव को रविवार को ही अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि अभिषेक ने इस सप्ताह बुधवार को राजनीति से अस्थायी अवकाश की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि वह चिकित्सा के कारण पार्टी के काम से कुछ समय के लिए अवकाश ले रहे हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी बीमारी के बारे में जानकारी नहीं दी।

### पटना मे पदस्थापित एएसपी की गाड़ी मोतिहारी में पलटी, ड्राइवर की मौत, तीन घायल

**पूर्वी चंपारण।** जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय उच्चपथ 28 ए पर बीती देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमे स्कार्पियो चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य घायल बताये जा रहे है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित एएसपी शे.अलाउद्दीन बकरीद के अवसर पर अपने पैतृक गांव प.चंपारण के मरजदवा जा रहे थे।एएसपी एक अन्य गाड़ी पर सवार थे।जबकि उनका बॉड़ीगार्ड व स्कॉट के जवान एक स्कार्पियो पर सवार थे।ज्योही स्कॉट कर रही स्कार्पियो सिंघिया गुमटी रेल ओवरब्रिज पर पहुंची त्योही स्कार्पियो का चक्का ब्लास्ट कर गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर पुल के रेलिग से टकराकर पलट गयी। जिससे ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।जबकि उस पर सवार तीन अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गये।जिन्हे बंजरिया थाना पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। मृतक ड्राइवर पटना के फुलवारी निवासी 42 वर्षीय इम्तेयाज बताये गये है।जबकि घायल अन्य पुलिस के जवान बताये गये है।

### 1652 किलो जानवर की हड्डी बरामद

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के गुआबारी पोस्ट पर तैनात एसएसबी 20वीं वाहिनी के जवानों ने भारत नेपाल सीमा पर 1652 किलो जानवर की हड्डी बरामद की है। इन हड्डियों को उनसठ प्लास्टिक की बोरियों में भरकर बलुआ गांव में भारत नेपाल सीमा के करीब पचास मीटर भीतर बांस की झाड़ियों में छिपाया गया था। गश्ती दल का नेतृत्व उप निरीक्षक रविकांत कर रहे थे। 20वीं बटालियन के कमांडेंट ने बताया कि भारत नेपाल बॉर्डर के पिलर संख्या 346/06 बलुआ गांव के निकट से कुल 59 बोरो में रखा हड्डी की खेप को बरामद किया गया है। प्रत्येक बोरी का वजन 28 किलोग्राम है। यह किस उद्देश्य से रखा गया था। इसकी जानकारी ली जा रही है। बरामद हड्डियों को कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### पत्नी से कलह के बाद पति ने दी जान



**नवादा।** नवादा में रविवार को पत्नी के घरेलू कलह किए जाने से तंग आकर एक पति ने आत्महत्या कर ली है। घर में हीं फांसी की फंदा से लटककर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद पूरा परिवार शोक में है और रो-रोकर बुरा हाल है। बहरहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजी है। यह घटना नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बिहटा गांव की है। पति-पत्नी में विवाद हुआ तो पति ने गुस्से में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजन में कोहराम मचा गया। मृतक व्यक्ति की पहचान बिहटा गांव निवासी लक्ष्मण चौहान उर्फ लच्छू चौहान के रूप में हुई है। मृतक के भाई छोटेलाल चौहान ने बताया कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी में हमेशा विवाद हुआ करता था। रविवार को उनकी भाजी शिव परिचिर्या में गयी हुई थी। रात्रि में उनके पति ने कहा था कि मैं थका हूं,थोड़ा शरीर में तेल लगा दो। इतने में पत्नी आगबबूला हो गयी और घर में लड़ाई -झगड़ा करने लग गयी। उसके बाद पति गुस्से में आकर अपने घर में सो गया। रविवार को चुपके से फांसी लाकर आत्महत्या कर लिया, जिससे उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक है। पकरीबरांवां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि एक व्यक्ति की आत्महत्या कर लिए जाने की सूचना मिली।

# बिहार में भीषण गर्मी से 13 मौतें

**मौसम विभाग ने अगले दो दिन लू चलने के अनुमान लगाए हैं, 18-22 के बीच बारिश के भी अनुमान लगाए हैं**



एजेंसी

**पटना।** बीते 24 घंटे में बिहार का अधिकतम तापमान 46 डिग्री बक्सर में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटे बिहार के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य के लिए झुलसाने वाले रहने वाले हैं, क्योंकि यहां के कुछ हिस्सों में भीषण लहर चलने के आसार हैं। इस भीषण लहर के कारण बीते 24 घंटे में पांच जिलों में 13 लोगों की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा मौते औरंगाबाद में हुईं। यहां पांच लोगों ने भीषण गर्मी के आगे दम तोड़ दिया। सारण और गया में तीन-तीन मौतें, रोहतास और भोजपुर में एक-एक मौत हुई है।

अधिकतम तापमान 44-46 डिग्री रहने का अनुमान है। आज और कल राज्य के बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, जहानाबाद, पटना, गया , सारण, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, अरवल और भोजपुर जिलों के कुछ हिस्सों में लू (भीषण गर्म हवाओं ) के चलने के आसार दिख रहे हैं। हालांकि कल यानी 17 जून को दक्षिण-पश्चिम भाग के कुछ स्थानों एवं गया, जहानाबाद और नबादा के कुछ हिस्सों में ही लू चलने की संभावना है। वहीं जैसे-जैसे बारिश के आसार बढ़ने लगेंगे, राज्य को ठंड़क भरे दिन मिलते ही चले जाएंगे। आने वाली 18 से 22 तारीख तक राज्य के तमाम हिस्सों में अच्छी बारिश के आसार दिखाई पड़ रहे हैं। आज भी राज्य के कुछ हिस्सो में हल्की से लेकर मध्यम स्तर तक की बर्षा होने का संभावना जताई गई है। इन जगहों में पश्चिमी चंपारण, सीवान, सारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर, सुपौल, किशनगंज जैसे जिले शामिल हैं। वहीं पटना, गया, नालंदा, लखीसराय, भागलपुर, बांका, जमुई जैसे जिले में मौसम का सूखा बने रहने का अनुमान लगाया गया है। आने वाली 18 से 22 तारीख के बीच राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश के आसार दिखाई पड़ रहे हैं। इसी के साथ तापमान में भी गिरावट देखी जाएगी। इसका असर आमजन पर पड़ेगा।

# एसएसबी ने ब्राउन शुगर के साथ युवक को पकड़ा

**नेपाल के झापा जिले के अर्जुन धारा का रहने वाला है 41वीं बटालियन के जवानों ने युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा**



एजेंसी

**सिलीगुड़ी।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने सीमा में गश्त के दौरान मादक पदार्थ के साथ नेपाल के एक नागरिक को पकड़ कर रविवार को खोरीबाड़ी थाने को सौंप दिया है। पकड़े गए आरोपित का नाम वेद प्रसाद राजवंशी (19) है।

वह नेपाल के झापा जिले के अर्जुन धारा का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शनिवार देर रत खोरीबाड़ी के पानीटंकी संलग्न भारत-नेपाल सीमा पर गश्त के दौरान एसएसबी की 41वीं बटालियन के जवानों ने युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। जब युवक की तलाशी तो उसके पास से 100 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। युवक पानीटंकी से मादक पदार्थ नेपाल ले जा रहा था। बाद में एसएसबी ने पकड़े गए युवक को पुलिस को सौंप दिया। युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# पेयजल संकट को लेकर भाजपा विधायक के नेतृत्व में लोगों ने किया सड़क जाम

एजेंसी



**कुल्टी।** पश्चिम बर्दवान के कुल्टी विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर कुल्टी में भाजपा विधायक के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने सड़क जाम कर दिया।

दअसल लोकसभा चुनाव में पश्चिम बर्दवान के कुल्टी विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल को भारी हार का सामना करना पड़ा। पाक आरोप है कि इसी वजह से सट्टा रोड पार्टी के लोगों ने इलाके में जलापूर्ति बाधित करती है। रविवार सुबह स्थानीय भाजपा विधायक अजय पोद्दार ने इस घटना को 'मानव निर्मित' बताया और स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर कुल्टी के बराकर बस स्टैंड से सटे इलाके में जीटी रोड जाम कर दया। काफी देर तक सड़क जाम रहने से आसनसोल बराकर रोड बंद हो गया। सूचना मिलने पर कुल्टी थाने की पुलिस मौके पर आयी। पुलिस ने विधायक से बात की। आरोप लगाया गया है कि कुल्टी में केंद्र की राशि से बड़ी पेयजल परियोजना होने के बावजूद वह फेल हो गयी है। चुनाव के बाद से ही तृणमूल बदले की राजनीति कर रही है। पानी की समस्या को लेकर भी विपक्ष ने ऐसी ही शिकायतें की हैं। विधायक अजय पोद्दार ने आरोप लगाया कि इस बार चुनाव में भाजपा क बढ़त मिल गई है इसीलिए पीने के पानी की समस्या को लेकर वार्ड-वार्ड में जो पानी के टैंकर भेजे जाते थे, वो अब बंद कर दिए गए हैं। इसी शिकायत को लेकर उन्होंने रविवार सुबह कुल्टी के बराकर बस स्टैंड से सटे इलाके में सड़क जाम कर दिया।

पुलिस अधिकारी ने विधायक से कहा कि इस मामले में नगर निगम से बात कर समाधान निकाला जाएगा। पुलिस के इस अनुरोध के बाद जाम हटाया गया। विधायक ने कहा कि अगर पेयजल का स्थाई समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड ने ग्रीन हाइड्रोजन के परिवहन के लिए बनाया देश का पहला कंटेनर

संवाददाता



**कोलकाता।** रेल मंत्रालय के अधीनस्थ मिनीरत्न-1 कंपनी ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड (बीसीएल) देश का कंटेनर हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारतऔर मेक इन इंडिया कार्यक्रमों को मजबूती देते हुए बीसीएल ने ग्रीन हाइड्रोजन उपकरण के परिवहन के लिए देश का पहला कंटेनर बनाया है। 40 फीट ७-8 फीट ७ 9.6 फीट इंसुलेटेड और वेंटिलेटेड कंटेनर को सौर और पवन जैसे नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न बिजली का उपयोग करके हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में पानी के विभाजन की इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के लिए डिजाइन और निर्मित किया गया है। इस प्रकार का विशेष और अनुकूलित कंटेनर भारत में पहली बार बनाया गया है। सफल परीक्षण के बाद, बीसीएल को विभिन्न क्षेत्रों और उद्योग घरानों से और अधिक ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।

यह कंटेनर सामान्य आईएसओ कंटेनरों से अलग है और इसमें 9 दरवाजे, 7 वेंटिलेटर हैं। यह स्टैक अरेंजमेंट यूनिट, कूलिंग यूनिट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, एयर-कूलर, रेक्टिफायर, हाइड्रोजन प्यूरिफिकेशन यूनिट, इलेक्ट्रिकल कैबिनेट और एग्जॉस्ट फैन से लैस है। हाइड्रोजन उत्पाद को प्यूरिफिकेशन यूनिट- एयर कूलर/कूलिंग यूनिट के जरिए शुद्ध किया जाएगा, जिसे छत पर लगाया गया है। बीसीएल की इस उपलब्धि पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मोहम्मद असद आलम ने कहा, बीसीएल ने देश का पहला ग्रीन हाइड्रोजन कंटेनर विकसित किया है और यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। सफल परीक्षण और कमीशनिंग के बाद, बीसीएल को भारत और विदेशों में विभिन्न क्षेत्रों/उद्योग घरानों से बड़ी संख्या में ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। पहले ये कंटेनर स्वीडन से आयात किए जाते थे, लेकिन स्वदेशी डिजाइन और डेवलपमेंट के साथ यह लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए बहुत लागत प्रभावी होगा। एक प्रमुख हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी कंपनी ग्रीनएच इलेक्ट्रोलिसिस प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम ने एच2बी2 इलेक्ट्रोलिसिस टेक्नोलॉजी- स्पेन/ जर्मनी के साथ संयुक्त उद्यम में बीसीएल को ऑर्डर दिया।

# एडमास इनोवेटिव स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम



संवाददाता

**कोलकाता।** एडमास यूनिवर्सिटी ने ट्रांसलेशनल रिसर्च, बायो-इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप पर 15 दिवसीय अल्पकालिक कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। अन्य जगहों पर ग्रीष्मकालीन अवकाश के बावजूद, जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) द्वारा समर्थित ई-युवा केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के कई कॉलेजों के 60 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इंटर्नशिप के लिए यूजीसी दिशानिर्देशों का पालन करके और छात्रों को अंतःविषय शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करके कार्यक्रम को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया। ज्ञानवर्धक व्याख्यानों, इंटरैक्टिव कार्यशालाओं और व्यावहारिक गतिविधियों के गतिशील मिश्रण के माध्यम से, प्रतिभागियों को न केवल उन्नत कौशल से लैस किया गया, बल्कि नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया गया।इन युवा दिमागों द्वारा प्रदर्शित जुनून और प्रतिबद्धता प्रेरणादायक थी और प्रतिभा को पोषित करने और उत्कृष्टता की संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए एडमास यूनिवर्सिटी के समर्पण पर जोर देती है।

# बिमल सामल ने मनाया विकास कहानी का जश्न

संवाददाता

**कोलकाता।** कार्यकारी निदेशक बिमल सामल, राहुल अग्रवाल और राहुल मोहता द्वारा प्रबंधित बीएनआईइ कोलकाता सीबीडी (ए) और नॉर्थ, 11 वर्षों से अधिक के गौरवशाली इतिहास वाला क्षेत्र है। 33 अध्यायों में 2021+ से अधिक सदस्यों के साथ, इस क्षेत्र ने पिछले 12 महीनों में 1,31,983 व्यावसायिक रेफरल उत्पन्न किए हैं और 2195+ करोड़ से अधिक का व्यवसाय पूरा किया है। उल्लेखनीय रूप से, बीएनआईइ कोलकाता सीबीडी (ए) को 2017 और 2019 में दुनिया में नंबर 1 क्षेत्र का दर्जा दिया गया था।

15 जून 2024 को आईटीसी रॉयल बंगाल होटल में आयोजित प्रीमियर मेंबर डे - अवार्ड्स नाइट - एनएफजी 2024, बीएनआईइ कोलकाता सीबीडी (ए) और नॉर्थ की उल्लेखनीय सफलता का जश्न मनाने वाली एक प्रतिष्ठित शाम है। यह कार्यक्रम उस उत्कृष्टता और समर्पण का सम्मान करेगा जिसने इस क्षेत्र को नई और अधिक



ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, असाधारण व्यावसायिक विकास और सहयोग को बढ़ावा दिया है, जिसने वैश्विक व्यापार मानचित्र पर कोलकाता की प्रतिष्ठा को एक ऐसे शहर के रूप में महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है जिसका मतलब है व्यापार। बीएनआई कोलकाता सीबीडी (ए) और नॉर्थ की अविश्वसनीय सफलता की कहानी को आगे बढ़ाते हुए, क्षेत्र ने बीएनआई के अध्यक्ष और सीईओ श्री ग्राहम वेहमिलर, बीएनआई इंडिया के अध्यक्ष श्री हेमू सुवर्णा और कार्यकारी निदेशक श्री बिमल सामल, श्री राहुल मोहता और श्री राहुल अग्रवाल की उपस्थिति में अपना 33वां अध्याय बीएनआई लॉन्च किया।

बीएनआई (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) दुनिया का सबसे बड़ा बिजनेस नेटवर्किंग और रेफरल मार्केटिंग संगठन है। संस्थापक और मुख्य दूरदर्शी अधिकारी डॉ. इवान मिसनर द्वारा 1985 में स्थापित, बीएनआईइ दुनिया भर में 11,172+ अध्यायों में 327,219+ से अधिक सदस्यों के साथ 79 से अधिक देशों में मौजूद है। जिसने पिछले वर्ष 40,41,914 रेफरल उत्पन्न किए और 39,444 करोड़ से अधिक का कारोबार किया। भारत में, बीएनआईइ 1236+ अध्यायों में 59,571+ से अधिक सदस्यों के साथ 131 शहरों में काम करता है, जिसके परिणामस्वरूप 1,83,762 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ।

इस संगठन का दर्शन गिवर्स गेनइ के विचार पर बनाया गया है: दूसरों को व्यवसाय देने से, आपको बदले में व्यवसाय मिलेगा। यह सदियों पुरानी कहावत व्हाट गोज अराउंड केस अराउंड पर आधारित है । इस अवसर पर विशेष रूप से कोलकाता में, बीएनआई के अध्यक्ष और सीईओ श्री ग्राहम वेहमिलर ने साझा किया

कोलकाता का वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में बहुत उज्ज्वल भविष्य है। और हम किसी भी तरह से मदद करना पसंद करेंगे। व्यवसाय अपना राजस्व बढ़ाने के लिए बीएनआई से जुड़ते हैं - और यह हमारे काम का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन यह सिर्फ. एक घटक है। बीएनआई के सदस्य भी नवाचार और विस्तार के लिए बहुत कुछ सीखते हैं, और वे वास्तव में आजीवन मित्रता बनाते हैं। हमारा लक्ष्य है कि बीएनआई इसमें शामिल सभी लोगों के लिए सकारात्मक परिवर्तन प्रदान करे - और यह उनके आजीवन सफलता और खुशी का एक मंच हो।

# बिहार के लोगों को और चार दिन झेलनी पड़ेगी उमस भरी गर्मी, 20 जून को मॉनसून की एंट्री संभव

**मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार 20 जून को मॉनसून उत्तर-पूर्वी भाग से बिहार में प्रवेश करेगा हालांकि दो दिनों से शाम में चलने वाली तेज हवाओं में शीतलता से मॉनसून के आगमन का संकेत मिल रहा है**



एजेंसी

**पटना।** भीषण गर्मी झेल रहे बिहार के लोगों को अभी और चार दिन उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ेगी,क्योंकि मौसम विज्ञान केंद्र ने बिहार में मॉनसून के प्रवेश करने की आधिकारिक घोषणा 20 जून को की है। अगले दो-तीन दिनों तक दक्षिण बिहार के लोगों को भीषण गर्मी का कहर झेलना होगा लेकिन उत्तर बिहार में गर्मी से आंशिक तौर पर राहत मिलेगी।

मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार 20 जून को मॉनसून उत्तर-पूर्वी भाग से बिहार में प्रवेश करेगा। इसके एक दिन पहले यानी 19 जून की शाम से बादल छाये रहने की संभावना है। 20 जून से बिहार के अधिकतर हिस्सों में गरज, चमक व तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश होगी। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट आने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

हालांकि दो दिनों से शाम में चलने वाली तेज हवाओं में शीतलता से मॉनसून के आगमन का संकेत मिल रहा है। सूबे में मॉनसून का प्रवेश किशनगंज और पूर्णिया के रास्ते होता है। यहां पिछले दो दिनों से मध्यम स्तर की बारिश हो रही है।

# आईईएम-यूईएम ने 10वें विदेश अध्ययन संस्करण का जश्न मनाया

संवाददाता



**कोलकाता।** आईईएम-यूईएम समूह ने हाल ही में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) में अपने विदेश अध्ययन कार्यक्रम के 10वें संस्करण का समापन किया। विश्व स्तर पर 8वें और एशिया में प्रथम स्थान पर रहने वाले एनयूएस ने छात्रों को डेटा साइंस, जनरेटिव एआई, आईओटी, मेटावर्स और अन्य जैसे उन्नत क्षेत्रों में एक बेहतरीन शैक्षणिक अनुभव प्रदान किया। 150 से ज्यादा आईईएम-यूईएम छात्रों ने भाग लिया, जिन्हें एनयूसेऔर नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों के शीर्ष प्रोफेसरों और कॉपोर्रेट नेताओं द्वारा संचालित सत्रों से लाभ मिला। इस कार्यक्रम ने सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों तरह के अनुभव प्रदान किए, जिससे सिंगापुर में कई इंटर्नशिप ऑफर और जॉब प्लेसमेंट मिले। आईईएम-यूईएम समूह के निदेशक डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती ने शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने तथा छात्रों के शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम की प्रशंसा की।

## सूखे पड़े हैं कुएं, दूषित जल पीने को मजबूर ग्रामीण


# सूखे पड़े हैं कुएं, दूषित जल पीने को मजबूर ग्रामीण


### व्यवस्था को लेकर कई बार पंचायत प्रतिनिधियों के पास लगा चुके हैं गुहार

संवाददाता

**कान्हाचट्टी(चतरा)।** कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत तुलबुल पंचायत के विभिन्न गांव में इस भीषण गर्मी के साथ विभागीय उदासीनता का दंस झेल रहे हैं ग्रामीण। क्षेत्र के अधिकतर कुएं सूखे पड़े हैं, एक कुआं जिसका जलस्तर बहुत कम है और उसमें गंदा पानी है। उसी से लोग अपना प्यास बुझाने पर मजबूर है। दूषित जल पीकर लोग बीमारी को आमंत्रित कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पूछे जाने पर कहा कि कुएं की सफाई व मरम्मती के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के पास कई बार गुहार लगाए, पर इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया।

उक्त मुहल्ले में घरों की संख्या 12 से 15 है और जनसंख्या 70 से 80 है। पर एक भी सरकारी बोरिंग की सुविधा नहीं है। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री के हर घर नल जल योजना के तहत बोरिंग करवाना था, उसे भी निजी स्वार्थी के लिए पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने चहेतों के खेत में लगा दिया। जहां से एक घर भी पानी नही पहुंचती है। वहीं दूसरी और लोग दूषित जल पीकर बीमारी को आमंत्रित कर रहे हैं।



## जनसमस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तैयार रहती हैं: शालिनी गुप्ता

संवाददाता

**कोडरमा।** जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष व समाज सेविका शालिनी गुप्ता जहां लगातार जनसमस्याओं के समाधाना के लिए लगी हुई है दूसरी ओर अपने समर्थकों एवं कार्यकताओं से लगातार बैठकें आयोजित कर शालिनी गुप्ता कह रहीं हैं कि जहां उन्हें कोई भी जनसमस्या पूरे कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में नजर आती है तो तत्काल उन्हें इस बात की जानकारी दी जाए। ताकि वो जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में सभी आवश्यक कदम उठा सके और लोगों को राहत पहुंचा सकें। उल्लेखनीय रहे की पूरा कोडरमा जिला इस समय विधुत और पेयजल की समस्याओं से जुझ रहा है और इस भीषण गर्मी में लोगों की परेशानियां लगातार बढ रही हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए आगामी 20 जून को झुमरी तिलैया स्थित विधुत कार्यालय के समक्ष शालिनी गुप्ता के नेतृत्व में एक विशाल धरना का आयोजन किया जा रहा है। शालिनी गुप्ता ने बताया कि अगर उक्त धरना के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जनसहयोग के माध्यम से व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा और इसकी सारी जिम्मेवारी संबंधित विभागों की होंगी। उल्लेखनीय रहे की पिछला विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी शालिनी गुप्ता लगातार जहां एक और जनसमस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन करती रही हैं वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति के घर में सुख-दुःख में हमेशा शामिल रही है।

### जेएसए लीग प्रीमियर डिवीजन

## टाटा स्टील ने ग्रामीण फुटबॉल क्लब को 3-1 से हराया



संवाददाता

**जमशेदपुर।** जेएसए लीग प्रीमियर डिवीजन में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को खेले गए प्रीमियर डिवीजन के रोमांचक मैच में टाटा स्टील ने ग्रामीण फुटबॉल क्लब को 3-1 से हराया। यह मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया। ग्रामीण फुटबॉल क्लब के चरण सिंह ने 42वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, टाटा स्टील के बिक्रम किस्कू ने 45वें मिनट में गोल करके दोनों टीमों को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ में टाटा स्टील ने बढ़त बनाई। विकास नायक ने 47वें मिनट में गोल करके टाटा स्टील को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही आशामन हेमब्रोम ने 49वें मिनट में गोल करके जीत सुनिश्चित की। इस कड़े मुकाबले में टाटा स्टील की जीत सुनिश्चित हुई।

## बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स सत्र 2024-27 के लिए कार्यकारिणी समिति का चुनाव संपन्न

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स सत्र 2024-27 के तीन वर्ष के लिए कार्यकारिणी समिति का चुनाव आज चैंबर के मुख्य संरक्षक रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से रविंद्र कुमार को मुख्य संरक्षक चुना गया, जबकि श्रीचंद प्रसाद और अधिवक्ता दिनेश लाल श्रीवास्तव को संरक्षक नियुक्त किया गया। राजेंद्र विश्वकर्मा अध्यक्ष चुने गए, और जगदीश चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष बने।



अन्य प्रमुख नियुक्तियों में अधिवक्ता ए.के. राय, ज्ञानेंद्र पांडेय, कुमार शिल्पी, अनिल कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिन्हा, मनोज कुमार पासवान, सुधांशु प्रसाद, भैया प्रीतम, प्रवीण कुमार पटेल, प्रमोद सिंह, विनोद कुमार सिंह, प्रदीप झा, जयशंकर सिंह, जीवन कुमार, कैलाश सिंह, कुमार सहवाल, श्याम नंदन सिंह, अभय सिंह, मोहन दुबे और अवधेश कुमार सिंह को सचिव चुना गया। राज किशोर सिंह, राजेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, वीरेंद्र चौहान, संतोष कुमार और स्वामी नाथ प्रसाद को सह सचिव नियुक्त किया गया।
वीरेंद्र कुमार को कार्यालय सचिव और संजय पांडे को कोषाध्यक्ष चुना गया।

कार्यकारिणी सदस्य के लिए शंकर स्नेही सिंह, अनुज कुमार, मिथलेश कुमार विश्वकर्मा, डी.के. सिंह, राम रतन प्रसाद, बाल्मीकि सिंह, सतीश प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, बैजनाथ राम, संजीव कुमार बरनवाल और राजेश कुमार चुने गए।
नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए चेंबर के मुख्य संरक्षक श्री रविंद्र कुमार ने कहा कि सभी सदस्यों को समाज के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारी कड़ी मेहनत कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और उन्हें सरकार एवं समाज से उचित सम्मान मिलना चाहिए।

## चतरा में महिला से दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

**चतरा।** पुलिस ने महिला से दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित बलजीत यादव राजपुर थाना क्षेत्र के गड़िया गांव का रहने वाला है। उस पर गांव की ही एक महिला ने उधार नहीं चुकाने पर पिस्टल दिखाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पीड़िता के आवेदन पर उसके खिलाफ महिला थाने में कांड संख्या 9/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था।
एसडीपीओ संदीप कुमार सुमन ने दलबल के साथ शनिवार की शाम गड़िया गांव पहुंच कर आरोपित को गिरफ्तार किया। पीड़िता के मुताबिक, उसके पति ने बलजीत यादव से 20 हजार उधार लिया था। हर माह ब्याज के साथ पैसे दे रहे थे। इसके बावजूद आरोपित घर पहुंच कर तरह-तरह की धमकी दे रहा था। बीच 18 मई की शाम सात बजे बलजीत उसके घर पर आया और पिस्टल दिखा कर दुष्कर्म किया।

## नव दिवसीय धुनी तप का समापन



संवाददाता

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के सिंदुवारी गुरुमठ में आयोध्या से आए मौनी बाबा द्वारा किए जा रहे नव दिवसीय धुनी तप का समापन रविवार को हवन पुजन व भण्डारे के साथ किया गया। इस अवसर पर नव कन्याओं का विधिवत पूजन कर प्रसाद ग्रहण करावाने के साथ दक्षिणा व अंगवस्त्र भेंट किया गया। ज्ञात हो कि इस कडाके के उमस भरे गर्मी में भी मोनी बाबा द्वारा अपने चारो ओर अग्नि प्रज्वलित कर लगभग एक घंटे हवन पूजन प्रत्येक दिन की जा रही थी। इनके तपस्या को देख लोग दांतो तले उंगली दबा रहे थे। जहां ऊफ गर्मी से लोग बेहाल थे वहीं मोनी बाबा अपने तपस्या से चारो ओर अग्नि प्रज्वलित कर साधना कर रहे थे। इस आयोजन में दिवाकर सिंह, अजय कुमार सिंह, अजित सिंह, कृष्णा सिंह, विकास सिंह, राम सिंह, अश्वनि सिंह, मनोज सिंह, संत कुमार सिंह ने अहम भूमिका निभाया। समापन पर भरी संख्या में लोग शामिल थे।

## 22 जून को सरयू राय की विधायक निधि से बने बास्केटबॉल कोट का होगा उद्घाटन

संवाददाता

**जमशेदपुर।** आगामी 22 जून को विधायक सरयू राय के विधायक निधि से बने बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन ओलंपिक दिवस की पूर्व संध्या पर होगा।

इस दौरान सुप्रसिद्ध ओलंपिक खिलाड़ी हर भजन सिंह बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन करेंगे। साथ ही विधायक सरयू राय उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय (ओलंपिक) स्तर के बास्केटबॉल कोच जेपी सिंह भी समारोह में आमंत्रित किए गए हैं। इस अवसर पर बास्केटबॉल का दो दिवसीय दोस्ताना मैच भी खेला जाएगा। जिसमें विभिन्न विद्यालय के बास्केटबॉल टीमें भाग लेंगी। यह मैच दो दिवसीय होगा और जिसका समापन ओलंपिक दिवस की संध्या में 23 जून को होगी। जिसके बाद बास्केटबॉल कोर्ट में खिलाडियों के प्रशिक्षण एवं मैच के कार्यक्रम लगातार आयोजित होंगे। वहीं बास्केटबॉल कोर्ट के बगल में विधायक निधि से ही नेटबॉल कोर्ट का निर्माण भी अंतिम चरण पर है। इसके साथ ही टाऊन हॉल के सामने वाले दो बड़े कमरे में विलियड्र्स एवं स्नूकर्स तथा टेबल टेनिस के कोर्ट का उद्घाटन भी इसी माह होगा। जिसके लिए आवश्यक खेल सामग्रियों की आपूर्ति हो चुकी है और उन्हें लगाने का कार्य शुरू हो गया है। इंडोर गेम के इन खेलों की सामग्रियों की व्यवस्था करने के लिए सरयू राय ने अपनी विधायक निधि से फंड रिलीज किया है। इसका उद्घाटन भी शीघ्र ही होगा।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक का आयोजन

**झुमरी तिलैया।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर था। उक्त बैठक ब्लॉक मैदान तलाब के पार्क में वीरेंद्र मोदी के अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि योगाचार्य सुषमा सुमन उपस्थित थी। बैठक का संचालन डॉ0 नीरज शाह कर रहे थे। सुषमा सुमन ने बताया की दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महिला सशक्तिकरण 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजीत होगा। इसलिए मातृशक्ति लोग घर-घर जाकर सभी लोगों को निमंत्रण देंगे और 21 जून को योग शिविर में आने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक में प्रदीप कुमार सुमन अध्यक्ष वीरेंद्र मोदी और सचिव डॉ. नीरज शाह, कोषाध्यक्ष राजेंद्र बर्णवाल, वजय मोदी, अनिल गुरु, रणधीर साहू, सतीश सिंह, अजय कुमार, विक्रम कुमार, अशोक प्रसाद मोदी,ज्योति देवी, नमिता बर्णवाल, उत्तम कुमार, रामचंद्र यादव, गोपाल शर्मा, उपेंद्र दुबे, सुभाष प्रसाद बर्णवाल थे।

## सांसद ढुलू महतो का बोकारो में भव्य स्वागत

संवाददाता

**बोकारो।** लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद नवनिर्वाचित धनबाद लोकसभा के सांसद ढुलू महतो का बोकारो विधानसभा क्षेत्र के कोऑपरेटिव मंडल के दून्दीबाद में नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत और अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह ने की। नागरिकों ने सांसद ढुलू महतो को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।
बोकारो विधानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में भाजपा को अधिकांश बूथों पर जीत मिली। यह झारखंड का पहला विधानसभा क्षेत्र है जहाँ भाजपा प्रत्याशी को 1 लाख 67 हजार से अधिक मत प्राप्त हुए।

बोकारो विधानसभा के सभी 9 मंडलों में भाजपा ने लीड देकर धनबाद लोकसभा के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक मतों से लीड दिलाई, जिससे ढुलू महतो की 650065 वोटों से जीत में अहम योगदान मिला।
नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने भाजपा पर जो भरोसा जताया है, उसे वे कायम रखेंगे। उन्होंने अपने संघर्षपूर्ण जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि वे भी एक गरीब परिवार से आते हैं और दून्दीबाद का चौमुखी विकास करेंगे।



हर जरूरी सुविधा इस क्षेत्र को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि वे और विधायक मिलकर क्षेत्र के सुख-दुख के साथी बनेंगे और जल्द ही बोकारो विधायक के प्रयास से यहाँ रोड का शिलान्यास होगा। उन्होंने वादा किया कि वे 24 घंटे जनता के साथ रहेंगे।
बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने दून्दीबाद की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनता के विश्वास से ही धनबाद में लगातार चौथी बार भाजपा को विजय मिली है। उन्होंने वादा किया कि वे हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे और जनता का विश्वास बनाए रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता निवारण प्रसाद महतो और मनोज सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में देव शंकर वर्मा, शंकर गुप्ता, प्रभुनाथ शाह, नीरज ठाकुर, नवीन कुमार, कमलेश सिंह, चंद्रबली सोनकर, राजेश कुमार, प्रहलाद प्रसाद वर्मा, जिला महामंत्री संजय त्यागी, वरीय उपाध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष कमलेश राय, कार्यालय मंत्री इंद्र कुमार झा, उमेश शर्मा, अमर स्वर्णकार, माथुर मंडल, हरला मंडल के अध्यक्ष विनय किशोर, कोऑपरेटिव मंडल महामंत्री जितेंद्र साव, वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश चटर्जी, उपाध्यक्ष सुमंत सिंह, मंत्री राजू गुप्ता, मंत्री अनिता, कोषाध्यक्ष सरदार तेज नारायण सिंह, साधु शरण साव, युवा अध्यक्ष भोला साव, मोहन साव, पिंकु सिंह, सतीश सिंह, अभिषेक मिश्रा, आदित्य सिन्हा, दीपक सिंह, आनंद और गंदी बात बाजार के सैकड़ों व्यवसायी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना जागरूकता रथ को डीसी ने किया रवाना



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा समाहरणालय परिसर से मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त ने बताया कि जागरूकता रथ के माध्यम से विभिन्न प्रखंडों के गांवों में जाकर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के बारे में जागरूक किया जायेगा और योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जायेगा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी , जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद व अन्य मौजूद थे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

## विकास कार्यों को धरातल पर लाने का दिया निर्देश

संवाददाता

**जमशेदपुर।** कदमा स्थित आवासीय कार्यालय में रविवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सह राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) के जीएम आरके सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को क्षेत्र के त्वरित विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस बावत सभी बस्तियों में पेयजल एवं नियमित बिजली आपूर्ति कराये जाने, क्षेत्र में साफ-सफाई एवं घरों से कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने, बरसात से पूर्व सभी बड़े नालों की सफाई किए जाने, क्षेत्र में फॉगिंग किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सरकारी जनहित के योजनाओं एवं विकास कार्यों के योजनाओं को धरातल पर लाने, कदमा-सोनारी के मुख्य मार्गों में पार्किंग व्यवस्था को सुगम करने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने जैसे अहम विषयों पर मंत्री ने निर्देश भी दिए हैं। इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने की दायित्व उनकी है और जनहित के मुद्दों पर वे कोई समझौता नहीं करेंगे। जनता के प्रति मेरी जिम्मेदारी है। अतः सभी अधिकारी संवेदनशील होकर जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए तत्परता और जवाबदेही के साथ काम करें। अन्यथा जनविरोधी कार्य करनेवाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। इस बात को अधिकारी अपने जेहन में रखें।



## अज्ञात चोरों ने दो घरों में की चोरी

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत केवाल पर गांव में अज्ञात चोरों ने दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना बीते रात की बताई जा रही है। अज्ञात चोर दोनों घरों से लाखों रुपए के जेवरात के साथ लाखों रुपए नगदी की चोरी कर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने केवाल पर गांव निवासी स्वर्गीय जीतन दांगी के पुत्र चरित्र दांगी के घर से 30 हजार रुपए नकद और लॉकेट, पायल समेत 50 हजार के जेवरात की चोरी कर ली है। जबकि धनेश्वर दांगी के पुत्र किशोर दांगी के घर से एक लाख रुपया नकद व दो जोड़ा पायल, सोने के लॉकेट समेत लगभग डेढ़ लाख के जेवरात की चोरी कर हुई है। वहीं अज्ञात चोरों ने तीसरे घर बाली दांगी के घर में भी चोरी करने का प्रयास किया।

## ठाकुर समाज के बैठक में विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा



संवाददाता

**इटखोरी(चतरा)।** रविवार को चय प्रग्ना ठाकुर समाज की बैठक इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर परिसर में हुई। बैठक में पदाधिकारी का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से इंद्रदेव ठाकुर को अध्यक्ष, अशोक ठाकुर को सचिव और 21 लोगों को कार्यकारणी सदस्य चयन किया गया। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए सभी को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। वहीं नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि हमारे ठाकुर समाज के लोगो के हर समस्या के लिए खड़ा रहूंगा और अपने समाज के का संगठन को मजबूत बनाने का हर संभव प्रयास करूंगा। बैठक में पप्पू ठाकुर, राजू ठाकुर, दिलीप ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, महेंद्र ठाकुर एवं समाज के अन्य लोग शामिल थे।

# नडाल ओलंपिक की तैयारियों के लिए विंबलडन से हटे



**मैड्रिड। एजेंसी**

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के रफल नडाल ने कहा है कि उनका लक्ष्य आगामी पेरिस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करना है। नडाल ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए वह इस बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे। नडाल ने कहा है कि ये फैसला कठिन है पर वह अभी ओलंपिक पर ध्यान देना चाहते हैं क्योंकि ये उनका अंतिम ओलंपिक होगा। उन्होंने कहा कि वह आल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले कोर्ट पर वापस आने की जगह अभी केवल क्ले कोर्ट में खेलने पर ही ध्यान देना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, पेरिस ओलंपिक मेरा आखिरी ओलंपिक होगा। मेरा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह न बदलूं और तब तक क्ले पर ही खेलता रहूं।

# भारत सुपर 8 के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान से भिड़ेगा

- भारत 24 जून को ग्रॉस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा

**ब्रिजटाउन। एजेंसी**

भारत सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा। इसके बाद 22 जून को भारत का दूसरा मुकाबला नॉर्थ साउंड में सोमवार को बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच को जीतने वाली टीम से होगा। वहीं इस राउंड के अपने तीसरे और अंतिम मैच में भारत 24 जून को ग्रॉस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। सुपर आठ के लिए दो ग्रुप होंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान तथा बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम पहले ग्रुप में होगी। यहां भारत का अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच होना तय है। भारतीय टीम को अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से सतर्क रहने होगा। अगर पहले ग्रुप में कोई उलटफेर नहीं होता है भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना तय माना जा रहा है। वहीं ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है।



प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल के लिये क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में है और दूसरा सेमीफाइनल 27 जून गुयाना में होगा। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह गुयाना में खेलेगा। टी-20 विश्व कप का फाइनल 29 जून को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जायेगा।

# सुपर आठ में बेहतर प्रदर्शन करेंगे विराट : संजय बांगड़



- सभी गेंदबाज अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं
- सभी गेंदबाज अपना काम कर रहे हैं
- खराब प्रदर्शन से प्रशंसकों को निराशा हुई है

**नई दिल्ली। एजेंसी**

पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आने वाले सुपर आठ के मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। विराट अमेरिका में हुए मुकाबलों में असफल रहे हैं। विराट यहां एक बार भी दो अंकों तक नहीं पहुंच पाये हैं।

अमेरिका की उछाल भरी पिचों पर उनके खराब प्रदर्शन से प्रशंसकों को निराशा हुई है। बांगड़ ने हां, मैं मानता हूं कि विराट ने न्यूयॉर्क लेग में रन नहीं बनाए हैं पर अन्य बल्लेबाज भी वहां की पिच पर संघर्ष करते दिखे हैं। न्यूयार्क की पिच पर खेलना कठिन था। भारतीय बल्लेबाजों को अमेरिका के खिलाफ पिछले मुकाबले में भी थोड़ा संघर्ष करना पड़ा था हालांकि इस दौरान भारतीय गेंदबाजों ने अपने प्रदर्शन से टीम को जीत दिलायी थी। बांगड़ ने टीम की गेंदबाजी की सराहना करते हुए कहा कि उससे टीम को पाकिस्तान के खिलाफ 119 रन के सामान्य स्कोर का भी बचाव करने में सहायता मिली। उन्होंने कहा कि जाहिर है, हर कोई या सभी गेंदबाज अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। सभी गेंदबाज अपना काम कर रहे हैं।

इसी से टीम को लाभ हो रहा है। मैं वास्तव में नहीं जानना चाहता हूं कि यहां नंबर एक कौन है, नंबर दो कौन है। यह भारतीय टीम के लिए अच्छा संकेत है कि सभी गेंदबाज एक साथ आ रहे हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं। बांगड़ ने आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार की तारीफ करते हुए कहा कि जिस तरह उसने लक्ष्य का पीछा करते समय अपनी बल्लेबाजी से टीम को संभाला।

## एक नजर

### डेविड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**नॉर्थ साउंड।** नामीबिया के मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड वीजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप 2024 में नामीबिया के अंतिम मैच के बाद डेविड वीजा ने पत्रकार वार्ता में कहा, ह्लअगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल बाद होना है और मैं 39 की उम्र का हो गया हूं। इसलिए जहां तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात है मुझे नहीं लगता मैं इस स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकता हूं। जाहिर तौर पर मैं कुछ और साल क्रिकेट खेलूंगा और मुझे लगता है कि मेरे अंदर इस खेल में योगदान देने के लिए काफी कुछ शेष है। लेकिन मुझे लगा कि अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को विराम देने का यही सही समय है। वीजा अमूमन मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते हैं लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ बड़े लक्ष्य को देखते हुए उन्हें नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। वीजा ने वर्ष 2021 में टी-20 विश्वकप में नामीबिया के लिए पर्दापण किया था।

### इंग्लैंड ने वर्षा बाधित मैच में नामीबिया को 41 रनों से हराया

**नॉर्थ साउंड।** हैरी ब्रूक नाबाद (47) और जॉनी बेयरस्टो (31) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा प्रभावित टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में नामीबिया को (डकवर्थ लुईस पद्धित) से 41 रनों से हरा दिया है। हैरी ब्रूक को उनकी नाबाद 47 रनों की तूफानी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बारिश के कारण दस-दस ओवर के किये गये मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान जॉस बटलर (शून्य) को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर रुबेन ट्रंपलमन बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में फिल सॉल्ट भी (11) पर डेविड वीजा का शिकार बन गये।

### टी20 क्रिकेट में हालातों पर नियंत्रण करना आना चाहिये : ब्रेट ली

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि आजकल जिस प्रकार से टी20 प्रारूप में तेजी से रन बन रहे हैं। ऐसे में बल्लेबाजों को रोकने के लिए गेंदबाजों को चीजें पर नियंत्रण करना आना चाहिये। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा यॉर्कर गेंदें फेंकनी चाहिये। साथ ही कहा कि इसी प्रकार से बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सकता है। ली ने एक कार्यक्रम में कहा कि खेल पर आजकल बल्लेबाज हावी हो रहे हैं पर उनका मानना है कि संतुलन लाने के लिए मुकाबले में गेंदबाजों के लिए कुछ होना चाहिए।

# सुपरआठ में अब रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा : युवराज

**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने कहा है कि अब सुपर 8 के मुकाबले रोमांचक होंगे और हर टीम के पास सेमीफाइनल के लिए प्रवेश का अवसर रहेगा। इस बार टी20 विश्कप में नई टीमों ने सभी को हैरान करते हुए शानदार क्रिकेट खेला है। यहां तक कि दिग्गज टीमों को भी जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा है। कुछ उलटफेर भी हुए हैं। इसी को लेकर युवराज ने कहा कि बड़े टूर्नामेंटों में उलटफेर होते रहते हैं। इसलिए किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। विश्वकप में इस बार जहां सहमेजबान अमेरिका के अलावा अफगानिस्तान की टीम सुपर आठ में पहुंची है। वहीं न्यूजीलैंड और पाकिस्तान बाहर हो गयी है। सह-मेजबान अमेरिका ने एक मुकाबले में 2009 के चैंपियन पाकिस्तान को हराया जबकि अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड पर जीत हासिल की। युवराज ने कहा, विश्व कप में उलटफेर होते हैं। हमने अब तक कुछ उलटफेर देखे हैं, इसलिए किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता। साथ ही कहा कि अमेरिकी पिच पर हुई परेशानी को लेकर युवराज ने कहा, मुझे नहीं लगता कि आपको हालातों के लिए बहुत अधिक अनुभव की आवश्यकता है।



यदि आप जल्दी पहुंचते हैं और मौसम के अनुकूल ढल जाते हैं, तो खिलाड़ियों के पास आवश्यक अनुभव होता है। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर डेनियल क्रिश्चियन ने भी कहा कि कई टीमों के लिए यहां धीमी शुरूआत रही है। वर्तमान हालातों को देखते हुए सभी टीमों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए हर संभव प्रयास करने की जरुरत होगी। यह देखना कि कैसे हर कोई एक साथ खेल के साथ तालमेल बिठा रहा है कि गेंद घूमेगी या नहीं और धीमी गेंदें टिकेंगी या नहीं।

# विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी दीपिका

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी तुर्की के अंताल्या में होने वाले विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। दीपिका ने इसके लिए दक्षिण कोरिया में पिछले दिनों अभ्यास किया था। उससे इस अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए इस भारतीय तीरंदाज की तैयारियां बेहतर हुई हैं। पिछले माह शंघाई में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद से ही दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में फिर से शामिल कर लिया गया था। विश्व क्वालीफाइंग में बेहतर प्रदर्शन कर दीपिका और अन्य भारतीय तीरंदाज पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का भी प्रयास करेंगे।



टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और आने-जाने का खर्च उठा रहा है। वहीं मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने तीरंदाजी पुरूष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिये भी वित्तीय सहायता दी है। इसके अलावा प्रवीण जाधव को तीरंदाजी उपकरण खरीदने और निशानेबाज रेइजा ढिल्लों को भारत में 11 दिन तथा इटली में एक सप्ताह अभ्यास के लिए भी भेजा। ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के लिए विजन एंड आई ट्रेनिंग कोच की भी व्यवस्था की गयी है।

# विश्वकप: स्कॉटलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 5 विकेट से दमदार जीत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप के 35वें मैच में रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हरा दिया। इस हार के साथ स्कॉटलैंड का सफर खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया पहले ही सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर चुका है। वह फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है। ग्रॉस आइलेट के डेरन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का फैसला किया।



पहले बल्लेबाजी कर रही स्कॉटलैंड की टीम ने ब्रैंडन मैक्कुलन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। ब्रैंडन मैक्कुलम ने 34 गेंदों में 60 रन बनाए। कप्तान रिची बेरिंग्टन ने 11 गेंदों में नाबाद 42 रनों की आकर्षक पारी खेली।

180 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम ऑस्ट्रेलिया ने 19 ओवर 4 गेंदों में 186 रन बनाकर मैच जीत लिया। टिम डेविड ने छक्का मार कर टीम को जीत दिलाई। ओपनर बैटर ट्रेविस हेड ने 49 गेंदों में सर्वाधिक 68 रन बनाए। जबकि मार्कस स्टोइनिस ने 29 गेंदों पर 59 रनों की शानदार पारी खेली। मैन ऑफ द प्लेयर का अवॉर्ड मार्कस स्टोइनिस को दिया गया।

# भारतीय महिला टीम ने द. अफ्रीका को दिया 266 रनों का लक्ष्य



**बेंगलुरु। एजेंसी**

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय और और दीप्ति शर्मा (37) रनों की जुझारू पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 266 रनों का लक्ष्य दिया है। यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (7) का विकेट गवां दिया।

उसके बाद दयालन हेमलता (12), कप्तान हरमनप्रीत कौर (10) जेमिमाह रॉड्रिग्स (17) और ऋचा घोष (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। हालांकि स्मृति मंधाना एक छोर मूजबती से थामे रही। उस समय टीम का स्कोर पांच विकेट पर 99 रन था। ऐसे समय में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आयी दीप्ति शर्मा ने उनका बखूबी साथ निभाया। दोनों के बीच छठे विकेट लिये 81 रनों की साझेदारी हुई। 38वें ओवर में अयाबोंगा खाका ने दीप्ति शर्मा (37) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 47वें ओवर में मासाबाटा क्लास ने स्मृति मंधाना (117) लूस के हाथों कैच आउट कराया।

## वाणिज्य

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.31 अरब डॉलर बढ़कर 655.82 अरब डॉलर पर

**मुंबई। एजेंसी**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 07 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.31 अरब डॉलर बढ़कर 655.82 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.84 अरब डॉलर बढ़कर के 651.5 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 07 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की जबरदस्त बढ़त के साथ 576.34 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में स्वर्ण भंडार



48.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.98 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 4.3 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि एक करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.34 अरब डॉलर हो गया।

# वैश्विक आर्थिक परिदृश्य एवं आईआईपी आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई। एजेंसी**

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मझौली और छोटी कंपनियों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह मजबूती पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक आर्थिक परिदृश्य एवं भारत और चीन के जारी होने वाले औद्योगिक उत्पादन आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 299.42 अंक अर्थात 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर ऊंचाई के नये शिखर 76992.77 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 175.45 अंक यानी 0.8 प्रतिशत चढ़कर 23465.60 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर रहा।



समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में हुई दमदार लिवाली ने बाजार को सम्भाले रखा। मिडकैप 1947.32 अंक अर्थात 4.4 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 46058.76 अंक हो गया। इसी तरह स्मॉलकैप 2468.44 अंक यानी 5.06 प्रतिशत की छलांग लगाकर 51199.99 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह घरेलू बाजार में मामूली बढ़त रही। हालांकि नए संकेतों के अभाव के कारण इसमें अस्थायी गिरावट आई। फिर भी, विकास-आधारित शेयरों के प्रति धारणा फिर से बेहतर होने की बदौलत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

इस बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की एफओएमसी बैठक का परिणाम सकारात्मक रहा। बाजार की उम्मीदें कैलेंडर वर्ष 2024 में ब्याज दर में दो बार की कटौती से बदलकर केवल एक रह गई हैं। हालांकि, अमेरिकी मुद्रास्फीति की स्थिरता से कुछ राहत मिली। साथ ही घरेलू खुदरा महंगाई में धीरे-धीरे गिरावट का संकेत देता है।

वहीं, सामान्य मानसून की उम्मीद को देखते हुए मुद्रास्फीति लक्ष्य की ओर अंतिम कदम अभी भी कठिन बना हुआ है लेकिन निवेशकों को उम्मीद है कि रिजर्व बैंक ब्याज दरों को आसान बनाने के करीब है। पिछले सप्ताह आईटी क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन के बाद दिग्गज शेयरों और एफएमसीजी में बिकवाली का दबाव रहा।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव




**नयी दिल्ली। एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्तहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.17 प्रतिशत उतरकर 78.49 डॉलर प्रति बैरल पर जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82.67 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

## एक नजर

### बायसन ने मूक बधिर युवती पर किया हमला

**कोरबा।** जिले के वनमंडल कटघोरा में घूम रहा बायसन ग्राम सलोरा तक पहुंच गया। ग्राम के पास खेत की ओर गई मूक बधिर एक युवती को बायसन ने हमला कर दिया। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार कटघोरा रेंज के ग्राम सलोरा निवासी साधना केवट उम्र (18 वर्ष) पिता फागु केवट अपनी बहन चंद्रिका के साथ ग्राम के बाहर रविवार सुबह खेत की ओर गई थी। वहां से दोनों वापस लौट रही थी। इसी दौरान बायसन ने दौड़ते हुए उस पर हमला कर दिया। युवती मूकबधिर होने की वजह से इशारा करती रही, लेकिन उसकी छोटी बहन कुछ समझ नहीं पाई। बाद में चंद्रिका समझकर शोर मचाने लगी तो परिजन मौके पर पहुंचे। इसके बाद गंभीर घायल युवती को कटघोरा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

### मुख्यमंत्री योगी की हत्या की धमकी देने वाला शख्स प्रयागराज से गिरफ्तार

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हत्या की धमकी देने वाले शख्स को पुलिस क्राइम ब्रांच की स्वाट एवं सर्विलांस की टीम ने प्रयागराज से शनिवार को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) मनीष सोनकर ने मीडियाकर्मियों को बताया कि गिरफ्तार आरोपित मध्य प्रदेश के रीवा जिले के कुनिया खुर्द का है। उसका नाम दीपक श्रीवास्तव है। उसे प्रयागराज के कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ोखर से गिरफ्तार किया गया। क्राइम ब्रांच की स्वॉट टीम के उपनिरीक्षक मोहम्मद आरिफ ने सूचना दिया कि 12 दिसंबर को उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा तीन बार कॉल करके धर्म से संबंधित अपशब्द, जाति सूचक शब्द व जान से मारने की धमकी दी गई। धमकी देने वाले ने अपना नाम कुंवर राजपूत बताया। उसने धमकी दी कि वह सुबह तक तुम्हारी छवि धूमिल कर तुम्हें जेल भिजवा रहूंगा। इसके बाद उसने ट्विटर अकाउंट पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की हत्या की धमकी की बात मेरे नाम से प्रसार कर दी।

### डीसीएम व डंपर के टक्कर में तीन घायल

**जालौन।** एट थाना क्षेत्र के कानपुर झांसी हाईवे पिरौना चौकी के नजदीक बने शहीद भगत सिंह महाविद्यालय के पास रविवार तड़के डीसीएम व डंपर में टक्कर होने तीन लोग घायल हो गए। इस हादसे के बाद डीसीएम चालक घायल अवस्था में मौके से फरार हो गया। वहीं डंपर चालक मोहन कुमार क्लीनर दीपू निवासी महाराजगंज केबिन में फंसकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं टोल की राहत टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को बाहर निकाल कर हाईवे की एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरी ओर अचानक शॉर्ट सर्किट होने से दोनों वाहनों में आग लग गई। आग की लपटें देख पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद जल रहे दोनों वाहनों की आग पर काबू पाया।

### नशीली दवा की तस्करी में पांच गिरफ्तार

**शिमला।** अपर शिमला के चौपाल कस्बे में पुलिस ने शनिवार आधी रात को मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से नशीली व प्रतिबंधित दवा केडीजरेक्स की 38 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस ने एक सूचना पर शनिवार आधी रात को चौपाल कस्बे में एक मकान में दबिश देकर आरोपितों को धर दबोचा। यह आरोपित किराए के मकान पर रह कर नशीली दवाओं की तस्करी को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने यहां से नेरवा निवासी 25 वर्षीय चिराग और 25 वर्षीय निशांत, चौपाल निवासी 31 वर्षीय राकेश, 34 वर्षीय गुलशन और कुपवी निवासी 25 वर्षीय पवन को गिरफ्तार किया है।

### रफाह में हमास का घातक हमला, धमाके में 8 इजराइली सैनिकों की मौत



**येरुशलम।** हमास के खात्मे के लिए चल रहे इजराइल के अभियान को शनिवार को झटका लगा है। हमास के मजबूत गढ़ रफाह में हमास के भीषण धमाके में 8 इजराइली जवानों की मौत हो गई। इसे पिछले कई महीनों में किये गये अब तक का सबसे घातक हमला कहा जा रहा है। हमास के खात्मे के लिए इजराइल रफाह में व्यापक सैन्य अभियान चला रहा है। जिसमें इजराइल को भी समय-समय पर हमास के जवाबी कार्रवाई में खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी गाजा में किये गए एक विस्फोट में उसके आठ सैनिकों की मौत हो गई। यह विस्फोट रफाह के ताल अल-सुल्तान क्षेत्र में शाम 5 बजे हुआ। इजराइली सेना प्रवक्ता रीयर एड. डेनियल हगारी के मुताबिक यह धमाका हमास की तरफ से लगाए गए विस्फोटक या एंटीटैंक मिसाइल से किया गया। उन्होंने कहा कि हमें हमास के रफाह ब्रिगेड को हराने की जरूरत है और हम संकल्प के साथ यह कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इजराइल और फिलिस्तीन में पिछले करीब आठ महीने से लड़ाई चल रही है।

## मुख्यमंत्री ने उज्जैन हेलीपैड से किया पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा का शुभारंभ

# उज्जैन में बनेगा एयरपोर्ट, भारत सरकार ने दी मंजूरी : डॉ यादव

- पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा देवस्थलों के प्रति हमारी आस्था को जोड़ने का संकल्प



**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा केवल महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर नहीं, बल्कि हमारे आस्था के केंद्र ज्योतिलिंगों के प्रति देश और दुनिया में स्थित श्रद्धालुओं की आस्था को जोड़ने का संकल्प हैं। इस आनंद में आज हम सभी सहभागी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि उज्जैन में एयरपोर्ट बनाया जाएगा। उज्जैन में एयरपोर्ट बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृति दे दी गई है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री डॉ यादव रविवार को उज्जैन स्थित पुलिस लाइन में पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा के संचालन प्रारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा के तहत प्रारंभ हो रहे हेलीकॉप्टर की विधिवत पूजा अर्चना की और हेलीकॉप्टर को हरी झंडी दिखाकर हवाई सेवा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने हेली सेवा के अंतर्गत प्रथम यात्री मुंबई से आई दिशा सिंह और उनके परिवार को विमान टिकट का वितरण किया। पहले चरण में भोपाल उज्जैन ओंकारेश्वर एवं इंदौर उज्जैन ओंकारेश्वर रूट पर यह हवाई सेवा प्रारम्भ की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आईआरसीटीसी पर इस सेवा की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हवाई सेवा का विस्तार निरंतर जारी रहेगा। आने वाले दिनों में हेलीकॉप्टर की संख्या और बढ़ाई जाएगी। जिसमें 16 -16 यात्री हवाई सेवा का लाभ ले सकेंगे। प्रदेश के मैहर, दतिया, ओरछा, अन्य धार्मिक, पर्यटन और ऐतिहासिक महत्व के देव स्थलों भी हवाई यात्रा से जोड़ा जाएगा।

कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायकगण अनिल जैन कालूहेड़ा व सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, विवेक जोशी, बहादुर सिंह बोरमुंडला, अन्य गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, एसीएस राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव विमानन संदीप यादव, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के मामले में उज्जैन नित्य नए आयाम स्थापित कर रहा है। मां शिप्रा शुद्धिकरण के संकल्प को पूरा करने के लिए कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का भूमिपूजन किया गया। जिसमें बड़े आकार की लाइन के माध्यम से पूरी कान्हा नदी की दिशा बदली जायेगी। जिससे मां शिप्रा में कान्ह का दूषित पानी नहीं आएगा। मां शिप्रा का जल शुद्ध बना रहेगा।

### उज्जैन वासियों ने पेश की अनूठी मिसाल

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन को पिछले दो दिनों में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं। विकास का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि विकास के लिए उज्जैनवासियों ने सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की हैं। केडी मार्ग चौड़ीकरण के लिए स्वेच्छा से धार्मिक स्थलों को पीछे करने के लिए मुख्यमंत्री ने उज्जैनवासियों को धन्यवाद दिया।

### मोदी के नेतृत्व में कृषि व किसान के विकास का रोडमैप तैयार: शिवराज

मुरैना। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास पंचायत राज मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान हमारा भगवान है और किसान की सेवा भगवान की सेवा है। कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 100 दिन की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर सबसे पहले 18 जून को काशी से किसानों को सम्मान निधि की राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी सिंगल क्लिक के माध्यम से इस राशि को हस्तांतरित करेंगे। सरकार किसान कल्याण के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री रविवार को मुरैना रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। केंद्र सरकार में शामिल होने के बाद शिवराज सिंह चौहान पहली बार मध्य प्रदेश आए हैं। रविवार सुबह शताब्दी एक्सप्रेस से मुरैना पहुंचे शिवराज सिंह चौहान का कार्यकताओं ने मुरैना रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसान कल्याण के लिए अद्भुत व अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इन्हीं कार्यों को आगे बढ़ाते हुए पूरा करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए कृषि परिदृश्य को आगे ले जाने का काम किया जाएगा।

## हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मिलेगी भरपूर आर्थिक मदद: योगी



**गोरखपुर। एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता प्रभावी रहने के चलते मार्च माह से स्थगित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनोपयोगी जनता दर्शन कार्यक्रम एक बार फिर प्रारंभ हो गया है। इसकी शुरूआत गत दिनों लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास से हुई। शनिवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गोरखपुर में पिछला जनता दर्शन लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व 9 मार्च को हुआ था।

रविवार सुबह जनता दर्शन में काफी संख्या ऐसे लोगों को थी जो गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने के लिए तत्पर है। हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के मेडिकल इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कर शासन को जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिन पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं, गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया।

मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में पहुंची एक महिला ने मुख्यमंत्री से इलाज में मदद की गुहार लगाई।

### दो सप्ताह पहले जेल से आये गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या

फतेहाबाद। शहर की मातूराम कालोनी रोड पर शनिवार देर शाम कार सवार कुख्यात बलराज उर्फ गोली पर बाईक सवार युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में बलराज के पेट में एक गोली लगी और उसने रविवार सुबह हिसार के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के समय बलराज की पत्नी भी उसके साथ गाड़ी में सवार थी लेकिन वह बच गई। डॉक्टरों के अनुसार गोली युवक की छाती के पास से होते हुए आंत में जा फंसी थी। बताया जाता है कि मृतक बलराज पर 27 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से वह कुछ में बरी हो चुका था। करीब दो सप्ताह पहले ही वह जमानत पर जेल से बाहर आया था। इस मामले में पुलिस ने जांच तेज करते हुए गोली मारने वालों की पहचान कर ली है। पुलिस ने सिरसा जिले के गांव बनसुधार निवासी संजय और खेमा खाती चौक फतेहाबाद निवासी विकास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हत्या की इस वारदात का अभी स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

## पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता : सुषमा खर्कवाल

**लखनऊ। एजेंसी**

राजधानी की महापौर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को कहा कि पर्यावरण को संरक्षण करना हमारी प्राथमिकता है। पर्यावरण को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। आज पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए नगर निगम लखनऊ और एचसीएल फाउण्डेशन अपनी ओर से पहल कर रहा है। महापौर ने कहा कि नगर निगम की ओर से घोषित उपवन क्षेत्र में नगर निगम के अधिकारियों की देखरेख में अभी तक चार लाख पौधे लगाये गये हैं। रोपित पौधों को अब संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए फलदार पौधे,तालाब और ग्रास लैंडस्केप को स्थापित कराया गया। महापौर ने नगर निगम और एचसीएल फाउण्डेशन के संयुक्त प्रयास से वन क्षेत्र विस्तार एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए बिजनौर, सरोजनीनगर, अटल हरित उपवन में पौधरोपण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली। महापौर ने उपवन क्षेत्र में स्थलीय निरीक्षण के दौरान स्वयं भी पौधा लगाया। उपवन क्षेत्र में भ्रमण के दौरान महापौर सुषमा,एचसीएल फाउण्डेशन के अधिकारियों के अलावा पार्षद सौरभ सिंह मोनू,अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव सहित नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## संसद परिसर में बना प्रेरणास्थल सभी के लिए बनेगा प्रेरणा : ओम बिरला



**नई दिल्ली। एजेंसी**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि संसद परिसर में समय-समय पर महापुरुषों की प्रतिमाएं लगाई जाती और शिफ्ट की जाती रही हैं। इस बार संसद परिसर को एक नया प्रेरणा स्थल मिलने जा रहा है, जिसमें एक स्थान पर सभी महापुरुषों की प्रतिमाएं लगाई गई हैं। इसमें सरकार का कोई विषय नहीं बनता है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों में होने के कारण संसद परिसर में महापुरुषों की प्रतिमाएं सबको दृश्यमान नहीं होतीं और ना ही उनकी सही देखभाल हो पाती है। ऐसे में विचार आया कि सभी प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाया जाए ताकि आगंतुक इन महापुरुषों की प्रतिमाओं देख सकें और उनके बारे में जान सकें। महात्मा गांधी, बाबा साहब, महाराणा प्रताप या छत्रपति शिवाजी सभी प्रतिमाओं को एक ही स्थान पर लाया गया है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक समिति बनाई गई है जो महापुरुषों पर शोध कार्यक्रम कर समय-समय पर उनके बारे में जानकारी को अपडेट करेगी और जरूरी बदलाव करेगी। नए प्रेरणा स्थल से अब संसद आने वाले आगंतुक संविधान सदन, संसद भवन और म्यूजियम को देख सकेंगे। इससे उनका अनुभव और अधिक बेहतर होगा।

उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति आज शाम लोक सभा अध्यक्ष, उपसभापति एवं संसदीय कार्य मंत्री की उपस्थिति में नवनिर्मित प्रेरणा स्थल (बीजीझ 7, संविधान सदन के सामने) का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में राज्य सभा एवं लोक सभा के सभी सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। बिरला के अनुसार संसद भवन परिसर के अंदर हमारे देश के महापुरुषों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। उनका हमारे देश के इतिहास, हमारी संस्कृति, हमारे स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ये प्रतिमाएं परिसर में अलग-अलग स्थानों पर स्थित थीं।

## कांग्रेस अपनी हार से बौखला गई है : महेंद्र



**देहरादून। एजेंसी**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मोदी सरकार को लेकर दिए बयान पर पलटवार किया है। भट्ट ने कहा कि खड़गे का बयान कांग्रेस की हताशा और निराशा दशार्ने वाला बयान है जिसके कारण यह पता चलता है कि कांग्रेस अपनी हार से बौखला गई है। उसके नेता अनाप शनाप बोल रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने रविवार को कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा अपने बयान में कहा गया है कि केंद्र में मोदी सरकार गलती से बन गई है क्योंकि नरेन्द्र मोदी के पास बहुमत नहीं है।

भट्ट ने कहा कि खड़गे जी पहले अपनी पार्टी को बचा कर रखें। अब तक कांग्रेस पार्टी नेता प्रतिपक्ष का चुनाव तो करवा नहीं पाई और उल्टा ही नसीहत देने में लगी हुई है। इंडी गठबंधन का हश्र आज देश की जनता भली भांति जान रही है। महेंद्र भट्ट ने कहा कि आज केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनी है।

### चूड़धार जा रहे श्रद्धालु की हार्टअटैक से मौत

शिमला। सिरमौर जिले की सबसे ऊंची चोटी चूड़धार तीर्थ के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालु की बीच रास्ते में हार्टअटैक से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौपाल में कपड़े की दुकान करने वाला राजेश कुमार (44) शनिवार को चूड़धार स्थित भगवान शिव मंदिर में दर्शन करने जा रहा था। उनके साथ पत्नी और भाई भी थे। कालाबाग नामक स्थान पर राजेश के सीने में अचानक दर्द हुआ और वह गिर पड़े। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। देर शाम चौपाल पुलिस का दल घटनास्थल पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक राजेश कुमार पंजाब के पठानकोट का मूल निवासी था और पिछले काफी समय से परिवार संग चौपाल में रह रहा था। चौपाल में उसकी कपड़े की दुकान है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने रविवार को बताया कि प्रथम दृष्टया हृदय गति रुकने से व्यक्ति की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट आने पर मौत की असल वजह साफ होगी।

## गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं, भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

**हरदोई। एजेंसी**

- गंगा दशहरा पर दान और स्नान का अधिक महत्व बताया गया है, सनातन धर्म के अनुसार गंगा स्नान हजारों पाप कर्मों से मुक्ति प्रदान करता है



गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं, भक्तों ने मेहंदीघाट पर आस्था की डुबकी लगाकर स्नान कर पूजन अर्चन किया। पुल पर श्रद्धालुओं की भीड़ होने के चलते कन्नौज-बिलग्राम मार्ग पर वाहनों के निकलने पर पुलिस ने बेरियर लगाकर प्रतिबंध लगाए रखा। जिससे बुजर्ग श्रद्धांलुओं को कई किलो मीटर दूरी पैदल ही तय करने से परेशानी उठानी पड़ी। रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं, भक्तों की भीड़ बनी रही, मेहंदीघाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाकर विधि विधान से पूजन अर्चन कर दान पुण्य किया। गंगा दशहरा पर प्रकाश डालते हुए उमाकांत दीक्षित ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन हस्त नक्षत्र में गंगा स्वर्ग से धरती पर आई थी। गंगा दशहरा पर दान और स्नान का अधिक महत्व बताया गया है। सनातन धर्म के अनुसार गंगा स्नान हजारों पाप कर्मों से मुक्ति प्रदान करता है। इस दिन विष्णुपदी, पुण्यसलिला मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ। यह दिन 'गंगा दशहरा' या जेठ का दशहरा के नाम से भी प्रचलित है। गंगा दशहरा पर गंगाजल के स्पर्श से स्वर्ग की प्राप्ति होती है। हर सनातनी को गंगा दशहरा पर अवश्य मां गंगा के पावन तट पर स्नान करना चाहिए।

सुरक्षा को लेकर कन्नौज पुलिस घाट पर तैनात रही ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। जाम को लेकर कन्नौज पुलिस ने बिलग्राम-कन्नौज मार्ग और मल्लावां मार्ग पर बेरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया ताकि श्रद्धालुओं को दिक्कते न हो। ऐसे में बुजर्ग श्रद्धालुओं को घाट तक पहुंचने में धूप और गर्मी में परेशानी उठानी पड़ी।

### गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**नई दिल्ली।** गंगा दशहरा के अवसर पर आज प्रयागराज, वाराणसी, हरिद्वार, गढ़मुक्तेश्वर सहित विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। बड़ी संख्या में लोग रविवार तड़के ही स्नान के लिए घाटों पर पहुंचे। गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी। लोग सवेरे से ही स्नान के लिए घाटों पर पहुंचे जिसका सिलसिला देर सुबह तक जारी रहा। गंगा दशहरा के मौके पर वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या और हरिद्वार के गंगा घाटों पर भारी भीड़ जुटी। गंगा दशहरा को देखते हुए उत्तर प्रदेश में विशेष प्रबंध किए गए। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने गंगा दशहरा पर स्नान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए।

## योग को अपनाने से सामाजिक टकराव और संघर्ष समाप्त हो सकता है : गौतम



**रायपुर। एजेंसी**

गृह सचिव एवं अग्निशमन व आपदा प्रबन्धन के महानिदेशक अरूण देव गौतम ने कहा कि योग हमें समाज के लिए उपयोगी बनाता है। योग को अपनाने से सामाजिक टकराव और जीवन से संघर्ष समाप्त हो सकता है। गृह सचिव आज रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आयोजित योग महोत्सव के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि महर्षि पतंजलि ने कहा था कि चित्त का निरोध ही योग है। चित्त शरीर का अंग नहीं है। चित्त को समझने के लिए देह और उसके सभी पक्षों को समझना होगा। देह के उपर है मन और बुद्धि, उसके उपर है चित्त। मन में विचार पैदा होते हैं। चित्त में पुराने संस्कार भरे रहते हैं। इन सबको एकनिष्ठ व समन्वित करना ही योग है।

इन्दौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि आत्मा का सम्बन्ध परमपिता परमात्मा से जोड़ा ही राजयोग है। राजयोग से हमारे कर्मों में श्रेष्ठता और कुशलता आती है। राजयोग हमें अनेक बिमारियों से भी मुक्ति दिलाता है। इससे परमात्मा के गुण और शक्तियाँहम आत्माओं में समाहित होने लगती हैं। योग से हमारा जीवन अनुशासित होता है। नकारात्मकता को समाप्त करने की ताकत इस राजयोग में निहित है। हमारा व्यवहार सौम्य और मधुर हो जाता है।

संयुक्त जिलाधीश एवं उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी (स्वास्थ्य संचालनालय) विनय अग्रवाल ने कहा कि राजयोग तन और मन दोनों को स्वस्थ बनाता है।

# सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ विस में निकाला धन्यवाद यात्रा

संवाददाता

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने चुनाव जितने के तुरंत बाद अपने लोकसभा क्षेत्र में जनता का आभार जताने के लिए धन्यवाद यात्रा की शुरूआत की। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रचंड मतों से चुनाव जीताकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने के लिए मतदाताओं का आभार जाता रहे हैं। इसी कड़ी में बड़कागांव और मांडू विधानसभा क्षेत्र के बाद रविवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपनी धन्यवाद यात्रा के साथ मनीष जायसवाल क्षेत्र में जनता के बीच दिखे ।



रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में धन्यवाद यात्रा निकालने से पहले सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिका का विशेष पूजा- अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मनीष जायसवाल के पूजा-अर्चना के पश्चात रजरप्पा मंदिर धार्मिक न्यास समिति के पदाधिकारी और सदस्य छोटू पंडा, राकेश पंडा, पोपेश कुमार पंडा सहित अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा मां छिन्नमस्तिका मन्दिर का तस्वीर भेंटकर और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत और सम्मान किया गया। यहां सांसद मनीष जायसवाल के साथ विशेषरूप से भाजपा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार कुण्टू, युवा भाजपा नेता राजीव जायसवाल, भाजपा महिला नेत्री सेफाली गुप्ता, प्रो. संजय सिंह, विजय जायसवाल, वसुध तिवारी, दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, राजू चतुवेर्दी, रंजन सिंह फौजी, गणेश प्रसाद, नरेश कुमार, बबलू साव, राजीव जायसवाल, प्रवीण कुमार, अंकित सिंह, राहुल पासवान, शेफाली गुप्ता, वासुदेव प्रजापति, राहुल पासवान, सोनू कुमार, मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें। गोला, बरलंगा, चितरपुर, दुलमी और रामगढ़ के कई क्षेत्रों का किया तुफानी दौरा, लोगों ने किया अभूतपूर्व स्वागत, मतदाताओं का जताया आभार

रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिका का पूजा करने के उपरांत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला, बरलंगा, चितरपुर, दुलमी और रामगढ़ शहरी इलाके के कई क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत गोला संस्कार विद्यालय प्रांगण से की। जिसके बाद बरलंगा भाजपा मंडल के पुरबडीह, बड़वाटांड़, चितरपुर मंडल के चितरपुर बाजार टांड़, सुकरीगढ़ा, दुलमी भाजपा मंडल के कोरचे, अग्रवाल धर्मशाला परिसर और रामगढ़ शहरी क्षेत्र के डेली मार्केट में किसान मजदूर संघ के द्वारा आयोजित स्वागत समारोह, रामगढ़ फुटपाथ दुकानदार संघ द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में भाग लिए।

रविवार को उन्होंने अपने धन्यवाद यात्रा का समापन रामगढ़ के श्याम परिसर में आयोजित विशाल भीड़ का आभार जताते हुए किया। इस दौरान उनके साथ रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एनडीए के कई गणमान्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहें ।

रामगढ़ में अपने धन्यवाद यात्रा के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की सेवा और विकास हमारी प्राथमिकता रही है और आगे भी जन भागीदारी से सेवा और विकास के कार्य में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से लगा रहूंगा। उन्होंने कहा कि आपसे सीधे कनेक्ट रहूंगा। मेरा मोबाइल नंबर 9431140323 सार्वजनिक है आप अपने जायज काम के लिए सीधे संपर्क साध सकते हैं। इसके अलावे हजारीबाग शहर में सांसद सेवा कार्यालय आपकी सेवा में सदैव तत्पर है और रहेगा। भविष्य में रामगढ़ जिला क्षेत्र के लोगों को सहूलियत हो इस दिशा में सकारात्मक प्रयास जरूर करूंगा। उन्होंने बीते लोकसभा चुनाव में विश्वास जताते हुए प्रचंड मत लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से प्रतिनिधित्व का मौका देने हेतु मतदाताओं का विशेष आभार जताया ।

## रामगढ़ में ट्रक और बाइक की भिड़ंत

# मां-बेटी की मौत, दामाद गंभीर

संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-23 पर व्यवहार न्यायालय के समीप एक ट्रक ने एक बाइक पर सवार तीन लोगों को कुचल दिया। इस सड़क हादसे में बाइक पर सवार मां और बेटी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

जबकि बाइक चला रहा दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है।



रजरप्पा से हजारीबाग जा रहे थे तीनों लोग जानकारी के अनुसार रजरप्पा कडराडी से चुरचू , बेलगड्डा बाइक पर सवार होकर पति-पत्नी और सास जा रहे थे। इसी दौरान छत्तरमाण्डू स्थित व्यवहार न्यायालय के समीप एनएच-23 धर्मकांटा के पास ट्रक ने बाईक सवार तीनो को बुरी तरह से धक्का मार दिया। जिसमे सास मूर्ति टुडू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बेटी सूरजमुनि सोरेन और दामाद सोनाराम मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गए ।

इलाज के के दौरान सूरज मुनि सोरेन ने भी दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल सोनाराम मुर्मू को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी। मौके पर पेट्रोलिंग पुलिस को भेजा गया था और खुद मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को कब्जे में लेकर हटाया गया। घटनास्थल पर ही एक महिला की मौत हो गई थी।

जबकि एक महिला की मौत इलाज के दौरान अस्पताल में हो गई । दोनों मृत महिलाओं के शव को पोस्टमार्टम हाउस पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक और बाइक दोनों को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## होमगार्ड महिला की जवानों ने लोहे के एंगल को किया बरामद



संवाददाता

**गिद्दी।** सिरका परियोजना की बंद पड़े सीएचपी रेलवे कोयला लोडिंग प्वाइंट के पास से सुबह तकरीबन 10 बजे ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड की महिला जवानो ने अज्ञात दो लोहा चोरों को खदेड़कर 15 फीट से भी अधिक लंबा एंगल बरामद किया। सूचना के बाद लोहे के एंगल को सिरका कार्यालय में जमा कर दिया गया है।इस संबंध में सुरक्षा विभाग ने बताया कि लोडिंग प्वाइंट सीएचपी सिरका से दो अज्ञात बदमाश दिनदहाड़े लोहे के 15 फीट से अधिक लनबे एंगल को लेकर भाग रहे थे, उक्त स्थल पर तैनात होमगार्ड महिला जवानों की नजर उनपर पड़ी। देखते ही महिला जवान दौड़ पड़ी, जवानों को दौड़ता देख अज्ञात दोनों अपराधी लोहा फेंक कर भूली क्वार्टर की ओर फरार हो गए। मौके पर हवलदार सुरक्षा हवलदार गंगा राम, होमगार्ड बसंती, चंचल, देवंती आदि उपस्थित थे।

## एनटीपीसी मजदूर यूनियन की हुई बैठक

संवाददाता

**पतरातू।** पीटीपीएस पोस्ट ऑफिस मैदान में एनटीपीसी मजदूर यूनियन(एटक )की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाकपा अचंल सचिव सह एटक राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड मनोज कुमार महतो के द्वारा किया गया। इस बैठक में एनटीपीसी मजदूरो के समस्याओं के बारे में चर्चा की गईं। वही उक्त बैठक में सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि आगामी 9 जुलाई को एनटीपीसी मजदूर यूनियन नियोजन और मजदूरो की समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना करेगी। कामरेड मनोज कुमार महतो ने कहा कि एनटीपीसी (पीवीयूएनएल) प्रबंधन द्वारा यहां के स्थानीय युवाओं को नियोजन में बहाल ना कर के बाहरी लोगों को एजेंट के माध्यम से लगातार बाहाल कर रही है। इसके अलावे





प्रबंधन झारखंड सरकार की 75 परसेंट स्थानीय को नौकरी देने का नियमावली का खुला उल्लंघन कर रही है।जिसे लेकर स्थानीय मजदूर व स्थानीय लोगों में काफी रोष है। इस रोष को देखते हुए 9 जुलाई से एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी। मौके पर रमेश महतो मनोज पहान, किशोर महतो, नरेश बेदिया, सनी लाल बेदिया, प्रदीप सिंह, सुजीत बेदिया, भूगोल सिंह राठौड़, सूरज कुमार महतो, सुरेंद्र महतो, जयनंदन सिंह, नरेश कुमार सिंह, सुरेंद्र ठाकुर, ओम प्रकाश साहू, दिलीप महतो, सरवन करमाली, विकास मुंडा, शिवलाल महतो, गौतम उरांव, जितेंद्र सिंह और सुजीत बेदिया इत्यादि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ का किया गया विस्तार

**गोला(रामगढ़)।** रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा के आवासीय कार्यालय में महासभा की एक बैठक हुई। इस बैठक में महासभा का आंशिक विस्तार किया गया। इसमें गोला निवासी सुजीत कुमार सिन्हा, पिता- अलख कुमार सिन्हा को महासभा का रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष एवं लोहार टोला निवासी सूर्यवंश श्रीवास्तव, पिता- स्व. अनंत प्रसाद श्रीवास्तव को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष द्वारा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष को 15 दिनों के अन्दर अपने कमिटी का विस्तार कर सूचित करने को कहा। जिला अध्यक्ष ने अपने हाथों से सुजीत कुमार सिन्हा एवं सूर्यवंश श्रीवास्तव को मनोनयन पत्र सौंपा तथा महासभा के विस्तार एवं प्रगति के लिए प्रयत्नशील रहने को कहा।

## नदियों को बचाने को लेकर गंगा का पूजन



संवाददाता

**पतरातू।** रविवार को माँ पंच वाहिनी मंदिर के समीप पतरातु डेम नदी पर दक्षिण झारखंड संभाग रामगढ़, अंचल पतरातु एवं भुरकुण्डा संच द्वारा गंगा दशहरा नदी पूजन किया गया। वहीं पतरातु संच समिति के सहयोग से पतरातु भुरकुण्डा के आचार्य एवं पतरातु संच समिति अध्यक्ष जयनंदन शर्मा, सचिव किशोर कुमार महतो और महिला संच समिति सचिव अनिता जैन के सहयोग से नदी पूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। यह पूजन का मुख्य उद्देश्य नदीयों को बचाना है। इस कार्यक्रम विश्वजीत महतो संभाग आरोग्य प्रशिक्षक गंगाधर, अंचल व्यास नागेश्वर, संच प्रमुख पतरातु शांति देवी, संच प्रमुख भुरकुंडा राजेन्द्र, संच व्यास अमृता कुमारी संच व्यास एवं आचार्या यशोदा देवी, सपना देवी, स्वेता कुमारी, पियाशो कुमारी, आरती देवी, मालती देवी, प्रियंका कुमारी, अनिशा कुमारी, मानमती देवी, ममता देवी, खुशबू देवी और सरिता कुमारी अनेकों गांव के लोग शामिल थे।

## ज्ञान महिला समिति: दिवंगत पत्रकार को श्रद्धाजंलि के साथ दिया सहयोग

**रामगढ़।** झारखंड सेवा समिति के सौजन्य से वार्ड नंबर 5 टाइगर पथ बिजलियां स्थित किराए के मकान में रहने वाले पत्रकार स्वर्गीय केतु सिंह के परिजनों को दिया गया खाद्य सामग्री। साथ ही 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिंकी देवी संचालन चंपा सिंह ने किया। ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने बताया कि 5 जून को रामगढ़ के पत्रकार केतु सिंह का निधन हो गया था। गरीबी में पल रहे पत्रकार स्वर्गीय केतु सिंह बहुत ही व्यवहारिक, मेहनती, हंसमुख और सभी के साथ उनका अच्छा संबंध रहा। उनके निधन पर रामगढ़ जिले में शोक की लहर रही। उनके ब्राह्मण भोज के मौके पर झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा, समाजसेवी नंदकिशोर प्रसाद गुप्ता, विनोद साहू, समाजसेवी छोटन सिंह, समाजसेवी विनोद साहू, समाजसेवी अरविंद अग्रवाल, जीतू अग्रवाल ने सहयोग दिया। उनके सौजन्य से दो पैकेट 52 केजी चावल, दो पैकेट 60 केजी आटा, एक टीन तेल, 500 ग्लास प्लेट, 26 के जी चूड़ा बतौर सहयोग स्वरूप दिया गया।

## नारनौलिय अग्रवाल युवा संगठन महासभा द्वारा नि:शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन

संवाददाता

**रामगढ़।** अखिल भारतीय नारनौलिय अग्रवाल युवा संगठन महासभा द्वारा रविवार को निःशुल्क रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में काफी लोगो ने ब्लड डोनेट किया। शिविर का उद्घाटन विधायक श्रीमति सुनिता चौधरी ने की। बतौर मुख्य अतिथि विधायक ने संबोधित किए। कहा कि युवा संगठन महासभा के सभी पदाधिकारी को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। आज आप लोगों के द्वारा निःशुल्क ब्लड जांच और निःशुल्क ब्लड डोनेशन शिविर कैंप में अयोजन किया। जो समाज के लिए सराहनीय कार्य है। एकत्रित किए गए ब्लड से सैकड़ों



लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस कार्य के लिए रक्तदान करने वाले सभी बधाई के पात्र है।शिविर के उपरांत एक कार्यकारिणी बैठक का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला रामगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ब्लड बैंक रामगढ़ सदर प्रभारी डॉक्टर रेणु अग्रवाल , प्रो सुनील अग्रवाल , समाज सेवी कमल बगड़िया , समाज सेवी विजय मेवाड़ , डॉ ऋतु अग्रवाल और अजय चित्रा , आजसू के नीरज कुमार मंडल, अरुण अग्रवाल, अनुपमा सिंह , गौरीशंकर अग्रवाल , रंजन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग

संवाददाता

**रामगढ़।** तत्काल अपराधियों को गिरफ्तार करो की मांग को लेकर -16 जून को भाकपा-माले कार्यकताओं की बैठक ग्राम बुमरी में संपन्न हुई। बैठक में भाकपा-माले जिला सचिव -भुनेश्वर बेदिया,लालचंद बेदिया, कालीचरण बेदिया, हरि बेदिया, गोपाल बेदिया, बाबूलाल बेदिया, हरिचरण बेदिया अन्य लोग शामिल थे। वक्ताओं ने कहा अपराध पर नियंत्रण नहीं है। पिछले 13 जून को छोटका चुंबा हुनडारही नाला बुमरी पर पुल निर्माण कार्य में अपराधियों ने गोली बारूद से जान से मारने एवं बारूद से पुल को उड़ा देने की धमकी देकर काम को



बंद करा दिया गया। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को आवेदन देकर जानकारी दी गई है। लेकिन आज 16 जून तक घटना स्थल बुमरी के पुल निर्माण पर कोई भी पुलिस जांच पड़ताल के लिए नही पहुंची है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि पुलिस लूट खसोट, भ्रष्टाचार में मशगूल रहती है। अपराधियों को छूट दी जाती है। बैठक में मांग की गई है पुलिस प्रशासन यथाशीघ्र पुल निर्माण कार्य बाधित कर ने में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करो।

# बीईसी एवं जेईआरडीए के सहयोग से स्टार लेबलिंग एंड स्टैंडर्ड प्रोग्राम का हुआ आयोजन

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के गीतांजलि होटल में शनिवार को देर शाम बीईसी एवं जेईआरडीए के सहयोग से स्टार लेबलिंग एंड स्टैंडर्ड प्रोग्राम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में रांची से इंजीनियर ऑडिटर के रूप में चंदन तिवारी मुख्य रूप से मौजूद हुई उनके द्वारा ग्राहकों एवं विक्रेता गण को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बताया गया कि बीईई द्वारा उपकरण के स्तर लेवलिंग की महत्व को विस्तार रूप से बताया गया और उपकरणों के स्तर लिविंग के फायदे भी ग्राहकों एवं विक्रेताओं को विस्तार रूप से बताया गया तकनीकी क्षमता के



विषय में ग्राहकों को विस्तार रूप से बताया गया कि यदि हम 3 स्टार का सामान प्रयोग करते हैं तो बिजली का बिल अधिक आता है वही हम 5 स्टार का सामान उसे करते हैं तो बिल काम आता है। वही प्रशिक्षण के दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को एनर्जी ऑडिटर चंदन तिवारी के द्वारा मोमेंटो एवं फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। मौके पर चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम आयोजित करना काफी सराहनीय है इसका प्रचार प्रसार अधिक से अधिक होना चाहिए ताकि हर ग्राहकों तक या बात पहुंच सके ऐसे कार्यक्रम आयोजित के लिए हम पूरी आयोजक मंडली का आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने ग्राहकों के प्रति इतना सजकता से कार्यक्रम आयोजित किया वहीं ग्राहकों के साथ विक्रेताओं को भी आमंत्रित किया। मौके पर चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल,उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल,सह सचिव तारिक अहमद रजा, खेतान ऑटोमोबाइल के संचालक बजरंग लाल अग्रवाल सहित कई प्रतिष्ठा के संचालक एवं ग्राहक मौजूद थे।

## सांसद मनीष जयसवाल का गोला में किया गया स्वागत

संवाददाता

**गोला।** हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जयसवाल को जीत के बाद गोला के इंटरनेशनल संस्कार प्ले स्कूल में रविवार को गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव के नेतृत्व में फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया इस दौरान इस स्कूल के डायरेक्टर रितेश केशरी ने बुके ओर शोल देकर स्वागत किया गया।सांसद ने कहा की आज हम आपके बीच आभार व्यक्त करने आएं हैं आपलोगों जिस तरह चुनाव में भारी मतों से मुझे विजय बनाएं है इसका कर्ज हम जरुर चुकाएंगे हम हमेशा आपके बीच रहकर कोई भी छोटा बड़ा काम हो हम उसे पुरा करने की कोशिश करेंगे।सुख या दुख हो हम आपके पास हमेशा खड़ा रहेंगे। उन्होंने इस स्कूल के डायरेक्टर रितेश केशरी को कहा की आप बहुत



अच्छा काम कर रहे हैं शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किए है इसको लेकर जो भी मदद करना होगा। उसे हम पुरा करेंगे। मौके पर अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता पुर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार कुंटू बाबू,जिला महामंत्री रंजन सिंह, ज़िला उपाध्यक्ष राजु चतुर्वेदी राजीव जायसवाल महामंत्री जितेंद्र साहु उप प्रमुख विजय ओझा जिला उपाध्यक्ष स्नेहलता चौधरी आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अंगद महतो सचिव नित्यानंद महतो पंचम चौधरी अर्जुन प्रसाद रवी हाजरा संतोष कुशवाहा ललन कुशवाहा प्रितम झा हरिश बर्मन देवंती देवी सुलेखा देवी माधुरी देवी सुरज बर्मा, चंद्र शेखर, उपाध्याय एहसानुल हक दिंगबर महतो, भागीरथ कश्यप दिलचंद महतो के अलावा आम जनता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## बकरीद का त्योहार भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील

**रामगढ़।** एसपी डॉ बिमल कुमार ने रविवार को विज्ञप्ति जारी कर 17 जून को जिला वासियों से बकरीद का त्योहार शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि त्योहार के दौरान ऐसे किसी गाने या संगीत का प्रयोग नही करें जिससे किसी समुदाय, व्यक्ति या धर्म को ठेस पहुंचे। एसपी डॉ कुमार ने लोगों ने कहा है कि कोई भी आपत्तिजनक वीडियो, फोटो या टिप्पणी सोशल मीडिया में शेयर करने से बचने की जरूरत है। एसपी डॉ बिमल कुमार ने कहा कि अपने एवं कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाएं ताकि उनका भविष्य सुरक्षित और उज्जवल रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9262578999